Course Content (कोर्स की अंतर्वस्तु)

Lesson (पाठ) **(Page No.)**

1) Before we start (शुरुआत करने से पहले) 8-17
- ❖ Letters of Hindi & English Alphabet (हिन्दी व अंग्रेज़ी वर्णमाला के अक्षर/वर्ण)
- ❖ Greeting (अभिवादन)
- ❖ Manners (शिष्टाचार)
- ❖ What is the time? (समय कितना हुआ) – अंग्रेज़ी में समय बताना
- ❖ Numerals & Their Pronunciations (संख्याएँ व उनके उच्चारण)
- ❖ Punctuation Marks (विराम चिन्ह)
- ❖ Seven Days of a Week (हफ्ते के सात दिन)
- ❖ Twelve Months of a year (साल के बारह महीने)

2) Few Basics of English (अंग्रेज़ी की कुछ मूल बातें) 18-28
- ❖ Sentences & Their Types (वाक्य व उसके प्रकार)
- ❖ Parts of a sentence (किसी वाक्य के भाग)
- ❖ Subjects Types (Subjects(कर्ता) के प्रकार)
- ❖ 1st Person, 2nd Person, 3rd Person "Singular-Plural" Concept
- ❖ Use of "This, That, These, Those" ("This, That, These, Those" का प्रयोग)
- ❖ Difference between Living & Non Living (सजीव व निर्जीव के बीच फर्क)
- ❖ Use of Apostrophe s ('s का प्रयोग)
- ❖ Let's cram a few things (आइए कुछ चीज़ें रट लें)

3) Pronunciation (प्रननसिएशन) – उच्चारण 29-35
- ❖ Pronunciation of vowels (स्वरों का उच्चारण)
  - ✓ Sound of 'A' ('A' की ध्वनि)
  - ✓ Sound of 'E' ('E' की ध्वनि)
  - ✓ Sound of 'I' ('I' की ध्वनि)
  - ✓ Sound of 'O' ('O' की ध्वनि)
  - ✓ Sound of 'U' ('U' की ध्वनि)
- ❖ Miscellaneous Pronunciation (विविध उच्चारण)
  - ✓ Pronunciation of "स" and "श" ("स" और "श" का उच्चारण)
  - ✓ Sound of "श" - Few exceptions (श की ध्वनि – कुछ अपवाद)
  - ✓ Sound of "ज", "ज़" and "श" ("ज", "ज़" और "श" की ध्वनि)
  - ✓ Words starting with 'S', not followed by 'h' ('S' से शुरु होने वाले शब्द जिनमें 'S' के तुरन्त बाद 'h' न आये)
  - ✓ Sound of TH – 'da' & 'tha' (TH का उच्चारण – 'द' और 'थ')
  - ✓ 'S' follows 'tion' – Sound 'shcha' ('S' के बाद 'tion' हो – 'श्च' की ध्वनि)
  - ✓ Pronunciation of 'C' – 'sa' & 'ka') ('C' का उच्चारण – 'स' और 'क')
  - ✓ Pronunciation of 'G' – 'ga' & 'ja') ('G' का उच्चारण – 'ग' और 'ज')

4) Vocabulary & Pronunciation Exercises – शब्दावली एवं उच्चारण का अभ्यास 36-49

5) WH Family (WH परिवार) 50-52

6) Parts of Speech- शब्द भेद 53

7) Noun (संज्ञा) 54-58
- ❖ Proper Noun (व्यक्तिवाचक संज्ञा)

DLNR.COM

- ❖ Common Noun (जातिवाचक संज्ञा)
- ❖ Collective Noun (समूहवाचक संज्ञा)
- ❖ Material Noun (पदार्थवाचक संज्ञा)
- ❖ Abstract Noun (भाववाचक संज्ञा)
- ❖ Gerund(जैरन्ड) – (क्रियावाचक संज्ञा)
- ❖ Countable & Uncountable Noun (गणनीय व अगणनीय संज्ञा)
- ❖ The Noun: Gender (लिंग)
- ❖ The Noun: Number (वचन)
- ❖ The Noun: Always ending with 's' (जिनके अन्त में 's' हो)

8) Pronoun (सर्वनाम) 59-60
- ❖ Subjective, Objective, Possessive & Reflexive Pronoun
- ❖ Difference between possessive cases e.g. My – Mine, Our – Ours

9) Adjective (विशेषण) 61-63
- ❖ Three degrees of adjectives - Use of 'er' / 'est'
- ❖ Three degrees of adjectives - Use of more/most
- ❖ Three degrees of adjectives - Irregular pattern

10) Verbs (क्रियाएँ) 64-67
- ❖ Types of Verbs - Main Verb & Helping Verb/Auxiliary Verb (क्रिया के प्रकार – मुख्य क्रिया एवं सहायक क्रिया)
- ❖ Three forms of the verbs (क्रियाओं के तीन रुप)

11) Adverbs (क्रिया विशेषण) 68-71
- ❖ Three degrees of adverbs (क्रिया विशेषणों की तीन श्रेणियाँ)
- ❖ Few Examples of Adverbs (क्रिया विशेषणों के कुछ उदाहरण)

12) Interjection (विस्मयादिबोधक) 72

13) Articles (A{ए}, An{ऐन}, The{द या दी}) 73-77
- ❖ When to use 'A' and when to use 'An' (कहाँ पर 'A' और कहाँ पर 'An')
- ❖ How to pronounce – 'the' or 'thee' ("The" को कहाँ पर "द" और कहाँ पर "दी" बोलें)
- ❖ When to use 'The' ('The' का प्रयोग कहाँ पर)
- ❖ When not to use 'The' ('The' का प्रयोग कहाँ पर नहीं)

14) Prepositions (सम्बन्ध सूचक अव्यय अथवा पूर्वसर्ग) 78-92

15) Determiners (डिटरमिनर्स) – (निर्धारक) 93-95
- ❖ Articles (A, An, The)
- ❖ Demonstratives (This, That, These, Those)
- ❖ Possessives (His, Her, Your, Our, My, Their, Its)
- ❖ Quantifiers (Each, Every, Few, Some, Little, Any, All, More, Less etc.)

16) Simple Sentences (सरल वाक्य) 96-109
- ❖ Simple Present
  - ✓ Category I: 'Is/Am/Are'
  - ✓ Category II: 'Has/Have'
- ❖ Simple Past
  - ✓ Category I: 'Was/Were'
  - ✓ Category II: 'Had'
- ❖ Simple Future
  - ✓ Category I: 'Will be'

DIMR.COM

- ✓ Category II: 'Will have'
- ❖ Simple Sentences-Practice Exercise
- ❖ Simple Sentences-Test Papers

17) There (देअर) 110-117
- ❖ Concept
  - ✓ Concept No 1
  - ✓ Concept No 2
- ❖ Practice Exercise
- ❖ Test Papers

18) Position Sense (स्थिति का ज्ञान) 118-123
- ❖ Concept
- ❖ Practice Exercise
- ❖ Test Papers

19) Tense – (काल) 124-156
- ❖ Concept
  - ✓ Present Indefinite Tense
  - ✓ Present Continuous Tense
  - ✓ Present Perfect Tense
  - ✓ Present Perfect Continuous Tense
  - ✓ Past Indefinite Tense
  - ✓ Past Continuous Tense
  - ✓ Past Perfect Tense
  - ✓ Past Perfect Continuous Tense
  - ✓ Future Indefinite Tense
  - ✓ Future Continuous Tense
  - ✓ Future Perfect Tense
  - ✓ Future Perfect Continuous Tense
- ❖ Practice Exercise
- ❖ Test Papers

20) It (इट) – (यह, ये) 157-166
- ❖ Concept
  - ✓ Concept No 1
  - ✓ Concept No 2
  - ✓ Concept No 3
  - ✓ Concept No 4
- ❖ Practice Exercise
- ❖ Test Papers

21) Modals (मोडाल्स) – रुपात्मक क्रियाएँ 167-178
- ❖ Concept
- ❖ Practice Exercise
- ❖ Test Papers

22) Conjunctions (कनजंक्शन्स) – समुच्चय बोधक अव्यय 179-202
- ❖ Concept
- ❖ Practice Exercise

DIMR.COM

- ❖ Test Papers

23) Imperative Sentences – (आज्ञासूचक वाक्य) 203-210
- ❖ Concept
- ❖ Practice Exercise
- ❖ Test Papers

24) Let – (करने देना) 211-218
- ❖ Concept
- ❖ Practice Exercise
- ❖ Test Papers

25) Causative Verbs (Get & Make) 219-226
- ❖ Concept
- ❖ Practice Exercise
- ❖ Test Papers

26) Active & Passive Voice 227-239
- ❖ Concept
  - ✓ Passive of 'Tenses'
  - ✓ Passive of 'Modals'
  - ✓ Passive of 'Let'
- ❖ Practice Exercise
- ❖ Test Papers

27) Special Cases 240-249
- ❖ Concept
- ❖ Practice Exercise
- ❖ Test Papers

28) Fillers 250

29) Question Tags 251-252

30) Phrasal Verbs 253-260

31) Prepositional Phrases 261-262

32) Confusing Similar Words (भ्रमित करने वाले एक जैसे शब्द) 263-268
- ❖ Exercise – I
- ❖ Exercise – II

33) One Word Substitution (पूरा वाक्य सिर्फ एक शब्द में) 269-270

34) Special & Complex Sentences 271-282

35) Extensive Translation Exercise 283-294

36) Objective Exercises 295-307
- ❖ Verbs
- ❖ Articles
- ❖ Prepositions

37) Sentence Correction Exercises 308-319
- ❖ Exercise – I
- ❖ Exercise – II

38) Mixed Practice Exercises 320-321

39) Mixed Test Papers 322-331

40) Translation Exercises 332-337

DKVR.COM

- ❖ English to Hindi Translation Exercises
- ❖ Hindi to English Translation Exercises

41) Written Conversations 338-364

- ❖ Conversation-1 (वार्तालाप – 1) – Rakesh at Dr. Bansal's Clinic
- ❖ Conversation-2 (वार्तालाप – 2) – Shopping (Seema is buying a Teddy Bear)
- ❖ Conversation-3 (वार्तालाप – 3) – Teacher & Student
- ❖ Conversation-4 (वार्तालाप – 4) – Two friends: Sagar & Kamal
- ❖ Conversation-5 (वार्तालाप – 5) – Two friends: Ram & Shyam
- ❖ Conversation-6 (वार्तालाप – 6) – Rohit & Shalini
- ❖ Conversation-7 (वार्तालाप – 7) – Teacher & Student (Priya)
- ❖ Conversation-8 (वार्तालाप – 8) – Gyming
- ❖ Conversation-9 (वार्तालाप – 9) – Living away from Home
- ❖ Conversation-10 (वार्तालाप – 10) – Mr. Goyal & his servent
- ❖ Conversation-11 (वार्तालाप – 11) – A Family
- ❖ Conversation-12 (वार्तालाप – 12) – Brother & Sister
- ❖ Conversation-13 (वार्तालाप – 13) – Two friends
- ❖ Conversation-14 (वार्तालाप – 14) – Professor & his student
- ❖ Conversation-15 (वार्तालाप – 15) – Two passengers
- ❖ Conversation-16 (वार्तालाप – 16) – Two friends over the phone
- ❖ Conversation-17 (वार्तालाप – 17) – Banker & Customer
- ❖ Conversation-18 (वार्तालाप – 18) – Bus conductor & Aman
- ❖ Conversation-19 (वार्तालाप – 19) – Manager & his employee Pooja
- ❖ Conversation-20 (वार्तालाप – 20) – Shopping (Ruby is purchasing a suit)
- ❖ Conversation-21 (वार्तालाप – 21) – A family conversation
- ❖ Conversation-22 (वार्तालाप – 22) – Aditya (Teacher) & Pavitra (Student)
- ❖ Conversation-23 (वार्तालाप – 23) – Sagar at Doctor's clinic
- ❖ Conversation-24 (वार्तालाप – 24) – Two friends (Ravi & Saleem)
- ❖ Conversation-25 (वार्तालाप – 25) – Aditya (Teacher) & Vivek (Student)
- ❖ Conversation-26 (वार्तालाप – 26) – Abhishek & Ayushi (Chat on a social site)
- ❖ Conversation-27 (वार्तालाप – 27) – Friends (Boby, Himanshu, Nikhil, Sagar)
- ❖ Conversation-28 (वार्तालाप – 28) – Husband & Wife
- ❖ Conversation-29 (वार्तालाप – 29) – Bikrant & his uncle (Pushkar Singh Rana)
- ❖ Conversation-30 (वार्तालाप – 30) – Families meeting in a party.

42) Few Passages 365-367

43) Idioms & Proverbs 368-371

44) Englishwale Certification - Written/Telephonic/Recording Assessment 372

45) Written Interviews 373-381

46) English – Hindi Dictionary (अंग्रेज़ी-हिन्दी शब्दकोश) 382-400

DIKSHA.COM

Lesson – 1

Before we start (शुरुआत करने से पहले)

आइए, इस कोर्स के Concept चैप्टर्स को शुरु करने से पहले हम आपको अंग्रेज़ी भाषा की कुछ छोटी–2 बातों की जानकारी दें।
Before we start concept chapters, we would like to let you know about a few basics of English language.

आपसे हमारा पहला प्रश्न है कि अंग्रेज़ी में कितने Alphabet होते हैं ? हमें उम्मीद है कि आपमें से कई कहेंगे 26। यह सही उत्तर नहीं है। सही उत्तर है – एक (one). Alphabet तो केवल एक शब्द (word) है जिसका मतलब होता है वर्णमाला। Alphabet (वर्णमाला) तो एक ही है, 26 तो अक्षर/वर्ण (letters) होते हैं।

Our first question to you is "How many alphabets are there in English?" Most of you would answer "26". Not really! The correct answer is 1. Why so???? You must wonder!! Alphabet is just a name given to the group of all the Letters in a language; comprising vowels & consonants.

अंग्रेजी वर्णमाला में कुल 26 अक्षर/वर्ण होते हैं (There are 26 letters in English Alphabet) –

A	B	C	D	E	F	G	H	I	J	K	L	M	N	O
ए	बी	सी	डी	ई	ऐफ	जी	एच	आइ	जे	के	ऐल	ऐम	ऐन	ओ
P	Q	R	S	T	U	V	W	X	Y	Z				
पी	क्यू	आर	ऐस	टी	यू	वी	डब्ल्यू	ऐक्स	वाय	ज़ैड				

अंग्रेज़ी वर्णमाला के इन 26 वर्णों को दो प्रकारों में बाँटा गया है – स्वर (vowel) व व्यंजन (consonant)

Vowels (स्वर) : There are 5 vowels. (5 स्वर होते हैं) – a, e, i, o, u

Consonants (व्यंजन) : Rest 21 are consonants. (बाकी बचे 21 व्यंजन कहलाते हैं)
b, c, d, f, g, h, j, k, l, m, n, p, q, r, s, t, v, w, x, y, z.

हिन्दी वर्णमाला में कुल 46 वर्ण होते हैं –
There are 46 letters in Hindi Alphabet –

हिन्दी के स्वर व व्यंजन (Hindi's vowels and consonants)

स्वर (Vowels)

अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ए	ऐ	ओ	औ	अं	अः
a	aa	e/i	ee	u/o	oo/u	e/ai	ai	o	au/ou	ang	ah

व्यंजन (Consonants)

क	ख	ग	घ	ङ	च	छ	ज	झ	ञ	ट	ठ	ड	ढ	ण
ka	kh	ga	gha	nga	cha	chha	ja	jha	yan	ta	tha	da	dha	ana
त	थ	द	ध	न	प	फ	ब	भ	म	य	र	ल	व	श
th/t	th/tha	da/th	dha	na	pa	pha/fa	ba	bha	ma	ya	ra	la	va/wa	sh
ष	स	ह	क्ष	त्र	ज्ञ									
sh	sa	ha	ksh	tra	gya									

अंग्रेज़ी वर्णमाला के इन 26 वर्णों को दो प्रकार से लिखा जाता है –

Upper Case (Capital Letters) बड़े वर्ण – A, B, C, D, E..... W, X, Y, Z.

Lower Case (Small Letters) छोटे वर्ण – a, b, c, d, e..... w, x, y, z.

अंग्रेज़ी के स्वर और व्यंजन के साथ साथ हिन्दी के स्वर व व्यंजन की जानकारी होना भी बेहद ज़रुरी है। जब हम आपको Articles Chapter पढायेंगे तो बिना हिन्दी के स्वर व व्यंजन जाने आप कभी सही Article (A, An, The) का प्रयोग नहीं कर पायेंगे। "The" को "द" और "दी" दोनों तरीके से बोला जाता है पर कहाँ "द" बोलना है और कहाँ "दी", ये भी आप "Article" chapter में पढ़ेगे पर बिना हिन्दी के स्वर व व्यंजन जाने ये सम्भव ही नहीं है।

You must know about vowels & consonants of Hindi Alphabet as well, because when we'll teach you about "Articles" i.e. A, An, The; you would understand how significant it is to know about it.

ध्यान दीजिए (Please pay attention) –

पिछले पेज में हमने बताया कि "ऊ" को "oo/u" लिखेंगे। पर अगर आप देखें तो एक शब्द है "cook". यहाँ पर "oo" है पर इसका उच्चारण "कूक" नहीं बल्कि "कुक" है। यानि बड़ी "ऊ" नहीं बल्कि छोटी "उ" का प्रयोग हुआ। इससे ये पता चलता है कि हर बार सिखाया गया नियम ही सही नहीं होता, कई अपवाद (exceptions) भी होते हैं।

इसी तरह आपने देखा होगा कि कहीं पर "ज" के नीचे एक बिन्दु लगाया होता है जैसे (ज़) और कहीं पर "ज" के नीचे बिन्दु नहीं होता। दोनों के उच्चारण में बहुत ज़्यादा फर्क होता है !

शब्दों के उच्चारण (Pronunciation) को आप आने वाले Pronunciation चैप्टर में विस्तार (detail) से पढ़ने वाले हैं।

क्या आप जानते हैं (Do you know?) –

Letters form a word.	अक्षरों से मिलकर शब्द बनता है।
Words form a sentence.	शब्दों से मिलकर वाक्य बनता है।
Sentences form a paragraph.	वाक्यों से मिलकर पैराग्राफ बनता है।

उदाहरण – "Mojib is a good guy. He is my best friend. I love him a lot."

ऊपर दिये गये पैराग्राफ में तीन वाक्य हैं – ***There are 3 sentences in above paragraph -***

1) Mojib is a good guy. 2) He is my best friend. 3) I love him a lot.

15 शब्द और 43 अक्षर हैं। ***There are 15 words and 43 letters.***

Mojib	Good	Is	Friend	Him
Is	Guy	My	I	A
A	He	Best	Love	lot

अभिवादन (Greeting)

अभिवादन का तरीका इस बात पर निर्भर करता है कि जिस व्यक्ति का आप अभिवादन करना चाहते हैं वो आपसे उम्र में, रिश्ते में या फिर ओहदे में बड़ा है, छोटा है या फिर हमउम्र यानि समान उम्र का है।

Choosing words while Greeting someone depends on the age, relation and position of the person whom you need to greet at time.

अक्सर अपने से बड़े व जिनसे आप ज़्यादा तमीज़ से पेश आते हैं जैसे मुहल्ले के कोई अंकल आंटी, ऑफिस में बॉस या कोई सीनियर, उनके साथ आपको समय के अनुसार निम्नलिखित का प्रयोग करना चाहिए –

सुबह से लेकर दोपहर 12 बजे तक– Good Morning (मिलने पर)
Bye / Take care / See you / Have a nice day (विदा लेने पर)

दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक– Good Afternoon (मिलने पर)
Bye / Take care / See you / Have a nice day (विदा लेने पर)

शाम 5 बजे से सोने तक– Good Evening (मिलने पर)
Good Night / Take care / Bye / See you (विदा लेने पर)

मान लीजिए आप रात के 8 बजे किसी से मिले तो मिलते वक्त क्या कहेंगे ? ये मत सोचिए कि अंधेरा हो गया है तो आप Good night कहेंगे। जैसा बताया गया है कि रात के 11 बजे भी अगर अभिवादन करना पड़े तो मिलने पर Good Evening ही कहना होगा और विदा लेने पर Good Night कहना सबसे बेहतर विकल्प है।

हाँ, अगर आप अपने किसी दोस्त या भाई–बहन या फिर कोई खास जिसके साथ आप बहुत frank हों या फिर आपसे उम्र में या ओहदे (position) में छोटा कोई, से मिलें तो आप Hi, Hello का प्रयोग भी कर सकते हैं।

Basically, if you need to be formal with someone whom you greet, you can use Good Morning / Good Afternoon / Good Evening, however in informal/casual meet, you can certainly use "Hi", "Hello" etc.

शिष्टाचार (Manners)

अच्छे शिष्टाचार को दिखाने के लिए निम्नलिखित बातों का बेहद ध्यान रखें –
To show your good manners, keep in mind –

1. आप किसी से कुछ माँग रहे हों तो "Please", "Kindly" जैसे शब्दों का प्रयोग करिए।
   If you are asking someone for something, use "Please", "Kindly" sort of words.

2. आपको कुछ दिया गया या आपकी किसी बात को महत्व दिया गया तो "Thanks" कहना मत भूलिए।
   If your were given something or given importance , always say "Thanks".
   ("Thank you" is more formal than "Thanks".)

3. अगर कोई आपका धन्यवाद करे तो कहें "Welcome" या "Mention not" या "My pleasure" या "It's ok" आदि।
   If someone thanks you for something, you can say: "Welcome", "Mention not", "My pleasure", "It's ok", "It's alright" etc.

4. जब आप किसी से फोन पर बात कर रहे हों और कोई बात या शब्द आप सुन नहीं पाये तो कुछ इस तरह कहिए – "I beg your pardon" या "I am sorry" या "I didn't get it" या "Excuse me" या नम्रता से कह सकते हैं "Will you please repeat, I didn't get you" आदि।
   While talking over the phone, if you couldn't hear something, you can say – "I beg your pardon" or "I am sorry" or "I didn't get it" or "Excuse me" or you may politely say "Will you please repeat, I didn't get you" etc.

5. आप किसी महिला या किसी अपने से बड़े को या किसी बुजुर्ग को रास्ता देते वक्त कहें – "After you" इसका अर्थ है कि आप कहना चाहते हैं पहले आप, फिर मैं।
   While giving a way/path to a lady, someone older/elder or elderly person, politely say "After you". It simply implies that you respect that person and gives him/her more importance than yourself.

6. अगर कोई आपसे पूछे "How are you?" तो आमतौर पर आप कहते हैं "I am fine." लेकिन साथ ही साथ आपको उस व्यक्ति का हाल चाल भी पूछना चाहिए। आप कह सकते हैं – "I am fine. What about you?" या "Great. You tell?" या "Fine and you?" आदि।
If someone asks you "How are you?"; it's pretty common, you say "I am fine." But it's better to ask him/her as well about how he/she is. You can rather say - "I am fine. What about you?" or "Great. You tell?" or "Fine and you?" etc.

7. अगर आप किसी की बात बीच में ही रोककर अपनी बात कहना चाहें तो कुछ इस तरह कहिए – "Sorry to interrupt you" or "Sorry to intervene" और जब वो व्यक्ति आप पर ध्यान दे तो अपनी बात रखिए।
If you wish to cut someone short or interrupt, say politely – "Sorry to interrupt you" or "Sorry to intervene" and then proceed.

जब आप लोगों के साथ बात करते हैं और अच्छा व्यवहार दिखाते हैं तो आपको समाज में इज़्ज़त दी जाती है। ये भी याद रहे कि केवल इन शब्दों या वाक्याशों का प्रयोग करना ही काफी नहीं, बल्कि जो भी बोलें, नम्रता और प्रेम से बोलें। शिष्टाचार यहीं पर खत्म नहीं होता, बल्कि जैसे–2 वक्त के साथ आप अंग्रेजी भाषा की गहराई को और बेहतर समझेंगे, कई नयी बातें आपके सामने आयेंगी।

When you behave civilized & cultured, you are given respect in society. Just a mere use of such words or phrases is not enough, you need to be polite and humble in your speaking as well. It doesn't end here, rather newer ideas will emerge with time when you delve more into this foreign language.

समय कितना हुआ (What is the time?)

आइए सीखें कि अगर कोई आपसे पूछे कि "कितने बजे हैं ?" तो इंग्लिश में आप कैसे बतायेंगे। हिन्दी में आप कुछ इस तरह कहते हैं – "पाँच बजे हैं" या "पाँच बजकर दस मिनट" या "सात बजने में दो मिनट" या "सवा दो" या "साढ़े तीन" आदि।

पहले समझिए –

2 बजे को कहेंगे – 2 o'clock (2 ओ क्लॉक)
11 बजे को कहेंगे – 11 o'clock (11 ओ क्लॉक)
7 बजे को कहेंगे – 7 o'clock (7 ओ क्लॉक)

अब समझिए –

"इतने बजकर इतने मिनट" का फॉर्मुला है – { मिनट + past + घण्टा }

अगर आपको कहना है "पाँच बजकर दस मिनट" हुए हैं। सोचिए मिनट कितने हुए हैं – 10 और घंटे कितने हुए हैं – 5 तो फॉर्मुले के अनुसार आप कहेंगे – 10 past 5.

अगर "आठ बजकर बीस मिनट" हुए हैं। तो फॉर्मुले के अनुसार आप कहेंगे – 20 past 8. ट्वेन्टी पास्ट ऐट
अगर "सात बजकर पच्चीस मिनट" हुए हैं। तो फॉर्मुले के अनुसार आप कहेंगे – 25 past 7. ट्वेन्टी फ़ाइव पास्ट सेवन
अगर "दो बजकर बाईस मिनट" हुए हैं। तो फॉर्मुले के अनुसार आप कहेंगे – 22 past 2. ट्वेन्टी टू पास्ट टू
अगर "पाँच बजकर छः मिनट" हुए हैं। तो फॉर्मुले के अनुसार आप कहेंगे – 6 past 5. सिक्स पास्ट फ़ाइव

"इतने बजने में इतने मिनट" का फॉर्मुला है – { मिनट + to + घण्टा }

अगर आपको कहना है "पाँच बजने में दस मिनट" हैं। सोचिए मिनट कितने बचे हैं – 10 और कौन सा घंटा होने के लिए – 5 तो फॉर्मूले के अनुसार आप कहेंगे – 10 to 5.

अगर "आठ बजने में बीस मिनट" हैं। तो फॉर्मुले के अनुसार आप कहेंगे – 20 to 8. ट्वेन्टी टु एट
अगर "दो बजने में बारह मिनट" हैं। तो फॉर्मुले के अनुसार आप कहेंगे – 12 to 2. ट्वेल्व टु टू
अगर "ग्यारह बजने में बारह मिनट" हैं। तो फॉर्मुले के अनुसार आप कहेंगे – 12 to 11. ट्वेल्व टु इलेवन
अगर "तीन बजने मे पाँच मिनट" हैं। तो फॉर्मुले के अनुसार आप कहेंगे – 5 to 3. फाइव टु थ्री

नोट – 1 घंटे में 60 मिनट होते हैं। 60 मिनट का आधा 30 मिनट होता है इसलिए ***30 मिनट को हाफ*** (half) कहते हैं और 30 मिनट का भी आधा 15 मिनट होता है इसलिए ***15 मिनट को क्वाटर*** (quarter) कहते हैं। समझिए –

जैसा कि आपने पढ़ा

अगर "आठ बजकर पन्द्रह मिनट" यानि "सवा आठ" हुए हैं। तो फॉर्मुले के अनुसार आप कहेंगे

– 15 past 8 (फ़िफ्टीन पास्ट एट)

यहाँ पर 15(फ़िफ्टीन) की जगह आप क्वाटर का प्रयोग कर सकते हैं। और कह सकते हैं

– Quarter past 8 (क्वाटर पास्ट एट)

इसी तरह

अगर "आठ बजने में पन्द्रह मिनट" यानि "पौने आठ" हुए हैं। तो फॉर्मुले के अनुसार आप कहेंगे

– 15 to 8. (फ़िफ्टीन टु एट)

यहाँ पर 15(फ़िफ्टीन) की जगह आप क्वाटर का प्रयोग कर सकते हैं। और कह सकते हैं

– Quarter to 8 (क्वाटर टु एट)

ठीक इसी तरह

अगर "आठ बजकर तीस मिनट" यानि "साढ़े आठ" हुए हैं। तो फॉर्मुले के अनुसार आप कहेंगे

– 30 past 8. (थर्टी पास्ट एट)

यहाँ पर 30(थर्टी) की जगह आप हाफ़ का प्रयोग कर सकते हैं। और कह सकते हैं

– Half past 8 (हाफ़ पास्ट एट)

अगर कॉन्सैप्ट को पढ़कर समझने में ज़रा भी दिक्कत आ रही हो तो घबराइए नहीं, नीचे दिये गये उदाहरण समझने का प्रयत्न करें, ऑडियो लैक्चर भी सुनिये, फिर भी कोई परेशानी आये तो www.englishwale.com के स्टूडैन्ट हैल्पडैस्क में अपना प्रश्न रखिये या हमें ईमेल के ज़रिए सम्पर्क करिये।

आइए देखें कुछ उदाहरण –

11 बजे	– 11 o'clock
5 बजे	– 5 o'clock
7 बजे	– 7 o'clock
11 बजकर बीस मिनट	– 20 past 11
1 बजने में सात मिनट	– 7 to 1
2 बजकर तीस मिनट	– Half past 2 या Half to 3 (क्योंकि *2 बजकर तीस मिनट* को *3 बजने में तीस मिनट* भी तो कह सकते हैं।)
सवा आठ	– 15 past 8
10 बजने में 10 मिनट	– 10 to 10
पौने 5	– Quarter to 5
साढ़े 10	– Half past 10
ढाई बजे	– Half past 2

रात के बारह बजे के बाद से दोपहर के बारह बजे से पहले तक के समय के साथ "AM" का प्रयोग कर सकते हैं जबकि दोपहर के बारह बजे के बाद से रात के बारह बजे से पहले तक के समय के साथ "PM" का प्रयोग कर सकते हैं।

रात के 12 बजे	- 12 AM	दोपहर के 12 बजे	- 12 PM
रात के 1 बजे	- 1 AM	दोपहर के 1 बजे	- 1 PM
सुबह के 5 बजे	- 5 AM	शाम के 5 बजे	- 5 PM
सुबह के 10 बजे	- 10 AM	शाम के 7 बजे	- 7 PM
सुबह के 11 बजे	- 11 AM	रात के 11 बजे	- 11 PM
सुबह के 11 बजकर 59 मिनट	- 11.59 AM	रात के 11 बजकर 59 मिनट	- 11.59 PM

संख्याएँ व उनके उच्चारण (Numerals & their Pronunciations)

1	One	(वन)	एक	15	Fifteen	(फ़िफ्टीन)	पन्द्रह
2	Two	(टू)	दो	16	Sixteen	(सिक्सटीन)	सोलह
3	Three	(थ्री)	तीन	17	Seventeen	(सैवनटीन)	सत्रह
4	Four	(फ़ोर)	चार	18	Eighteen	(एटीन)	अठारह
5	Five	(फ़ाइव)	पाँच	19	Nineteen	(नाइनटीन)	उन्नीस
6	Six	(सिक्स)	छः	20	Twenty	(ट्वेन्टी)	बीस
7	Seven	(सैवन)	सात	30	Thirty	(थर्टी)	तीस
8	Eight	(एट)	आठ	40	Forty	(फॉर्टी)	चालीस
9	Nine	(नाइन)	नौ	50	Fifty	(फ़िफ्टी)	पचास
10	Ten	(टैन)	दस	60	Sixty	(सिक्सटी)	साठ
11	Eleven	(इलैवन)	ग्यारह	70	Seventy	(सैवनटी)	सत्तर
12	Twelve	(ट्वैल्व)	बारह	80	Eighty	(एटी)	अस्सी
13	Thirteen	(थर्टीन)	तेरह	90	Ninety	(नाइनटी)	नब्बे
14	Fourteen	(फ़ोर्टीन)	चौदह	100	Hundred	(हन्ड्रैड)	सौ

1000	Thousand	(थाउज़ैन्ड)	हज़ार
100000	Lac / Lakh	(लैक / लैख)	लाख
1000000	Ten Lacs	(टैन लैक्स)	दस लाख या एक मिलियन (Million)
10000000	Crore	(करोर)	करोड़
1000000000	Arab	(अरब)	अरब या एक बिलियन (Billion)

*आप कौन सी क्लास में हैं – **Which class you are in** –*

First	1st	फ़र्स्ट	पहली	Seventh	7th	सैवन्थ	सातवीं
Second	2nd	सेकंड	दूसरी	Eight	8th	एट्थ	आठवीं
Third	3rd	थर्ड	तीसरी	Nineth	9th	नाइन्थ	नवीं
Fourth	4th	फ़ोर्थ	चौथी	Tenth	10th	टैंथ	दसवीं
Fifth	5th	फ़िफ्थ	पाँचवी	Eleventh	11th	इलैवन्थ	ग्यारहवीं
Sixth	6th	सिक्सथ	छठी	Twelth	12th	ट्वैल्थ	बारहवीं

या फिर (or in)

Graduation	ग्रैजुएशन	स्नातक
Post Graduation	पोस्ट ग्रैजुएशन	स्नातकोत्तर

*गिलास कितना भरा है – **How much is the glass filled** –*

1/2	Half	आधा	1/5	One fifth	एक का पाँचवा भाग
1/3	One third	एक तिहाई	2/3	Two third	दो तिहाई
1/4	One fourth	एक चौथाई	3/4	Three fourth	तीन चौथाई

*कितने गुना है – **"How fold" or "How many time"** -*

एक गुना	Single	सिंगल
दो गुना (दुगुना)	Double / Twice / Two fold	डबल या ट्वाइस या टू फोल्ड
तीन गुना	Three times/ Three fold/ Thrice	थ्री टाइम या थ्री फोल्ड या थ्राइस
एक गुना	Four times/ Four fold	फ़ोर टाइम या फ़ोर फ़ोल्ड

विराम चिन्ह (Punctuation Marks)

किसी भी बात को लिखते वक्त विराम चिन्ह का बहुत ही महत्वपूर्ण रोल होता है। विराम चिन्हों के माध्यम से वाक्य के प्रकार व ठहराव (Pauses & Stops) की जानकारी मिलती है। किसी के द्वारा कही गयी बात को सिर्फ लिख देने से यह पता नहीं चलता कि वह बात किस अंदाज़ में बोली गयी। विराम चिन्हों के माध्यम से यह पता चल जाता है कि वह वाक्य चौंकते हुए बोला गया या फिर कुछ पूछा गया या कुछ बताया गया। आइए, कुछ प्रायः प्रयोग किये जाने वाले विराम चिन्हों को पढ़ते हैं –

1) Question Mark क्वेश्चन मार्क (?) – प्रश्नवाचक चिन्ह

यह चिन्ह प्रश्नवाचक वाक्यों के अन्त में प्रयोग किया जाता है। जैसे कि –

This mark is used at the end of Interrogative Sentences. For example -

a) Who are you?	हू आर यू ?	तुम कौन हो ?
b) What is he doing?	वट इज़ ही डूइंग ?	वो क्या कर रहा है ?
c) Do you love your mom?	डु यू लव यौर मॉम ?	क्या आप अपनी मम्मी से प्यार करते हो ?

2) Exclamation Mark एक्सक्लेमेशन मार्क (!) – विस्मयादि बोधक चिन्ह

यह चिन्ह ऐसे वाक्यों के अन्त में प्रयोग किया जाता है जिनमें अचानक उत्पन्न हुई भावनाओं को व्यक्त किया जाये। अचानक हुई किसी घटना से मन की भावनाओं का व्यक्त होना जैसे खुशी या दुख प्रकट करना, हैरान होना, नाराज़गी ज़ाहिर करना, शाबाशी देना, दुआ देना आदि। नीचे दिये गये कुछ उदाहरणों को याद कर लीजिए और जब मौका मिले, प्रयोग कीजिए।

भगवान आपको आर्शीवाद दे!	God bless you!	गॉड ब्लैस यू!
वाह! , गज़ब! , बहुत बढ़िया!	Wow! , Wonderful!	वाव! वन्डरफुल!
भगवान की दया से!, प्रभु की कृपा से!	By God's grace !	बाय गॉड्स ग्रेस!
कितने दुख की बात है!, कितना दुखद!	How sad! , How tragic!	हाव सैड! हाव ट्रैजिक!
उसकी इतनी हिम्मत!	How dare he!	हाव डेअर ही!
ओह प्यारे! (जब दिल में प्यार उमड़े)	Oh honey! , Oh dear!	ओह हनी! , ओह डियर!
बहुत बड़ी गलती!	Terrible mistake!	टैरिबल मिस्टेक!
अविश्वसनीय!, बहुत ही जबरदस्त!	Incredible!, Amazing!, Awesome!	इन्क्रैडिबल! अमेज़िंग! ऑसम!
बकवास!	Absurd! , Nonsense ! Aweful!	ऐब्ज़र्ड! नानसैन्स! ऑफल!
भगवान का शुक्र है!	Thank God!	थैंक गॉड!
ये हुई न बात! (जीत की खुशी)	Hurry! , That's it!	हुर्रे! , दैट्स इट!
नज़र न लगे!	Touch wood! , Finger crossed!	टच वुड! , फिन्गर क्रॉस्ड!
ज़रुर!, क्यों नहीं! पक्का!	Sure! , Why not!, of course!	श्योर! , वाय नॉट! , अफ़ कोज़!
शाबास!	Well done!	वैल डन!
क्या खबर है! (खुशी से कहना)	What a news!	वट अ न्यूज़!
सच में! (चौंकते हुए)	Really! , Is it!	रियली! , इज़ इट!
बहुत–2 धन्यवाद!	Thanks a lot!	थैंक्स अ लॉट!
बधाई हो!	Congratulations!	कॉन्ग्रैचुलेशन्स!
क्या आइडिया है!	What an idea!	वट ऐन आइडिया!

3) Full Stop फुल स्टॉप (.) – पूर्ण विराम

फुल स्टॉप का प्रयोग किसी भी ऐसे वाक्य के अन्त में किया जाता है जो न ही प्रश्नवाचक हो और न ही विस्मयादि बोधक वाक्य, बल्कि जिस वाक्य में बात पूर्णतः समाप्त हो। फुलस्टॉप लगाने का सीधा सा मतलब है कि वाक्य खत्म हो गया है। जैसे –

Full stop indicates the end of a sentence; used with sentences which are neither interrogative nor exclamatory.

मैं आ रहा हूँ।	I am coming.	आई ऐम कमिंग।
राम अच्छा लड़का है।	Ram is a good boy.	राम इज़ अ गुड बॉय।

फुल स्टॉप का प्रयोग Abbreviations (अब्रीवियेशन्स) के साथ भी होता है। आप ये जानना चाहेंगे कि Abbreviations क्या होते हैं ? Abbreviations किसी भी शब्दों के समूह का संक्षिप्त रुप होते हैं।
Full stops are used with abbreviations too. Abbreviations are basically the short form of a group of words. Examples are given below:

M.P. -	**M**ember of **P**arliament	सांसद
M.L.A.-	**M**ember of **L**egislative **A**ssembly	विधायक
P.M. -	**P**rime **M**inister	प्रधानमंत्री
B.A. -	**B**achelor of **A**rts	आर्ट्स में स्नातक
e.g. -	**e**xempli **g**ratia (a latin word)	इसका मतलब होता है "for example" यानि "उदाहरण के तौर पर"
i.e. -	**i**d **e**st (a latin word)	इसका मतलब होता है "that is" यानि "जो हैं"
etc. -	**etc**etera (ऐटसैट्रा)	इत्यादि, आदि

✓ मैं कई यँत्र बजा सकता हूँ उदाहरण के तौर पर गिटार, सितार, पियैनो आदि।
I can play many instruments e.g. Guitar, Sitar, Piano etc.

✓ मैं केवल 3 यँत्र बजा सकता हूँ जो हैं गिटार, सितार और पियानो।
I can play only 3 instruments i.e. Guitar, Sitar and Piano.

4) Comma कौमा (,) – अल्प विराम

जब आपको किसी वाक्य को बोलते हुए बीच में ज़रा सा विराम देना हो तो कौमा का प्रयोग किया जाता है। नीचे कुछ उदाहरण दिये गये हैं –
While speaking, when you need to give a short pause in a sentence, "comma" is used. Few examples are given below:

i) **Ram, come here.**
राम, यहाँ आओ।

ii) **I have many friends such as Aman, Amit, Sandeep etc.**
मेरे कई दोस्त हैं जैसे अमन, अमित, संदीप आदि।

iii) **He will come on Monday, 20th September.**
वो/वह सोमवार, 20 सितम्बर को आयेगा।

iv) **If he comes, I will not come.**
अगर वो आया तो मैं नहीं आऊँगा।

v) **Ram, my best friend, is his brother.**
राम, मेरा सबसे अच्छा दोस्त, उसका भाई है।

5) Quotation mark कोटेशन मार्क

(") – शुरु में At the beginning
(") – अन्त में At the end

किसी की कही हुई बात को कोटेशन मार्क के अन्दर लिख सकते हैं।
Saying of someone can be written inside the quotation marks.

a) Ram said, "I am the best". राम ने कहा, **"मैं सबसे अच्छा हूँ"।**
b) Manager says, "Customer is very important". **मैनेजर कहते हैं, "कस्टमर बहुत महत्वपूर्ण होता है"।**

अगर आप ध्यान दें तो कोटेशन मार्क को लिखने का तरीका वाक्य के शुरुआत व अन्त में अलग–2 होता है। वाक्य के शुरु में (") है जबकि अन्त में (") है।
If you notice, the way you write inverted comma at the beginning of the quoted sentence and at the end of the quoted sentence; both are different.

6) Colon कोलन (:)

प्रायः कोलन का मतलब है "जैसे कि"। कोलन का प्रयोग अधिकतर तब किया जाता है जब आप व्यक्तियों, चीजों या जगहों आदि की सूची के बारे में बताते हैं। नीचे दिये गये उदाहरणों को ध्यान से समझिए।
Colon is often used when you enumerate a list of persons, things, places etc. Look at the following examples.

a) I met many people: Binita, Anjali, Kuldeep, Dimpal, and Seema.
मैं कई लोगों से मिला **जैसे कि** बिनीता, अंजलि, कुल्दीप, डिम्पल और सीमा।

b) I have many things: book, pen, vegetables, sugar, rice etc.
मेरे पास कई चीजें हैं **जैसे कि** किताब, पैन, सब्ज़ियाँ, चीनी, चावल इत्यादि।

7) Semicolon सेमीकोलन (;) – अर्ध विराम

सेमीकोलन को समझने के लिए नीचे दिये गये उदाहरण पर ध्यान दें।
Semicolon's basic usage can be understood through following example:

a) Meeting was held on 25th October, 2008, 15th January, 2010 and 23rd March, 2012. (Incorrect)
b) Meeting was held on 25th October, 2008; 15th January, 2010; and 23rd March, 2012. (Correct)
मीटिंग 25th अक्टूबर 2008, 15th जनवरी 2010 और 23rd मार्च 2012 को हुई।

वाक्य (a) गलत है जबकि वाक्य (b) सही। देखिए ये बात साफ है कि मीटिंग तीन अलग–2 दिनों में हुई : 25th अक्टूबर 2008, 15th जनवरी 2010 और 23rd मार्च 2012 को। लेकिन अगर वाक्य (a) को ध्यान से देखें तो कौमा के प्रयोग की वजह से ऐसा लगता है कि मीटिंग तीन अलग–2 दिनों में नहीं बल्कि पाँच अलग–2 दिनों में हुई : 25th अक्टूबर को, 2008 में, 15th जनवरी को, 2010 में और 23rd मार्च 2012 को। इसलिए वाक्य (b) में 2008 के बाद कौमा की बजाय सेमीकोलन का प्रयोग करना पड़ा।

8) Apostrophe अपोसट्रॉफी (') -

अपोसट्रॉफी का प्रयोग प्रायः दो मौकों पर होता है–
Apostrophe is generally used in two situations –

i) **जब आप कहते हैं – राम का, किताब का, बच्चों का, मम्मी का आदि। इसे इंग्लिश में (possession) पज़ेशन कहते हैं।**

राम का – Ram's, किताब का – Book's, बच्चों का– Children's, मम्मी का– Mother's

ii) **दो शब्दों को एक बनाने के लिए। इन दो शब्दों में से एक शब्द सहायक क्रिया होनी चाहिए व दूसरा शब्द या तो सर्वनाम हो या "not"**

To make two words one. One of these words needs to be a helping verb and the other one either a "pronoun" or "not"

Does not	(डज़ नॉट)	–	Doesn't	(डज़न्ट) या (डज़न)
Is not	(इज़ नॉट)	–	Isn't	(इज़न्ट) या (इज़न)
Do not	(डू नॉट)	–	Don't	(डोन्ट)
Has not	(हैज़ नॉट)	–	Hasn't	(हैज़न्ट) या (हैज़न)
I have	(आइ हैव)	–	I've	(आइव)
You are	(यू आर)	–	You're	(योर)

यहाँ पर "does", "is", "do", "have", "are", "has" सहायक क्रियाएँ (helping verbs) हैं और "I" व "you" सर्वनाम (pronoun) हैं। सर्वनाम के बारे में हम आने वाले सर्वनाम चैप्टर में विस्तार से पढ़ेंगे।

हफ्ते के सात दिन (Seven Days of a Week)

सोमवार	–	Monday	मंडे
मंगलवार	–	Tuesday	ट्यूज़डे
बुधवार	–	Wednesday	वेन्ज़डे (वेडनेसडे व वेन्ज़डे दोनों तरीकों से उच्चारण किया जाता है।)
बृहस्पतिवार	–	Thursday	थर्ज़डे
शुक्रवार	–	Friday	फ्राइडे
शनिवार	–	Saturday	सैटरडे
रविवार	–	Sunday	संडे

साल के बारह महीने (Twelve Months of a year)

जनवरी	–	January	जैन्युरी	जुलाई	–	July	जुलाय
फ़रवरी	–	February	फ़ैबररी	अगस्त	–	August	ऑगस्ट
मार्च	–	March	मार्च	सितम्बर	–	September	सैप्टैम्बर
अप्रैल	–	April	एप्रिल	अक्टूबर	–	October	ऑक्टोबर
मई	–	May	मे	नवम्बर	–	November	नवैम्बर
जून	–	June	जून	दिसम्बर	–	December	डिसैम्बर

EnglishWale.com "सक्षम भारत मिशन"

Dear students,

इस Topic के साथ–2 कई Advance English Grammar Topics भी **www.englishwale.com** पर जाकर आप पढ़ सकते हैं। साथ ही साथ ये सभी टॉपिक Video Lectures में भी cover किए गये हैं, इसके लिए आप **"Spoken English Guru"** YouTube Channel में जाकर "Playlist" में जाइए और Lesson-wise Videos देखिए।

मैंने आपके लिए एक **Android App** भी बनाया है। Play Store में Search करिए "Spoken English Guru". दिल से मेहनत करिएगा क्योंकि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। मेरी शुभकामनाएं हमेशा आपके साथ रहेंगी। –

Aditya Sir

Lesson – 2

Few Basics of English (अंग्रेज़ी की कुछ मूल बातें)

आइए, अंग्रेज़ी के Basics की थोड़ा और जानकारी लें। इस चैप्टर के अन्त में दिये गये छोटे–2 शब्दों के समूहों को भी अच्छी तरह याद कर लीजिए। आपको इनका महत्व आने वाले चैप्टर्स को समझते वक्त महसूस होगा।

Sentences (वाक्य)

हर भाषा में कुछ भी कहने या लिखने के लिए शब्दों के समूहों का प्रयोग होता है। शब्दों का वह समूह जिसमें किसी बात का भाव पूर्णतः स्पष्ट हो, उसे वाक्य कहते हैं। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि वाक्य वे हैं जिनसे सुनने वाले को पूर्ण संदेश का पता चल पाये।

In every language, there is a need of group of words to communicate. Such group of words that communicate a complete message is called a sentence.

मान लीजिए आपने मुझसे पूछा "क्या ऑफिस जाओगे?", मैंने उत्तर दिया "नहीं". आप समझ गये कि मैं ऑफिस नहीं जाऊँगा। आपका प्रश्न **"क्या ऑफिस जाओगे?"** भी एक वाक्य है और मेरा उत्तर **"नहीं"** भी एक वाक्य है। ये बात अलग है कि मेरा वाक्य सिर्फ एक शब्द से बना है, कई शब्दों से नहीं। महत्वपूर्ण यह नहीं कि वाक्य में शब्द कितने हैं, महत्वपूर्ण यह है कि कहे गये वाक्य द्वारा दिया गया संदेश पर्याप्त है या नहीं। अगर आप ध्यान से सोचें तो मेरे कहने का तात्पर्य स्पष्ट था कि "मैं ऑफिस नहीं जाऊँगा" , इसलिए मेरा वाक्य पूर्ण व पर्याप्त है।

Sentence Types:

Classification 1

वाक्यों को उनके भाव व अर्थ के आधार पर निम्नलिखित 4 वर्गों में वर्गीकृत किया जाता है –

On the basis of their sense & meaning, sentences are classified in following 4 categories –

1. Assertive or Declarative Sentences (स्वीकारात्मक या कथात्मक वाक्य):

ऐसे वाक्यों में कुछ बताया जाता है या किसी बात का वर्णन होता है। कोई भी बात चाहे वो एक तथ्य हो या एक सोच।

Such sentences state a fact, opinion or idea.

उदाहरण (Example):

1. Ayansh is my son. (अयाँश मेरा बेटा है।)
2. Aman is not at home. (अमन घर पर नहीं है।)
3. Arnavi doesn't go to school. (अरनवी स्कूल नहीं जाती है।)
4. Mom scolds me. (मम्मी जी मुझे डाँटती हैं।)

ऊपर दिये गये सभी वाक्यों में कुछ बताया गया है अर्थात् किसी बात का वर्णन है। आम बोलचाल में सबसे अधिक जो वाक्य प्रयोग किये जाते हैं वे इसी वर्ग के होते हैं।

2. Interrogative Sentences (प्रश्नवाचक वाक्य):

ऐसे वाक्य जिनमें कोई प्रश्न पूछा जाता है।
Sentences, where a question is asked.

उदाहरण (Example):

1. Is Aman not at home? (क्या अमन घर पर नहीं है?)
2. Do you play? (क्या तुम खेलते हो?)

ऊपर दिये गये वाक्यों में प्रश्न पूछे गये हैं। इस तरह के वाक्य हम अक्सर सुनते हैं।

3. Imperative Sentences (आज्ञासूचक वाक्य):

ऐसे वाक्य जो आज्ञा, आदेश या प्रार्थना व्यक्त करें।
Sentences, which are used to permit, command or request are known as imperative sentences.

उदाहरण (Example):

1. Sit there. (वहाँ बैठो।)
2. Let me go. (मुझे जाने दो।)

ऊपर दिये गये पहले वाक्य में आदेश दिया गया है जबकि दूसरे वाक्य में प्रार्थना अर्थात निवेदन किया गया है। इस तरह के वाक्य हम आगे आने वाले "Imperative Sentences" चैप्टर में पढ़ेंगे।

4. Exclamatory Sentences (विस्मयादिबोधक वाक्य):

ऐसे वाक्य जिनमें अचानक उत्पन्न हुई भावनाओं जैसे दुख, खुशी, हैरानी, डर आदि की अभिव्यक्ति हो।
Sentences, which are used to express sudden emotions such as joy, grief, shock, fear etc.

उदाहरण (Example):

1. Wow! (गजब! या बहुत बढ़िया!)
2. Thank God! (भगवान का शुक्र है!)

ऊपर दिये गये वाक्यों में मन में अचानक उत्पन्न हुई भावनाओं की अभिव्यक्ति है। इस तरह के वाक्य हम पिछले चैप्टर में पढ चुके हैं और आगे आने वाले "Interjection" चैप्टर में भी पढ़ेंगे।

Classification 2

दूसरे वर्गीकरण के अनुसार वाक्य निम्नलिखित चार प्रकार के होते हैं –

Sentence के प्रकार (Sentence Type)	***उदाहरण 1 Example-1***
Affirmative(सकारात्मक) ऐसे वाक्य जिनमें न "नहीं" का प्रयोग हो, न ही कोई प्रश्न पूछा गया हो।	राम एक अच्छा लड़का है। Ram is a good boy.
Negative(नकारात्मक) ऐसे वाक्य जिनमें "नहीं" का प्रयोग तो हो पर कोई प्रश्न न पूछा गया हो।	राम एक अच्छा लड़का नहीं है। Ram is not a good boy.
Interrogative (प्रश्नवाचक) ऐसे वाक्य जिनमें "नहीं" का प्रयोग न हो पर प्रश्न पूछा गया हो।	क्या राम एक अच्छा लड़का है? Is Ram a good boy?
Negative Interrogative(नकारात्मक प्रश्नवाचक) ऐसे वाक्य जिनमें "नहीं" का प्रयोग भी हो और प्रश्न भी पूछा गया हो।	क्या राम एक अच्छा लड़का नहीं है? Is Ram not a good boy?

वाक्य के तीन भाग (Three parts of a sentence)

1. Subject (सबजैक्ट) – कर्ता

Subject वो होता है जिसके बारे में वाक्य में या तो बात हो रही हो या फिर वो जो किसी क्रिया यानि काम को कर रहा हो। दूसरे शब्दों में, Subject किसी भी वाक्य का प्रमुख केन्द्र होता है।
Subject is the one whom/which we talk about or the one who performs an action.

2. Verb (क्रिया) – कर्म, काम या कार्य

क्रिया वो है जिसके माध्यम से Subject के कार्य या अवस्था (स्थिति) की जानकारी मिलती है।
Verb is the one, which describes the action or the state of the subject.

आइए समझें (Let's understand) –

माना मैं कहूँ "अयाँश सो रहा है।" इस वाक्य में है Subject है – अयाँश और Verb है – सोना। इस वाक्य में Subject के द्वारा किये जा रहे कार्य की जानकारी मिलती है। यहाँ पर Subject सोने का कार्य कर रहा है।

इसी तरह, मान लीजिए मैं कहूँ "अयाँश 8 महीने का है।" Subject है – अयाँश। यहाँ पर अयाँश कोई कार्य नहीं कर रहा बल्कि उसके बारे में तो सिर्फ बताया गया है कि वह 8 महीने का है। इस वाक्य में Subject के कार्य की नहीं बल्कि अवस्था/स्थिति की जानकारी मिलती है। अवस्था का सीधा तात्पर्य यह है कि Subject किस समय में – वर्तमान में, बीते हुए कल में या फिर आने वाले कल में किस अवस्था/स्थिति में है।

गौर करिए –

Ayansh is **sleep**ing. (अयाँश सो रहा है।)
(अयाँश सोने का कार्य कर रहा है। इस वाक्य में Subject के द्वारा किये जा रहे कार्य की जानकारी मिलती है।)

Ayansh **is** 8 months old. (अयाँश 8 महीने का है।)
(इस वाक्य में Subject के कार्य की नहीं बल्कि वर्तमान अवस्था की जानकारी मिलती है।)

Ayansh **was** 8 months old. (अयाँश 8 महीने का था।)
(इस वाक्य में Subject के कार्य की नहीं बल्कि बीते हुई समय की एक अवस्था की जानकारी मिलती है।)

Ayansh **will be** 8 months old. (अयाँश 8 महीने का होगा।)
(इस वाक्य में Subject के कार्य की नहीं बल्कि आने वाले समय की एक अवस्था की जानकारी मिलती है।)

जिन वाक्यों में Subject किसी कार्य को कर रहा हो ऐसे वाक्य "Tenses(काल)" में आते हैं और जिन वाक्यों में Subject कोई कार्य न कर रहा है, केवल Subject की अवस्था/स्थिति के बारे में बताया गया हो, ऐसे वाक्य "Simple Sentences(सरल वाक्य)" में आते हैं। दोनों तरह के वाक्यों को आप आगे आने वाले चैप्टर्स में विस्तार से पढ़ेंगे।

क्रियाएँ दो प्रकार की होती हैं (Verbs are of two types):

a) मुख्य क्रिया (Main Verb)

यह क्रिया subject के कार्य की जानकारी देती है। मुख्य क्रिया का सीधा सा मतलब है कोई भी काम जैसे नाचना, गाना, सोचना, पढ़ना, लिखना, देखना, हिलना, याद करना, पीटना आदि।
Main verb describes the action of the subject such as to dance, to sing, to think, to read, to write, to see, to move, to miss, to beat etc.

ज़रुरी नहीं कि काम वही हो जो हाथ पैरों से किया जा रहा हो यानि physical हो। अगर आप कुछ सोच रहे हैं तो भी दिमाग काम कर रहा है यानि Mental work तो हो ही रहा है इसलिए ***सोचना*** भी एक कार्य ही है।
Action doesn't only mean the physical work. When you think, your brain works, so 'to think' is also an action ; hence it is a verb.

b) सहायक क्रिया (Helping Verb/Auxiliary Verb)

यह क्रिया subject की अवस्था के बारे में बताती है। Subject के अनुसार व समयकाल (वर्तमान, भूत व भविष्य) के अनुसार इनका प्रयोग किया जाता है। इनका प्रयोग आप आगे आने वाले चैप्टर्स में विस्तार से समझेंगे।

Examples:

is, am, are, was, were, has, have, had, do, does, did, will etc.

3. Object (ऑबजैक्ट) – कारक

कारक वह होता है जिस पर कर्ता के कार्य या अवस्था का प्रभाव पड़ता है।
Object is the one, which gets affected by the action or the state of the subject.

नीचे दी गयी तालिका में कुछ उदाहरण दिये गये हैं (A few examples are appended in the table) –

Sentence (वाक्य)	Subject	Object	Main Verb (मुख्य क्रिया)
राम मेरा दोस्त है।	राम	मेरा दोस्त	–
वो पागल नहीं है।	वो	पागल	–
हम सब मम्मी के साथ थे।	हम सब	मम्मी	–
राहुल यहाँ नहीं है।	राहुल	यहाँ	–
पापा खेलते हैं।	पापा	–	खेलना
पापा पार्क में खेलते हैं।	पापा	पार्क	खेलना
राम आयेगा।	राम	–	आना
मैं तुम्हें याद करता हूँ।	मैं	तुम	याद करना
राहुल के पास पैसे नहीं हैं।	राहुल	पैसे	–
रश्मि की चार बहनें थी।	रश्मि	चार बहनें	–
राम पार्क में था।	राम	पार्क	
तुम मेरे दिल में रहते हो।	तुम	मेरा दिल	रहना
वो स्कूल नहीं जाता था।	वो	स्कूल	जाना
बच्चे क्या देखते हैं?	बच्चे	–	देखना

Subjects दो तरह के होते हैं (Subjects are of two types) –

Singular - सिन्गुलर (एकवचन) — जब Subject एक व्यक्ति, एक वस्तु या एक स्थान का बोध कराये।
When the subject refers to one person/place/thing.

Plural – प्ल्यूरल (बहुवचन) — जब Subject एक से ज़्यादा व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध कराये।
When the subject refers to more than one person/place/thing.

Singular (एकवचन)	***Plural (बहुवचन)***
Ram (एक लड़का है) Shyam (एक लड़का है) Sky (आसमान एक है) This- यह, ये (एक के लिए) That- वह, वो (एक के लिए) It- यह, ये (एक के लिए) Pen (एक पैन की बात हो रही है।)	Ram & Shyam (एक से ज़्यादा यानि दो लड़के है) People(लोग) Crowd(भीड़) These- यह, ये (एक से ज़्यादा के लिए) Those वह, वो, वे (एक से ज़्यादा के लिए) Pens (एक से ज़्यादा पैनों की बात हो रही है।)

Personal Pronoun Subjects: Singular & Plural

First Person, Second Person & Third Person

Person	***Singular***	***Plural***
First Person *The person or people speaking*	I (मैं)	We (हम)
Second Person *The person or people being spoken to*	Thou(तुम या आप {एक व्यक्ति}) ***(Obsolete now & replaced with 'You' in present English)***	You(तुम या आप {एक से ज़्यादा व्यक्ति})
Third Person *The person or people being spoken about*	He (वह {एक लड़के के लिए }) She (वह {एक लड़की के लिए })	They - वे (एक से ज़्यादा लोगों के लिए)

माना मैं आपसे राम के बारे में बात करा हूँ, तो यहाँ पर **मैं(I)** *First Person* हूँ , **आप (You)** Second Person हो और **राम(Ram)** Third Person है।

ध्यान दीजिए, ***आप (You)*** चाहे एक व्यक्ति हों या एक से अधिक, अंग्रेज़ी भाषा में ***You*** को बहुवचन की तरह ही प्रयोग किया जाता है व ***You*** के साथ वही सहायक क्रियाएँ प्रयोग की जाती हैं जिन्हें बहुवचन subject के साथ प्रयोग करते हैं जैसे are, have, do etc.

"You" is always treated as a plural subject & its singular form is obsolete now. That's why, "You" is always followed by the helping verbs, which are used with Plural subjects.

"This, That, These, Those" का प्रयोग (Use of "This, That, These, Those")

आइए समझें कि This, That, These & Those का प्रयोग कैसे करना है।

Let's understand how to use This, That, These & Those.

	Singular (एकवचन)	**Plural (बहुवचन)**
Near (पास)	This (ये, यह)	These (ये, यह)
Far (दूर)	That (वह, वो, वे)	Those (वह, वो, वे)

अगर कोई व्यक्ति, वस्तु या स्थान हमारे सामने है, तो ऊपर दी गयी टेबल के अनुसार हम या तो 'this' का प्रयोग करेंगे या फिर 'these' का। अगर एकवचन है तो 'this' और अगर बहुवचन है तो 'these' । इसी तरह अगर कोई व्यक्ति, वस्तु या स्थान हमसे दूर है, तो टेबल के अनुसार हम या तो 'that' का प्रयोग करेंगे या फिर 'those' का। अगर एकवचन है तो 'that' और अगर बहुवचन है तो 'those' ।

If a person, place or thing is nearby, as per the table we must use either 'this' or 'these'. If it is singular then 'this' and if plural then 'these'. Similarly if a person, place or thing is afar, we must use either 'that' or 'those'. If it is singular then 'that' and if plural then 'those'.

इसे और बेहतर समझने के लिए नीचे दी गयी तालिका को समझें।
This concept can be better understood with the help of the table below:

यह/ये किताब	This book	किताब पास है और एकवचन है इसलिए 'this' का प्रयोग किया। अगर किताब दूर होती तो मैं "यह/ये किताब" नहीं बल्कि "वो/वह किताब" कहता। Book is near and singular, hence used 'this'.
वह/वो किताब	That book	किताब दूर है और एक है इसलिए 'that' का प्रयोग किया। Book is afar and singular, hence used 'that'.
ये/यह किताबें	These books	किताबें पास हैं और एक से ज़्यादा हैं इसलिए 'these' का प्रयोग किया। Books are near and plural; hence used 'these'.
वो/वह/वे किताबें	Those books	किताबें दूर हैं और एक से ज़्यादा हैं इसलिए 'those' का प्रयोग किया। Books are afar and plural, hence used 'those'.
वे बच्चे	Those/They children	बच्चे दूर हैं और एक से ज़्यादा हैं इसलिए 'those' का प्रयोग किया। चूँकि बच्चे सजीव हैं इसलिए 'they' का प्रयोग भी किया जा सकता है। Children are afar and plural, hence used 'those'. Since Children are living being so we can also use 'they'.
ये मछलियाँ	These fishes	मछलियाँ पास हैं और एक से ज़्यादा हैं इसलिए 'these' का प्रयोग किया। Fishes are near and plural, hence used 'these'.
ये सब लड़के	These all boys	लड़के पास हैं और एक से ज़्यादा हैं इसलिए 'these' का प्रयोग किया। Boys are near and plural, hence used 'these'.
वो दोनों लड़के	Those/They both boys	लड़के दूर हैं और एक से ज़्यादा हैं इसलिए 'those' का प्रयोग किया। चूँकि लड़के सजीव हैं इसलिए 'they' का प्रयोग भी कर सकते हैं। Boys are afar and plural, hence used 'these'. Since boys are living being so we can also use 'they'.

सजीव व निर्जीव का फर्क (Difference between Living & Non-Living)

- ✓ **सजीव उसे कहते हैं जिसमें जान होती है यानि जो साँस लेता है।**
  Living is the one that breathes.
- ✓ **निर्जीव उसे कहते हैं जिसमें जान नहीं होती यानि जो साँस नहीं लेता है।**
  Non-living is the one that doesn't breath.

सजीव के उदाहरण – इन्सान, जानवर, पेड़ पौधे आदि।
निर्जीव के उदाहरण – कोई चीज/वस्तु आदि।

ताज्जुब होता है कि पेड़ पौधे सजीव कैसे हैं ! पर सत्य यही है कि वे सजीव हैं क्योंकि वो भी इन्सान की तरह साँस लेते है। फर्क सिर्फ इतना है कि इन्सान साँस लेते वक्त ऑक्सीजन अन्दर लेता हैं और कार्बन डाई ऑक्साइड बाहर निकालता हैं जबकि पेड़ पौधे कार्बन डाई ऑक्साइड अन्दर लेते हैं और ऑक्सीजन बाहर निकालते हैं।

सभी सजीव नीचे दिये गये सातों कार्य करते हैं, जबकि निर्जीव नहीं।

1. Feeding
2. Breathing
3. Excretion(Removal of waste)
4. Growth
5. Reproduction

's का प्रयोग (Use of Apostrophe S)

राम का पैन **Ram's pen / Pen of Ram**

महत्वपूर्ण बात – *जैसा कि ऊपर लिखा गया है, चाहे* ***Ram's pen*** *कहें या फिर* ***Pen of Ram****, बात एक ही है पर महत्वपूर्ण फर्क यह है कि पहले तरीके से लिखने में राम को ज़्यादा महत्व दिया गया है पैन को नहीं जबकि दूसरे तरीके में पैन को ज़्यादा महत्व दिया गया है राम को नहीं।*

सीता का भाई	Seeta's brother / Brother of Seeta
राहुल की मम्मी	Rahul's mother / Mother of Rahul
लड़की का भाई	Girl's brother / Brother of the girl
लड़कियों के भाई	Girls' brothers / Brothers of the girls
मेरे पापा के दोस्त की बेटी	My father's friend's daughter / The daughter of my father's friend
मेरे भाई का पैन	My brother's pen / The pen of my brother
मेरे भाईयों के पैन	My brothers' pen / The pens of my brothers
मेरे दिल की बात	My heart's feelings / The feeling of my heart
तुम्हारे मोबाईल की आवाज़	Your mobile's sound / The sound of your mobile
शेर की दहाड़	Lion's roar / Roar of the lion
गीता की आवाज़	Geeta's voice / Voice of Geeta

ध्यान दीजिए, अगर मैं कहूँ "लड़की का भाई"। लड़की एक ही है इसलिए "लड़की का" के लिए हम girl's कहेंगे। पर अगर मैं कहूँ "लड़कियों का भाई"। लड़कियाँ एक से ज़्यादा है इसलिए "लड़कियों का" के लिए हम girls's नहीं कहेंगे बल्कि सिर्फ girls' कहेंगे। होता ये है कि अगर कोई बहुवचन शब्द जिसके अन्त में s हो और उस शब्द के साथ 's लगाना हो तो apostrophe(') के बाद वाला s नहीं लगाया जाता।

If I say 'girl's brother', it is clear that there is only one girl but if there are more than one girl, then I can't say 'girls's brother', rather I would say 'girls' brother'. Whenever we need to use 's after a plural word ending with s, as per the rule we must not use 's' after apostrophe.

आइए कुछ चीज़ें रट लें (Let's cram a few things)

नीचे दिये गये छोटे–2 शब्द समूहों को याद कर लेने से आपको काफी मदद मिलगी आने वाले चैप्टर्स में।
Words or group of words given below will help you in coming chapters so you are requested to learn them.

Both (दोनों)

हम दोनों	We both / Both of us	वी बोथ / बोथ ऑफ़ अस
तुम दोनों	You both / Both of you	यू बोथ / बोथ ऑफ़ यू
वे/वो दोनों	They both / Both of them	दे बोथ / बोथ ऑफ़ दैम

All (सब या सभी)

हम सभी	We all / All of us
तुम सभी	You all/ All of you
ये सभी	These all (सजीव/निर्जीव के लिए) (For living & non living)
वो सभी	Those all (सजीव/निर्जीव के लिए) (For living & non living)
वे/वो सभी	Those/They all (सजीव के लिए) (For living being)
ये सभी किताबें	These all books / All of these books
वो सभी पैन	Those all pens / All of those pens
वो सभी लोग	Those / They all people

जितना हो सके, याद कर लीजिए। इनसे आपको काफी मदद मिलेगी। ये सभी वाक्यों में अक्सर प्रयोग में आते हैं।
Learn the following. It will help you significantly while making sentences.

हम तीनों	We three / Three of us	वी थ्री/थ्री ऑफ़ अस
हम चारों	We four / Four of us	वी फ़ोर/फ़ोर ऑफ़ अस
वो पाँचों	They five/Those five	दे फ़ाइव/दोज़ फ़ाइव
तुम्हारी आवाज़	Your voice	यौर वॉइस
राम की आवाज़	Ram's voice	राम्स वॉइस
तुम्हारे मोबाइल की आवाज़	Your mobile's Sound	यौर मोबाईल्स साउन्ड
तुम्हारे कम्प्यूटर की आवाज़	Your computer's sound	यौर कम्प्यूटर्स साउन्ड
ऐसा तोहफा	Such a gift	सच अ गिफ्ट
ऐसे तोहफे	Such gifts	सच गिफ्ट्स
ऐसी कहानी	Such a story	सच अ स्टोरी
ऐसी कहानियाँ	Such stories	सच स्टोरीज़
ऐसा दिन	Such a day	सच अ डे
ऐसे दिन	Such days	सच डेज़
ऐसे लोग	Such people	सच पीपल
तुम्हारी बातें	Your words	यौर वर्ड्स
मेरी यादें	My memories	माय मैमरीज़
तुम्हारा गुस्सा	Your anger	यौर ऐन्गर
आपका बड़प्पन	Your kindness	यौर काइन्डनेस
मेरी मर्ज़ी	My will	माय विल
मेरी इच्छा	My desire	माय डिज़ायर
उस लड़के के पैसे	That boy's money	दैट बॉयज़ मनी
इन बच्चों के लिए	For these children/kids	फ़ार दीज़ चिल्ड्रन/किड्स
मेरे ख्वाब	My dreams	माय ड्रीम्स

उसकी बातें	His/Her words	हिज़/हर वर्ड्स
हम दोनों की किताबें	Books of we both	बुक्स ऑफ़ वी बोथ
कमरे की खिड़कियाँ	Room's windows	कमरे की खिड़कियाँ
मछलियों का खाना	Fishes' food	फ़िशज़ फूड
हर पल की खबर	Every moment's news	एवरी मॉमैन्ट्स न्यूज़
किसी का दोस्त	Someone's friend	समवन्स फ्रैन्ड
किसी के साथ	With someone	विद समवन
किसी और के साथ	With someone else	विद समवन ऐल्स
किसी का भाई	Someone's brother	समवन्स ब्रदर
कुछ/थोड़ा पानी	Some water	सम वॉटर
मेरे मोबाइल की कीमत	My mobile's cost	माय मोबाइल्स कॉस्ट
किसी और की कहानी	Someone else's story	समवन ऐल्सज़ स्टोरी
किसी और का घर	Someone else's house	समवन ऐल्सज़ हाऊस
कोई और	Someone else	समवन ऐल्स
कोई और नहीं	No one else	नोवन ऐल्सज
फिर कभी	Some other time	सम अदर टाईम
और किसी दिन	Some other day	सम अदर डे
ऐसा ही कुछ	Something like this	समथिंग लाइक दिस
ऐसा कुछ नहीं	Nothing as such	नथिंग ऐज़ सच
फालतू में	Unnecessarily	अननैसेसैरिली
जानबूझकर	Knowingly	नोइंगली
अनजाने में	Unknowingly	अननोइंगली
दिल लगाकर	Whole heartedly	फ्रॉम द कोर ऑफ माय हार्ट/होल हार्टेडली
किसी और के साथ	With someone else	विद समवन ऐल्स
दिल का दर्द	The pain of heart	द पेन ऑफ हार्ट
माँ का दिल	Mother's heart	मदर्स हार्ट
बच्चों की सोच	Thinking of children	थिंकिंग ऑफ़ चिल्ड्रन
मेरा भाई	My brother / Brother of mine	माय ब्रदर/ब्रदर ऑफ़ माइन
मेरे भाई	My brothers/ Brothers of mine	माय ब्रदर्स/ब्रदर्स ऑफ़ माइन
उसके भाई (किसी लड़के के)	His brothers / Brothers of his	हिज़ ब्रदर्स/ब्रदर्स ऑफ़ हिज़
उसके भाई (किसी लड़की के)	Her brothers / Brothers of hers	हर ब्रदर्स/ब्रदर्स ऑफ़ हर्स
तुम्हारा बर्ताव	Your behaviour	यौर बिहेवियर
तुम्हारा रास्ता	Your way	यौर वे
तुम्हारे जैसा	Like you	लाइक यू
बिल्कुल तुम्हारे जैसा	Just like you	जस्ट लाइक यू
उसकी कहानी	His story	हिज़ स्टोरी
उसके बिना	Without him	विदाउट हिम
तुम्हारे बिना	Without you	विदाउट यू
तुम्हारे लिए	For you	फॉर यू
सिर्फ तुम्हारे लिए	Only for you	ओन्ली फॉर यू
उस लड़के के साथ	With that boy	विद दैट बॉय
मेरे लिए	For me	फ़ार मी
तुम्हारे बारे में	About you	अबाउट यू
किसी के पीछे	Behind Someone	बिहान्ड समवन
दीवार के पीछे	Behind the wall	बिहान्ड द वॉल
नदी के किनारे	At the bank of river	ऐट द बैंक ऑफ़ रिवर
8. The only way to do great work is to love what you do. (Steve Jobs)
महान कार्य करने का सिर्फ एक ही तरीका है, आप जो भी करो उसे दिल से करो। (स्टीव जॉब्स)

Lesson – 5

WH Family (WH परिवार)

WH Family के अर्न्तगत वे शब्द आते हैं जिनमें **W** और **H** अक्षरों का प्रयोग होता है तथा जिन्हें प्रायः प्रश्न पूछने हेतु प्रयोग किया जाता है। ये शब्द हैं – **What, When, Where, Whose, Who, How, Whom, Why** व **Which.**

इस चैप्टर में ये शब्द और इनके प्रयोग के साथ बने अधिकतर प्रयोग में आने वाले शब्द समूह दिये गये हैं जिन्हें अच्छी तरह याद कर लीजिए ताकि आने वाले पाठों में आप इनका प्रयोग आसानी से समझ पायें।
आप इन शब्दों व शब्द समूहों का उच्चारण ऑडियो लैक्चर के माध्यम से सुनिये।

एक बात और, जैसा कि पहले उदाहरण में दिया गया है **'What'** का अर्थ है 'क्या ' या 'जो ', आपके मन में एक बात आयेगी कि **'What'** का अर्थ है 'क्या' , ये बात तो मुझे पता है, पर **'What'** का एक और अर्थ है 'जो' , ये बात कुछ समझ नहीं आयी। तथ्य यह है कि जब **'What'** का प्रयोग किसी प्रश्नवाचक वाक्य में किया जाता है तो वहाँ पर **'What'** का अर्थ होता है 'क्या ' और जब **'What'** का प्रयोग **'Conjunction'** की तरह होता है तो **'What'** का अर्थ होता है 'जो '। अब आप सोचेंगे कि **'Conjunction'** क्या है! जब आप **'Conjunction'** चैप्टर पढ़ेंगे, सब समझ आ जायेगा। धैर्य रखिये, फिलहाल इन्हें अच्छी तरह याद कर लें।

WH Family words are those, which comprise the letters "W" & "H" and used primarily in Interrogative sentences. These are: What, When, Where, Whose, Who, How, Whom, Why and Which.

WH family words & related group of words given in this lesson must be learnt by heart. Listen to its pronunciation too.

In the very first example, you can see two different meanings of 'What'; one is 'क्या ' and another one is 'जो '. Fact is, when 'What' is used in interrogative sentences, it's meaning is 'क्या ' but when 'What' is used as a conjunction, it's meaning is 'जो'. You will be taught about 'Conjunctions' in detail a bit later.

1. What	वॉट (वट)	क्या, जो
2. Why	वाय	क्यों
3. When	वैन	कब, जब
4. Where	वेयर	कहाँ, जहाँ
5. How	हाव	कैसे
6. Who	हू	कौन, जो (किसी व्यक्ति के लिए)
7. Which	विच	कौन सा, जो (किसी चीज़ के लिए)
8. Whose	हूज़	किसका, जिसका
9. Whom	हूम	किसे, किससे, किसको
10. How many	हाव मैनी	कितने (जिन्हें गिना जा सकता है)
11. How much	हाव मच	कितना (जिन्हें गिना नहीं जा सकता)
12. Until when	अंटिल वैन	कब तक

13. Since when	सिन्स वैन	कब से
14. From when	फ्रॉम वैन	कब से
15. For how long	फॉर हाव लॉग	कब से
16. With whom	विद हूम	किसके साथ
17. For whom	फॉर हूम	किसके लिए
18. About whom	अबाउट हूम	किसके बारे में
19. Towards whom	टुवर्ड्स हूम	किसकी तरफ़
20. By whom	बाय हूम	किसके द्वारा
21. From where	फ्रॉम वेयर	कहाँ से, जहाँ से
22. For what	फॉर वट	किसलिए, जिसलिए
23. What for	वट फॉर	किसलिए , जिसलिए
24. How beautiful	हाव ब्यूटिफुल	कितनी सुन्दर
25. How far	हाव फार	कितना दूर
26. How good	हाव गुड	कितना अच्छा
27. How long	हाव लॉंग	कितना लम्बा
28. How old	हाव ओल्ड	कितना पुराना या कितना बड़ा (उम्र में)
29. How soon	हाव सून	कितनी जल्दी
30. In what way	इन वट वे	किस तरह से
31. At what way	एट वट वे	किस तरह से
32. What else	वट ऐल्स	और क्या
33. Whatever	वटैवर	जो कुछ भी
34. Whatsoever	वटसोऐवर	जो कुछ भी
35. What then	वट दैन	तो क्या, तब क्या, फिर क्या
36. What type of	वट टाइप ऑफ	किस तरह का
37. Whenever	वैनैवर	जब कभी
38. When so ever	वैनैसोऐवर	जब कभी
39. Whence	वैन्स	कहाँ से, जहाँ से
40. Whereas	वेयरऐज	जबकि
41. Where in	वेयर इन	जिसमें
42. Whichever	विचऐवर	जो कुछ भी
43. Which so ever	विचसोऐवर	जो कुछ भी
44. Which type	विच टाइप	किस तरह का, किस प्रकार का
45. Whoever	हूऐवर	जो कुछ भी
46. Whosoever	हूसोऐवर	जो कुछ भी
47. Why so	वाय सो	ऐसा क्यों
48. From which office	फ्रॉम विच ऑफिस	किस ऑफिस से
49. From whose office	फ्रॉम हूज़ ऑफिस	किसके ऑफिस से
50. With which boy	विद विच बॉय	किस लड़के के साथ
51. Towards which city	टुवर्ड्स विच सिटी	किस शहर की तरफ़
52. From which street	फ्रॉम विच स्ट्रीट	किस गली से
53. For which company	फ्रॉम विच कम्पनी	किस कम्पनी के लिए
54. By which gun	बाय विच गन	किस बन्दूक से
55. In which glass	इन विच ग्लास	किस गिलास में
56. With who people	विद हू पीपल	किन लोंगों के साथ
57. For whose son	फॉर हूज़ सन	किसके बेटे के लिए

58. Which brother of mine	विच ब्रदर ऑफ माइन	मेरा कौन सा भाई
59. Which sister of yours	विच सिस्टर ऑफ यौर्स	तुम्हारी कौन सी बहन
60. How many brothers	हाव मैनी ब्रदर्स	कितने भाई
61. How many hairs	हाव मैनी हेअर्स	कितने बाल
62. How many stars	हाव मैनी स्टार्स	कितने तारे
63. How much money	हाव मच मनी	कितना पानी
64. How many such people	हाव मैनी सच पीपल	ऐसे कितने लोग
65. How much sugar	हाव मच शुगर	कितनी चीनी
66. What kind of people	वट काईन्ड ऑफ पीपल	किस तरह के लोग
67. How come	हाव कम	किस तरह / कैसे
68. At what time	ऐट वट टाइम	किस समय
69. What kind of book	वट काइन्ड ऑफ बुक	किस तरह की किताब
70. Which girl's brother	विच गर्ल्स ब्रदर	किस लड़की का भाई
71. Which school's student	विच स्कूल्स स्टूडैंट	किस स्कूल का विधार्थी
72. How many Kilograms of sugar	हाव मैनी किलोग्रैम्स ऑफ शुगर	कितने किलोग्राम चीनी
73. How many glasses of milk	हाव मैनी ग्लासेज़ ऑफ मिल्क	दूध के कितने गिलास
74. How many brothers of mine	हाव मैनी ब्रदर्स ऑफ माइन	मेरे कितने भाई
75. How many brothers of yours	हाव मैनी ब्रदर्स ऑफ यौर्स	तुम्हारे कितने भाई

EnglishWale.com "सक्षम भारत मिशन"

Dear students,

इस Topic के साथ–2 कई Advance English Grammar Topics भी **www.englishwale.com** पर जाकर आप पढ़ सकते हैं। साथ ही साथ ये सभी टॉपिक Video Lectures में भी cover किए गये हैं, इसके लिए आप **"Spoken English Guru"** YouTube Channel में जाकर "Playlist" में जाइए और Lesson-wise Videos देखिए।

मैंने आपके लिए एक **Android App** भी बनाया है। Play Store में Search करिए "Spoken English Guru". दिल से मेहनत करिएगा क्योंकि मेहनत करने वालों की कमी हार नहीं होती। मेरी शुभकामनाएं हमेशा आपके साथ रहेंगी। –

Aditya Sir

Lesson – 6

Parts of Speech- शब्द भेद

किसी भी वाक्य को लिखने व बोलने के लिए शब्दों के समूह का प्रयोग किया जाता है। वाक्य में प्रयोग इन सभी शब्दों को कोई न कोई नाम दिया जाता है। जैसे – संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया आदि।
शब्दों के सही प्रयोग को समझने के लिए ही इन्हें 8 वर्गों में बाँटा गया है जिन्हें शब्द भेद कहते हैं।

Group of words are used together in a specific manner to write or speak a sentence. Every single word in a sentence is given a name i.e. Noun, Pronoun, Verb etc.
To understand the sequence of words so that the sentence delivers the correct message, these words are categorized in 8 categories, which are called the "Parts of Speech".

8 Parts of speech; with their one-liner definitions are:

1. **Noun (संज्ञा)** — किसी भी प्राणी, जगह या वस्तु के नाम को संज्ञा कहते हैं।
2. **Pronoun (सर्वनाम)** — सर्वनाम का प्रयोग संज्ञा की जगह पर किया जाता है।
3. **Verb (क्रिया)** — क्रिया वो है जिसके माध्यम से Subject के कार्य या अवस्था (स्थिति) की जानकारी मिलती है।
4. **Adjective (विशेषण)** — जो किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं या उनके बारे में कुछ अतिरिक्त सूचना देते हैं।
5. **Adverb (क्रिया विशेषण)** — जो किसी क्रिया की, किसी विशेषण की या किसी दूसरे क्रिया विशेषण की विशेषता बताते हैं या उनके बारे में कुछ अतिरिक्त सूचना देते हैं।
6. **Preposition (सम्बन्ध सूचक अव्यय या पूर्वसर्ग)** — Prepositions वो शब्द होते हैं जो किसी संज्ञा या सर्वनाम और वाक्य के दूसरे भाग के बीच के संबंध को दर्शाते हैं।
7. **Conjunction (संयोजक)** — यह दो शब्दों या वाक्यों को जोड़ देते हैं। इससे वाक्य छोटा हो जाता है बिना अर्थ बदले।
8. **Interjection (विस्मयादिबोधक)** — भावनाओं की अभिव्यक्ति करने वाले शब्द व शब्दों के समूह।

आप इनके बारे में आने वाले पाठों में विस्तार से समझने वाले हैं।

महत्वपूर्ण तथ्य (Important Facts):

1. कहीं कहीं Articles (A/An और The) को भी अलग शब्द भेद माना जाता है लेकिन अधिकांशतः ये Adjective (विशेषण) ही कहे जाते हैं क्योंकि ये किसी संज्ञा के बारे में कुछ अतिरिक्त सूचना देते हैं।

जैसे – एक पैन (A Pen)। यहाँ पर "पैन" एक संज्ञा है और "A" का प्रयोग करने से ये पता चलता है कि पैन कितने हैं अर्थात "A" का प्रयोग करने से "पैन" के बारे में अतिरिक्त सूचना मिलती है। यह बात आप तब बेहतर समझ पायेंगे जब आप आने वाले चैप्टरों में सभी शब्द भेदों को अच्छी तरह समझ लेंगे।

Generally, Articles are not considered a separate part of speech; rather classified as adjectives because they modify nouns by mentioning their quantity i.e. as a number (A pen means one pen).

2. जब हम किसी संज्ञा की मात्रा के बारे में बतायें जैसे 1 आदमी, 2 पैन, 3 लोग, 50 कबूतर आदि। तो इस तरह से संज्ञा की मात्रा के बारे में बताने वाली ये संख्याएँ Determiners (निर्धारक) कहलाती हैं। यह Determiners (निर्धारक) भी Adjective (विशेषण) ही माने जाते हैं क्योंकि इनके कारण किसी संज्ञा के बारे में अतिरिक्त सूचना मिलती है। यह कॉन्सेप्ट भी आप आगे आने वाले Determiners (निर्धारक) चैप्टर में पढ़ेंगे।

Determiners are also classified as adjectives because they modify a noun.

Lesson – 7

Noun (संज्ञा)

हम बचपन से यही पढ़ते हुए आ रहे हैं कि संज्ञा किसी व्यक्ति, स्थान या वस्तु का नाम होता है। ये परिभाषा गलत नहीं है पर थोड़ा अधिक जानने की ज़रूरत है। अगर ये परिभाषा सही मान ली जाए, फिर तो किसी जानवर का नाम जैसे किसी कुत्ते का नाम ' टफी ' भी संज्ञा नहीं है। पर ऐसा बिल्कुल नहीं है। नाम चाहे किसी व्यक्ति का हो या फिर किसी जानवर का, उसे संज्ञा ही माना जाता है।

एक बात और – एक शब्द है 'प्यार '। यह एक भाववाचक संज्ञा है। हमारा प्रश्न यह है कि ये तो किसी व्यक्ति, स्थान या वस्तु का नाम नहीं है फिर इसे संज्ञा क्यों मानते हैं ! ये सब बातें आपको इस चैप्टर को पढ़ने का बाद व ऑडियो लैक्चर को सुनने के बाद समझ आ जायेंगी। इस चैप्टर को ध्यान से पढ़िये।

Since childhood, we have been taught that a noun is the name of a person, place or thing. This definition is not incorrect but we need to know a little more. Even if, for an instance we assume, this definition is correct, then why is the name of a dog or any animal for that matter considered a noun ! The fact is, name of any creature is a noun; be it a human or an animal. Similarly, 'love' is an example of abstract noun. It's not a name of a person, place or thing , then why do we take it as a noun ! There are lot many examples as such. Let's understand.

1) Proper Noun (व्यक्तिवाचक संज्ञा)

व्यक्तिवाचक संज्ञा किसी भी प्राणी, जगह या वस्तु का नाम होता है।
Proper Noun is the name of a Creature, place or thing.

Ram	(किसी प्राणी का नाम है) (Name of a Creature)
Tuffy	(किसी प्राणी का नाम है) (Name of a Creature)
Dehradun	(किसी जगह का नाम है) (Name of a Place)
Parker pen	(किसी वस्तु का नाम है) (Name of a Thing)
Usha Fan	(किसी वस्तु का नाम है) (Name of a Thing)

2) Common Noun (जातिवाचक संज्ञा)

जातिवाचक संज्ञा किसी भी प्राणी, जगह या वस्तु की जाति के बारे में बताता है।
Common Noun denotes the class of a Creature, Place or thing.

1. चलिए समझें। माना आपके सामने दो मोबाइल रखे हुए हैं। एक है नोकिया मोबाईल और दूसरा है सैमसंग मोबाईल। दोनों में क्या समानता है ? दोनों मोबाइल हैं। इसलिए "मोबाइल" एक Common Noun है। इन दोनों की जाति "मोबाइल" है।
   Suppose, there are two mobiles. One is nokia's and another one is Samsung's. What is common in both? They both are mobile. So 'mobile' is a common noun.

2. माना आपके सामने दो लड़के खड़े हैं। एक है राम और दूसरा है राजू। दोनों में क्या समानता है ? दोनों लड़के हैं। इसलिए "लड़का" एक Common Noun है। इन दोनों की जाति "लड़का" है।
   Suppose there are two boys; Ram and Raju. What is common in both? They both are boys. So 'boy' is a common noun.

3. माना आपके सामने तीन फैन रखे हुए हैं। एक है उषा फैन, दूसरा है खेतान फैन और तीसरा है हैवल्स फैन। तीनों में क्या समानता है ? तीनों फैन हैं। इसलिए "फैन" एक Common Noun है। इन तीनों की जाति "फैन" है।
There are three fans; one is Usha's, second one is Khaitan's and the third one is Havel's. What is common in them? They all are fans. So 'fan' is a common noun.

4. तीन राज्य हैं। एक है दिल्ली, दूसरा है हरियाणा और तीसरा है बिहार। तीनों में क्या समानता है ? तीनों राज्य हैं। इसलिए "राज्य" एक Common Noun है। इन तीनों की जाति "राज्य" है।
Let's think about three states; Delhi, Hariyana and Bihar. What is common in these? These all are states. So 'State' is a common noun.

3) Collective Noun (समूहवाचक संज्ञा)

समूहवाचक संज्ञा प्राणियों के, जगहों के या वस्तुओं के समूह को दर्शाता है।
Collective Noun denotes the group of creatures, places or things.

People(लोग)	- कई लोगों का समूह	(group of persons)
Crowd(भीड़)	- कई लोगों का समूह	(group of persons)
Batch(बैच)	- कई विद्यार्थियों का समूह	(group of students)
Team(टीम)	- कई खिलाड़ियों का समूह	(group of players)
Bunch(गुच्छा)	- अंगूर का	(group of grapes)
Family(फैमिली)	- परिवार	(group of members)

Few other examples are: Army, Class, Committee, Council, Department, Society, Majority, Minority, Audience, Jury, Company, Corporation etc.

4) Material Noun (पदार्थवाचक संज्ञा)

पदार्थवाचक संज्ञा किसी भी पदार्थ का नाम होता है।
Material Noun denotes the Name of a material.

सोना (Gold), चाँदी (Silver), ताँबा (Copper), ग्लास (Glass), लकड़ी (Wood), पत्थर (Stone) etc.

5) Abstract Noun (भाववाचक संज्ञा)

भाववाचक संज्ञा वो होती है जिसे हम छू या देख नहीं सकते, सिर्फ महसूस किया जा सकता है।
Abstract Noun is something that we can't touch or see; we can only feel it. In other words, A person can't physically interact such things. We can't see, touch, hear, smell or taste these nouns.
ईमानदारी (Honesty), प्यार (Love), चोरी (Theft), घृणा (Hate), वक्त (Time), सोच (Thinking), भावनाएँ (Feelings), गणित (Mathematics), उम्मीद (Expectation) etc.

आपके मन में शायद एक सवाल आये कि 'Love' तो एक क्रिया है फिर ये भाववाचक संज्ञा कैसे है ! कुछ ऐसे शब्द होते हैं जो क्रिया व संज्ञा दोनों की तरह प्रयोग किये जाते है। Love के दो मतलब हैं। एक है 'प्यार' और दूसरा है 'प्यार करना'। पहला वाला Abstract Noun है तो दूसरा वाला क्रिया है। क्योंकि दूसरे वाले में 'करना' का प्रयोग किया गया है जिससे ये पता लगता है कि किसी काम को करने की बात हो रही है। 'प्यार करना' एक काम यानि क्रिया है।

You must be thinking that 'Love' is a verb then how come it's an abstract Noun.
Let me tell you. There are a few words, which can function as nouns in some cases and verbs in other cases, 'Love' is one of them.

Love is life. प्यार ज़िन्दगी है। (यहाँ पर love एक भाववाचक संज्ञा है।Love as an 'Abstract Noun')
I love you. मैं तुम्हें प्यार करता हूँ। (यहाँ पर love एक क्रिया है। Love as a 'Verb')

बहुत ही महत्वपूर्ण बात (Very Important point)–

किसी भी वाक्य में Subject या तो संज्ञा होगी या फिर सर्वनाम। नीचे दिये गये उदाहरणों से समझिए।
In a sentence, Subject is either a noun or a pronoun.

1. ***सफलता बहुत ज़रुरी है।*** ***Success is very important.***

यहाँ पर Subject है – 'Success'. ये कोई सर्वनाम तो है नहीं, इसलिए संज्ञा ही हो सकती है। अब मुद्दा ये है कि ये कौन सी संज्ञा है। ये न किसी व्यक्ति, वस्तु या जगह का नाम है, न कोई जाति है, न कोई समूह है, न ही कोई पदार्थ है तो फिर क्या बचा। अरे हाँ 'Success' को न छू सकते हैं न देख सकते हैं, बिल्कुल साफ है कि ये भाववाचक संज्ञा है।
In above example, Subject is 'Success'. As per the rule, subject can either be a noun or a pronoun. Since it's not a pronoun, it's a noun then. Now the question is, which noun it is! It's not a name of any person, place or thing; it's neither a class; neither a group; nor a material, then what it is? Oh yes!, 'Success' can't be touched or seen, it is abstract noun.

2. ***राम मेरा दोस्त है।*** ***Ram is my friend.***

यहाँ पर Subject है – 'Ram'. ये कोई सर्वनाम तो है नहीं, इसलिए संज्ञा ही हो सकती है। अब मुद्दा ये है कि ये कौन सी संज्ञा है। ये एक व्यक्ति का नाम है, इसलिए ये एक व्यक्तिवाचक संज्ञा है।
In above example, Subject is 'Ram'. As per the rule, subject can either be a noun or a pronoun. Since it's not a pronoun, it's a noun then. Now the question is, which noun it is! It's a name of a person, so it is a proper noun.

3. ***वो मेरा भाई है।*** ***He is my brother.***

यहाँ पर Subject है – 'He'. ये एक सर्वनाम है।
In above example, Subject is 'He'. As per the rule, subject can either be a noun or a pronoun. It's a pronoun.

4. ***ईमानदारी मेरे खून में है।*** ***Honesty is in my blood.***

Subject है – 'Honesty'. पहले उदाहरण की तरह 'Honesty' को न छू सकते हैं न देख सकते हैं, ये एक भाववाचक संज्ञा है।
Subject is 'Honesty'. Just like the first example, it can't be experienced by any of our 5 senses, hence it's clear, it's an abstract noun.

5. ***पढ़ना अच्छी आदत है।*** ***Reading is a good habit.***

Subject है – 'Reading'. आइए सोचें कि यह Subject संज्ञा है या फिर सर्वनाम। ये न ही सर्वनाम है और न ही ऊपर दी गई कोई भी संज्ञा। आपको थोड़ा कन्फ्यूज़न हो रहा होगा कि Read का मतलब तो होता है पढ़ना। ये तो क्रिया है।
लेकिन ध्यान दीजिए कि Read के साथ ing लगाकर इसे Subject की तरह प्रयोग किया गया है। हमने आपको बताया था कि किसी भी वाक्य में Subject या तो संज्ञा होगी या फिर सर्वनाम। तर्क यह है कि अगर किसी क्रिया के आगे ing लगा कर उसे संज्ञा की तरह प्रयोग किया जाये तो उस शब्द को जैरन्ड यानि क्रियावाचक संज्ञा कहते हैं। जो कि इस चैप्टर में आपका अगला टॉपिक है।

Subject is 'Reading'. It's neither a pronoun nor a noun that we have discussed above. You might be getting little confused because 'Read' is a verb. But you must notice that 'read' is attached with 'ing' and used as a subject. We had told you that the subject can either be a noun or a pronoun. It can't be a verb. The fact is; If a verb is added with 'ing' and used as a noun in a sentence, that verb is called 'Gerund'. It's your next topic in this chapter.

Gerund(जैरन्ड) क्रियावाचक संज्ञा

अगर किसी क्रिया के आगे ing लगा कर उसे संज्ञा की तरह प्रयोग किया जाये तो उसे जैरन्ड यानि क्रियावाचक संज्ञा कहते हैं।
If a verb is added with 'ing' and used as a noun in a sentence, that verb is called 'Gerund'.

Verb (क्रिया)	**Verb is used as a Noun.** **Gerund** (क्रियावाचक संज्ञा यानि जैरन्ड)
I love you.	Loving you is a part of my life.
I think about them.	Thinking so much is not good for health.
I read books.	Reading is a good habit.
I run 5 kilometers a day.	Running daily is good for health.
Rahul smokes.	Smoking is injurious to health.

Noun: Two types (in another classification)

Countable Noun ***गणनीय संज्ञा***	जिन्हें गिना जा सकता है। That can be counted.	***Example***: Pen, Boy, Book, Hair, Star, Girl, Man, Cow, City, Paper etc.
Uncountable Noun ***अगणनीय संज्ञा***	जिन्हें गिना नहीं जा सकता। That can't be counted	***Example***: Milk, Sugar, Honesty, Delhi, Money, Love, Hate etc.

आप सोच रहे होंगे कि 'Hair' और 'Star' तो अनगिनत होते हैं फिर इन्हें Countable Noun क्यों कहा गया। देखिए, अनगिनत इसलिए कहते हैं क्योंकि बहुत अधिक होते हैं, गिनना मुश्किल है पर असम्भव तो नहीं है ना। गिन तो सकते ही हैं। दूसरी बात हमने 'Money' को Uncountable Noun कहा है जबकि पैसे को हम गिन सकते हैं। पर ध्यान दीजिए कि अंग्रेज़ी के इस शब्द 'Money' को हम 1 money, 2 money, 3 money आदि नहीं कह सकते इसलिए इसे Uncountable माना जाता है।

You must be thinking that 'Hair' and 'Star' are not possible to count. In fact, counting them is difficult because they are huge in numbers but it's not impossible to count them; we can count them like 1 star, 2 stars, 3 stars, 1 hair, 2 hairs, 3 hairs etc. That's why they are called countable nouns. Secondly, 'Money' is an English word which is considered to be an uncountable noun because we can't say "I have 1 money, 2 money, 3 money etc" so can't count it in numbers.

The Noun: Gender (लिंग)

Masculine Gender (पुल्लिंग)	Feminine Gender (स्त्रीलिंग)	Neuter Gender (नपुंसकलिंग)
It denotes a male. (यह पुरुष जाति का बोध कराता है)	It denotes a Female. (यह स्त्री जाति का बोध कराता है)	It denotes neither male nor female but non living. (न पुरुष जाति न स्त्री जाति, बल्कि यह निर्जीव चीजों का बोध कराता है।)
Example: Boy, Uncle, Brother Gents, Actor etc.	***Example:*** Woman, Girl, Aunt, Sister, Ladies, Actress, Cat, Cow etc.	***Example:*** Book, Pen, Mobile, Laptop, Chair etc.

The Noun: Number (वचन)

Singular (एकवचन)	Plural (बहुवचन)
जब संज्ञा किसी एक प्राणी, जगह या वस्तु का बोध कराये। It denotes one Creature, Place or Thing.	जब संज्ञा एक से अधिक प्राणियों, जगहों या वस्तुओं का बोध कराये। It denotes more than one Creature, Place or Thing.
Rat (चूहा)	Rats (एक से ज़्यादा चूहे)
Mouse (चूहिया)	Mice (एक से ज़्यादा चुहिया)
Tooth (एक दाँत)	Teeth (एक से ज़्यादा दाँत)
Man (एक आदमी)	Men (एक से ज़्यादा आदमी)
Woman (एक औरत)	Women (एक से ज़्यादा औरतें)
Girl (एक लड़की)	Girls (एक से ज़्यादा लड़कियाँ)

The Noun: Always ending with 's'

कुछ ऐसे Noun भी होते हैं जिनके अन्त में हमेशा 's' लगता है। पर ये बहुवचन नहीं होते।
There are a few nouns, which always end with 's', but they are always plurals.

Scissors (सीज़र्स)	कैंची
Trousers (ट्राऊज़र्स)	पैंट
Binoculars (बाइनोकुलर्स)	दूरबीन
Spectacles (स्पैक्टेकल्स)	चश्मा
Mathematics (मैथेमैटिक्स)	गणित
News (न्यूज़)	समाचार

EnglishWale.com "सक्षम भारत मिशन"

Dear students,
इस Topic के साथ–2 कई Advance English Grammar Topics भी **www.englishwale.com** पर जाकर आप पढ़ सकते हैं। साथ ही साथ ये सभी टॉपिक Video Lectures में भी cover किए गये हैं, इसके लिए आप **"Spoken English Guru"** YouTube Channel में जाकर "Playlist" में जाइए और Lesson-wise Videos देखिए।

मैंने आपके लिए एक **Android App** भी बनाया है। Play Store में Search करिए "Spoken English Guru". दिल से मेहनत करिएगा क्योंकि मेहनत करने वालों की कमी हार नहीं होती। मेरी शुभकामनाएं हमेशा आपके साथ रहेंगी। –

Aditya Sir

Lesson – 8

Pronoun (सर्वनाम)

"सर्वनाम का प्रयोग संज्ञा की जगह पर किया जाता है।"
"Pronoun is usually a substitute for a noun."

नीचे दिये गये दो उदाहरणों की मदद से समझने का प्रयत्न करिए –

1. "राम अच्छा लड़का है। राम मेरा दोस्त है। राम के पापा मेरे पापा के साथ काम करते हैं।"
   Ram is a good boy. Ram is my friend. Ram's father works with my father.

2. "राम अच्छा लड़का है। *वो* मेरा दोस्त है। *उसके* पापा मेरे पापा के साथ काम करते हैं।"
   Ram is a good boy. *He* is my friend. *His* father works with my father.

बार–2 'राम' कहने के बजाय, दूसरे उदाहरण में 'वो' व 'उसके' का प्रयोग किया गया है, जिससे वाक्य के अर्थ में कोई बदलाव नहीं आया है, बल्कि वाक्य ज़्यादा बेहतर हो गया है। चूँकि राम एक संज्ञा है इसलिए वाक्य में राम की जगह पर प्रयोग किये जाने वाले शब्द 'वो' व 'उसके' सर्वनाम हैं।
'He' & 'His' are being used as substitutes of 'Ram' in example no.2, which doesn't change the meaning of the sentence. These such words, replacing noun; 'He' & 'His' are called pronouns.

इस चैप्टर की ऑडियो लैक्चर ज़रुर सुनिए ताकि सभी कॉन्सेन्ट व उदाहरण बेहतर तरीके से समझ पायें।

Types (प्रकार)

नीचे दी गयी तालिका पर गौर करिये। (Look at the table below)

Subjective Pronoun	***Objective Pronoun***	***Possessive Pronoun***		***Reflexive Pronoun***
यह Subject में प्रयोग किये जाते हैं।	यह Object में प्रयोग किये जाते हैं।	इस तरह के Pronoun का प्रयोग ये बताने के लिए किया जाता है कि यह किसका है – मेरा, तुम्हारा, उसका, उनका या फिर किसी और का।		इस Pronoun का प्रयोग तब किया जाता है जब Subject खुद के बारे में बताता हो।
I मैं	**Me** मुझे या मेरे	**My** मेरा	**Mine** मेरा	**Myself** मैं खुद
He वह, वो (एक पुरूष)	**Him** उसे, उसको, उनको (एक पुरूष को)	**His** उसका (एक पुरूष का)	**His** उसका (एक पुरूष का)	**Himself** वो खुद (एक पुरूष)
She वह, वो (एक स्त्री)	Her उसे, उसको, उनको (एक स्त्री को)	**Her** उसका (एक स्त्री का)	**Hers** उसका (एक स्त्री का)	**Herself** वो खुद (एक स्त्री)
You तुम, आप (तुम/आप एक व्यक्ति हो सकते हो या एक से ज़्यादा व्यक्ति हो सकते हो)	**You** तुम्हें, तुम्हारे/आपको, आपके (तुम/आप एक हो सकते हो या एक से ज़्यादा हो सकते हो)	**Your** तुम्हारा/आपका (तुम/आप एक हो सकते हो या एक से ज़्यादा हो सकते हो)	**Yours** तुम्हारा/आपका (तुम/आप एक हो सकते हो या एक से ज़्यादा व्यक्ति हो सकते हो)	**Yourself/ Yourselves** तुम/आप खुद (तुम/आप एक व्यक्ति हो सकते हो या एक से ज़्यादा व्यक्ति हो सकते हो)

They वे, वो (एक से ज़्यादा व्यक्ति)	**Them** उनके (एक से ज़्यादा व्यक्तियों के)	**Their** उनका (एक से ज़्यादा व्यक्तियों का)	**Theirs** उनका (एक से ज़्यादा व्यक्तियों का)	**Themselves** वो खुद / वे खुद (एक से ज़्यादा व्यक्ति)
We हम (एक से ज़्यादा व्यक्ति)	**Us** हमारे (एक से ज़्यादा व्यक्तियों के)	**Our** हमारा (एक से ज़्यादा व्यक्तियों का)	**Ours** हमारा (एक से ज़्यादा व्यक्तियों का)	**Ourselves** हम खुद (एक से ज़्यादा व्यक्ति)

Difference between possessive cases

My, Mine	मेरा	Your, Yours	तुम्हारा
Our, Ours	हमारा	His	उसका (एक पुरूष का)
Her, Hers	उसका (एक स्त्री का)	Their, Theirs	उनका (एक से ज़्यादा लोगों का)

'My' और 'Mine' दोनों का मतलब 'मेरा' है पर अगर वाक्य में "मेरा" अकेले आये तो Mine का प्रयोग करते हैं और अगर 'मेरा' के साथ कुछ और जुड़ा हुआ हो जैसेः मेरा भाई, मेरे दोस्त आदि तो 'मेरा' के लिए 'My' का प्रयोग करते हैं। बिल्कुल इसी तरह, 'Your' और 'Yours' दोनों का मतलब 'तुम्हारा' है पर अगर वाक्य में "तुम्हारा" अकेले आये तो Yours का प्रयोग करते हैं और अगर 'तुम्हारा' के साथ कुछ और जुड़ा हुआ हो जैसेः तुम्हारा भाई, तुम्हारा दोस्त आदि तो 'तुम्हारा' के लिए 'Your' का प्रयोग करते हैं।

Example:

तुम मेरे भाई हो। You are my brother. (यहाँ पर मेरे के साथ भाई लगा हुआ है इसलिए My का प्रयोग किया गया)
तुम मेरे हो। You are mine. (यहाँ पर मेरे के साथ कुछ नहीं लगा है इसलिए Mine का प्रयोग किया गया)
ये मेरी किताब है। This is my book. (यहाँ पर मेरी के साथ किताब है इसलिए My का प्रयोग किया गया)
ये किताब मेरी है। This book is mine. (यहाँ पर मेरी के साथ कुछ नहीं लगा है, किताब तो Subject का हिस्सा है इसलिए Mine का प्रयोग किया।)

Subjective Pronoun Example

1. वो पागल है। — He is mad.
2. हम देहरादून में थे। — We were in Dehradun.

Objective Pronoun Example

1. राम मेरे साथ था। — Ram was with me.
2. पापा ने मुझे डाँटा। — Dad scolded me.
3. बच्चा तुम्हें देख रहा है। — Baby is watching you.
4. पापा ने उनके लिए बहुत कुछ किया। — Papa did a lot for them.

Possessive Pronoun Example

1. राम मेरा सबसे छोटा बेटा है। — Ram is my youngest son.
2. दिल तुम्हारा है, मेरा नहीं। — Heart is yours, not mine.
3. मेरा दिल रो रहा था। — My heart was crying.
4. भाई उसका है, राम का नहीं है। — Brother is his/hers, not Ram's.
5. तुम मेरे नहीं थे। — You were not mine.

Reflexive Pronoun Example

1. मैं ये खुद करूँगा। — I will do it myself.
2. वो वहाँ अपने आप जायेगा। — He will go there himself.
3. ये आप खुद करिए। — Do it yourself.

Lesson – 9

Adjective (विशेषण)

विशेषण वो शब्द या शब्दों का समूह (उपवाक्य) होते हैं जो किसी संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं या फिर उस संज्ञा या सर्वनाम के बारे में कुछ अतिरिक्त सूचना देते हैं। ये भी कह सकते हैं कि विशेषण किसी संज्ञा या सर्वनाम का वर्णन करते हैं।

Adjectives are the words or the group of words that show the quality of noun/pronoun or provide some additional information about them. In other words, Adjectives describe a noun or pronoun.

आइए कुछ उदाहरण देखें।
Let's see some examples.

1) Ram is brave. (राम बहादुर है)

'बहादुर' होना राम की विशेषता है। चूँकि राम एक संज्ञा है इसलिए 'Brave' एक विशेषण है।
To be 'Brave' is the quality of Ram. Since Ram is a noun, hence Brave is an adjective.

2) He was brave. (वह बहादुर है)

'बहादुर' होना उसकी यानि 'He' की विशेषता है। चूँकि "वह" यानि 'He' एक सर्वनाम है इसलिए 'Brave' एक विशेषण है।
To be 'Brave' is the quality of 'He'. Since 'He' is a pronoun, hence Brave is an adjective.

3) I have some/much water. (मेरे पास थोड़ा/बहुत पानी है)

पानी एक संज्ञा है इसके साथ 'थोड़ा' या 'ज़्यादा' लगाने से पानी की मात्रा के बारे में पता चल रहा है। यानि यह शब्द पानी के बारे में कुछ अतिरिक्त सूचना दे रहा है इसलिए 'some/much' एक विशेषण है।
Here, we have used 'some/much' with water. It gives an idea about the amount of water. So using 'some' or 'much' gives some additional information about water. 'Water' is a noun so 'some/much' is an adjective.

4) Aman is my brother who plays with you. (अमन मेरा भाई है जो तुम्हारे साथ खेलता है)

इस वाक्य में जैसे ही कहा गया कि "जो तुम्हारे साथ खेलता है" , इससे अमन के बारे में कुछ अतिरिक्त बात पता लगती है कि वो तुम्हारे साथ खेलता है, चूँकि अमन एक व्यक्ति का नाम यानि संज्ञा है इसलिए संज्ञा के बारे में कुछ अतिरिक्त सूचना देने वाला यह वाक्य "जो तुम्हारे साथ खेलता है" एक विशेषण उपवाक्य है।
In this sentence, when said "who plays with you", it provides additional information about Aman that he plays with you. Since Aman is the name of a person, means a noun, hence, the clause 'who plays with you', which provides additional information about a noun is an adjective clause.

5) He is Ram who is older than I. (वो राम है जो मुझसे बड़ा है)

जब हम ये कहते हैं कि "जो मुझसे बड़ा है" , तो हमें राम के बारे में कुछ अतिरिक्त बात पता लगती है इसलिए यह वाक्य "जो मुझसे बड़ा है" एक विशेषण उपवाक्य है।
When We say "who is older than I", it gives us some additional information about Ram, who is a noun. Hence, this clause 'who is older than I' is an adjective clause.

प्रायः विशेषणों की तीन degrees होती हैं–
Generally, There are three degrees of adjectives-

1. *Positive*
2. *Comparative*
3. *Superlative*

Use of 'er' / 'est'

	Positive	***Comparative***	***Superlative***
1.	Tall (कद में लम्बा)	Taller(ज़्यादा लम्बा)	Tallest(सबसे ज़्यादा लम्बा)
2.	Short (कद में छोटा)	Shorter(ज़्यादा छोटा)	Shortest (सबसे ज़्यादा छोटा)
3.	Big (बड़ा)	Bigger(ज़्यादा बड़ा)	Biggest (सबसे ज़्यादा बड़ा)
4.	Small (छोटा)	Smaller(ज़्यादा छोटा)	Smallest (सबसे ज़्यादा छोटा)
5.	Great (महान)	Greater(ज़्यादा महान)	Greatest (सबसे ज़्यादा महान)
6.	Lengthy(लम्बा)	Lengthier(ज़्यादा लम्बा)	Lengthiest (सबसे ज़्यादा लम्बा)
7.	Long (लम्बा)	Longer(ज़्यादा लम्बा)	Longest (सबसे ज़्यादा लम्बा)
8.	Wide (चौड़ा)	Wider(ज़्यादा चौड़ा)	Widest (सबसे ज़्यादा चौड़ा)
9.	High (ऊँचा)	Higher(ज़्यादा ऊँचा)	Highest (सबसे ज़्यादा ऊँचा)
10.	Deep (गहरा)	Deeper(ज़्यादा गहरा)	Deepest (सबसे ज़्यादा गहरा)
11.	Black (काला)	Blacker(ज़्यादा काला)	Blackest (सबसे ज़्यादा काला)
12.	White (सफ़ेद)	Whiter(ज़्यादा सफ़ेद)	Whitest (सबसे ज़्यादा सफ़ेद)
13.	Bitter (कड़वा)	Bitterer(ज़्यादा कड़वा)	Bitterest (सबसे ज़्यादा कड़वा)
14.	Sweet (मीठा)	Sweeter (ज़्यादा मीठा)	Sweetest (सबसे ज़्यादा मीठा)
15.	Sour (खट्टा)	Sourer(ज़्यादा खट्टा)	Sourest (सबसे ज़्यादा खट्टा)
16.	Clean (साफ)	Cleaner(ज़्यादा साफ)	Cleanest (सबसे ज़्यादा साफ)
17.	Dirty (गंदा)	Dirtier(ज़्यादा गंदा)	Dirtiest (सबसे ज़्यादा गंदा)
18.	Cold (ठंडा)	Colder(ज़्यादा ठंडा)	Coldest (सबसे ज़्यादा ठंडा)
19.	Hot (गर्म)	Hotter(ज़्यादा गर्म)	Hottest (सबसे ज़्यादा गर्म)
20.	Fast (तेज़)	Faster(ज़्यादा तेज़)	Fastest (सबसे ज़्यादा तेज़)
21.	Slow (हल्का)	Slower(ज़्यादा हल्का)	Slowest (सबसे ज़्यादा हल्का)
22.	Hard (कठोर)	Harder(ज़्यादा कठोर)	Hardest (सबसे ज़्यादा कठोर)
23.	Tough (कठोर)	Tougher (ज़्यादा कठोर)	Toughest (सबसे ज़्यादा कठोर)
24.	Soft (मुलायम / कोमल)	Softer(ज़्यादा मुलायम / कोमल)	Softest (सबसे ज़्यादा मुलायम)
25.	Rich (अमीर)	Richer(ज़्यादा अमीर)	Richest (सबसे ज़्यादा अमीर)
26.	Poor (गरीब)	Poorer(ज़्यादा गरीब)	Poorest (सबसे ज़्यादा गरीब)
27.	Strong (मजबूत)	Stronger(ज़्यादा मजबूत)	Strongest (सबसे ज़्यादा मजबूत)
28.	Weak (कमजोर)	Weaker(ज़्यादा कमजोर)	Weakest (सबसे ज़्यादा कमजोर)
29.	Heavy(भारी)	Heavier(ज़्यादा भारी)	Heaviest (सबसे ज़्यादा भारी)
30.	Light (हल्का)	Lighter(ज़्यादा हल्का)	Lightest (सबसे ज़्यादा हल्का)
31.	Young(उम्र में छोटा, जवान)	Younger (उम्र में ज़्यादा छोटा)	Youngest (उम्र में सबसे छोटा)
32.	Old (उम्र में बड़ा, पुराना)	Older/Elder(ज़्यादा बड़ा / पुराना)	Oldest/Eldest(सबसे बड़ा / पुराना)
33.	Bright(चमकीला)	Brighter (ज़्यादा चमकीला)	Brightest (सबसे ज़्यादा चमकीला)
34.	Clever(चालाक)	Cleverer (ज़्यादा चालाक)	Cleverest (सबसे ज़्यादा चालाक)
35.	Dear(प्यारा)	Dearer (ज़्यादा प्यारा)	Dearest (सबसे ज़्यादा प्यारा)

36.	Loud (ऊँची आवाज)	Louder(ज़्यादा ऊँची आवाज)	Loudest (सबसे ऊँची आवाज)
37.	Near (करीब)	Nearer(ज़्यादा करीब)	Nearest (सबसे ज़्यादा करीब)
38.	Soon (जल्दी)	Sooner(ज़्यादा जल्दी)	Soonest (सबसे ज़्यादा जल्दी)
39.	Wise (बुद्धिमान)	Wiser(ज़्यादा बुद्धिमान)	Wisest (सबसे ज़्यादा बुद्धिमान)
40.	Pure (पवित्र, साफ)	Purer(ज़्यादा पवित्र, साफ)	Purest (सबसे ज़्यादा पवित्र, साफ)
41.	Brave (बहादुर)	Braver(ज़्यादा बहादुर)	Bravest (सबसे ज़्यादा बहादुर)

Use of more/most

1.	Active(तेजतर्रार)	More Active (ज़्यादा तेजतर्रार)	Most Active (सबसे ज़्यादा तेजतर्रार)
2.	Beautiful (सुन्दर)	More Beautiful(ज़्यादा सुन्दर)	Most Beautiful (सबसे ज़्यादा सुन्दर)
3.	Careful(सावधान)	More Careful (ज़्यादा सावधान)	Most Careful (सबसे ज़्यादा सावधान)
4.	Cheerful (खुश)	More Cheerful (ज़्यादा खुश)	Most Cheerful (सबसे ज़्यादा खुश)
5.	Dangerous (खतरनाक)	More Dangerous (ज़्यादा खतरनाक)	Most Dangerous (सबसे ज़्यादा खतरनाक)
6.	Difficult(मुश्किल)	More Difficult (ज़्यादा मुश्किल)	Most Difficult (सबसे ज़्यादा मुश्किल)
7.	Diligent (मेहनती)	More Diligent (ज़्यादा मेहनती)	Most Diligent (सबसे ज़्यादा मेहनती)
8.	Famous(प्रसिद्ध)	More Famous (ज़्यादा प्रसिद्ध)	Most Famous (सबसे ज़्यादा प्रसिद्ध)
9.	Foolish(मूर्ख)	More Foolish (ज़्यादा मूर्ख)	Most Foolish (सबसे ज़्यादा मूर्ख)
10.	Harmful(हानिकारक)	More Harmful (ज़्यादा हानिकारक)	Most Harmful (सबसे ज़्यादा हानिकारक)
11.	Honest(ईमानदार)	More Honest (ज़्यादा ईमानदार)	Most Honest (सबसे ज़्यादा ईमानदार)
12.	Important(महत्वपूर्ण)	More Important (ज़्यादा महत्वपूर्ण)	Most Important (सबसे ज़्यादा महत्वपूर्ण)
13.	Industrious(मेहनती)	More Industrious (ज़्यादा मेहनती)	Most Industrious (सबसे ज़्यादा मेहनती)
14.	Intelligent(बुद्धिमान)	More Intelligent (ज़्यादा बुद्धिमान)	Most Intelligent (सबसे ज़्यादा बुद्धिमान)
15.	Interesting(रोचक)	More Interesting (ज़्यादा रोचक)	Most interesting (सबसे ज़्यादा रोचक)
16.	Popular(प्रसिद्ध)	More Popular (ज़्यादा प्रसिद्ध)	Most Popular (सबसे ज़्यादा प्रसिद्ध)
17.	Powerful(शक्तिशाली)	More Powerful (ज़्यादा शक्तिशाली)	Most Powerful (सबसे ज़्यादा शक्तिशाली)
18.	Patient(धैर्यवान)	More Patient (ज़्यादा धर्यवान)	Most Patient (सबसे ज़्यादा धर्यवान)
19.	Urgent(ज़रुरी)	More Urgent (ज़्यादा ज़रुरी)	Most urgent (सबसे ज़्यादा ज़रुरी)
20.	Useful(उपयोगी)	More useful (ज़्यादा उपयोगी)	Most Useful (सबसे ज़्यादा उपयोगी)

Some adjectives have their comparative and Superlative degrees in an irregular pattern:

1.	Good, Well (अच्छा, ठीक)	Better (बेहतर)	Best(सबसे ज़्यादा अच्छा)
2.	Bad, ill (बुरा)	Worse(ज़्यादा बुरा)	Worst(सबसे ज़्यादा बुरा)
3.	Much, Many(ज़्यादा, कई)	More (और ज़्यादा)	Most(सबसे ज़्यादा)
4.	Little (थोड़ा, कम)	Less, Lesser(और थोड़ा कम)	Least(सबसे ज़्यादा कम)

नीचे दिये गये वाक्यों में विशेषण शब्दों या विशेषण उपवाक्यों को गहरे काले अक्षरों में लिखा हुआ है।
Following are the sentences, where adjectives are written in bold letters.

1. It is a **bright** day.
2. Dehradun is a **huge** city.
3. She is a very **nice** girl.
4. They are **cute**.
5. They both are in a **difficult** situation.
6. I am **taller** than you.

Lesson – 10

Verbs (क्रियाएँ)

मान लीजिए आप बिस्तर पर लेटे हुए किसी को याद कर रहे हैं। आप सोचेंगे कि मैं कोई काम तो कर नहीं रहा, मैं तो सिर्फ बिस्तर पर लेटा हूँ। यूँ तो किसी को याद करते समय आपके हाथ पैर स्थिर हो सकते हैं लेकिन दिमाग तो चल रहा है न। इसलिए 'याद करना' भी एक क्रिया है जिसे अंग्रेज़ी में कहते हैं **'miss'. Miss** मतलब याद करना।
इसलिए ये मत सोचिए कि क्रिया का मतलब सिर्फ वो काम है जिसमें आपके हाथ–पैर प्रयोग में लाये जा रहे हों। सही मायने में क्रिया का अर्थ है कोई भी काम। फिर चाहे वो केवल दिमाग से ही क्यों न किया जा रहा हो।

Suppose, you are lying on the bed and missing someone. You might think of doing no physical work but still you must remember that your brain is functioning, hence such a work 'miss', even if being performed by your brain, is also considered as a verb.

क्रिया वो है जिसके माध्यम से Subject के कार्य या अवस्था (स्थिति) की जानकारी मिलती है।
Verb is the one, which describes the action or the state of the subject.

आइए समझें (Let's understand) –

माना मैं कहूँ "अयाँश सो रहा है।" इस वाक्य में है Subject है – अयाँश और Verb है – सोना। इस वाक्य में Subject के कार्य की जानकारी मिलती है। यहाँ पर Subject सोने का कार्य कर रहा है।
इसी तरह, मान लीजिए मैं कहूँ "अयाँश 8 महीने का है।" Subject है – अयाँश। यहाँ पर अयाँश कोई कार्य नहीं कर रहा बल्कि उसके बारे में तो सिर्फ बताया गया है कि वह 8 महीने का है। इस वाक्य में Subject के कार्य की नहीं बल्कि अवस्था की जानकारी मिलती है। अवस्था का सीधा तात्पर्य यह है कि Subject किस समय में – वर्तमान में, बीते हुए कल में या फिर आने वाले कल में किस अवस्था में है।

गौर करिए –

Ayansh is **sleep**ing. (अयाँश सो रहा है।)
(अयाँश सोने का कार्य कर रहा है। इस वाक्य में Subject के कार्य की जानकारी मिलती है।)

Ayansh **is** 8 months old. (अयाँश 8 महीने का है।)
(इस वाक्य में Subject के कार्य की नहीं बल्कि वर्तमान अवस्था की जानकारी मिलती है।)

Ayansh **was** 8 months old. (अयाँश 8 महीने का था।)
(इस वाक्य में Subject के कार्य की नहीं बल्कि बीते हुई समय की एक अवस्था की जानकारी मिलती है।)

Ayansh **will be** 8 months old.
(इस वाक्य में Subject के कार्य की नहीं बल्कि आने वाले समय की एक अवस्था की जानकारी मिलती है।)

जिन वाक्यों में Subject किसी कार्य को कर रहा हो ऐसे वाक्य "Tenses(काल)" में आते हैं और जिन वाक्यों में Subject कोई कार्य न कर रहा है, केवल Subject की अवस्था/स्थिति के बारे में बताया गया हो, ऐसे वाक्य "Simple Sentences(सरल वाक्य)" में आते हैं। दोनों तरह के वाक्यों को आप आगे आने वाले चैप्टर्स में विस्तार से पढ़ेंगे।

क्रियाएँ दो प्रकार की होती हैं (Verbs are of two types):

a) मुख्य क्रिया (Main Verb)

यह क्रिया subject के कार्य की जानकारी देती है। मुख्य क्रिया का सीधा सा मतलब है कोई भी काम जैसे नाचना, गाना, सोचना, पढना, लिखना, देखना, हिलना, याद करना, पीटना आदि।

Main verb describes the action of the subject such as to dance, to sing, to think, to read, to write, to see, to move, to miss, to beat etc.

जरुरी नहीं कि काम वही हो जो हाथ पैरों से यानि physical हो। अगर आप कुछ सोच भी रहे हैं तो भी दिमाग काम कर रहा है यानि Mental work हो रहा है इसलिए ***सोचना*** भी एक कार्य ही है।

Action doesn't only mean the physical work. When you think, your brain works, so 'to think' is also an action ; hence it is a verb.

b) सहायक क्रिया (Helping Verb/Auxiliary Verb)

यह क्रिया subject की अवस्था के बारे में बताती है। subject के अनुसार Helping verb का प्रयोग किया जाता है।

Examples: is, am, are, was, were, has, have, had, do, does, did, will etc.

Main verbs की तीन forms होती हैं, कुछ महत्वपूर्ण उदाहरण निम्नलिखित हैं –

1st form	*2nd form*	*3rd form*
Go (जाना)	went	gone
Meet (मिलना)	met	met
Come (आना)	came	come
Leave (छोड़ना)	left	left
Find (पाना)	found	found
Live (रहना)	lived	lived
Get (पाना)	got	got, gotten
Stay (ठहरना)	stayed	stayed
Dance (डांस करना)	danced	danced
Play (खेलना)	played	played
Sit (बैठना)	sat	sat
Tear (फाड़ना)	tore	torn
Stand (खड़े होना)	stood	stood
Start (शुरु करना)	started	started
Laugh (हँसना)	laughed	laughed
Fill (भरना)	filled	filled
Smile (मुस्कुराना)	smiled	smiled
Send (भेजना)	sent	sent
Write (लिखना)	wrote	written
Prepare (तैयार करना)	prepared	prepared
Read (पढ़ना)	read (रैड)	read (रैड)
Weep (रोना)	wept	wept
Eat (खाना)	ate	eaten

Shout (चिल्लाना)	shouted	shouted
Drink (पीना)	drank	drunk
Run (दौड़ना)	ran	run
Wear (पहनना)	wore	worn
Get up (उठना)	got up	got up
Cost (मूल्य होना)	cost	cost
Thank (धन्यवाद देना)	thanked	thanked
Move (हिलना, हिलाना)	moved	moved
Sound (सुनने में लगना)	sounded	sounded
See (देखना)	saw	seen
Touch (छूना)	touched	touched
Look (देखना)	looked	looked
Learn (सीखना)	learned	learned/learnt
Watch (देखना)	watched	watched
Cook (खाना पकाना)	cooked	cooked
Catch (पकड़ना)	caught	caught
Teach (पढाना)	taught	taught
Hang (लटकना, लटकाना)	hung	hung
Bring (लाना)	brought	brought
Comb (बाल बनानाा)	combed	combed
Take (लेना)	took	taken
Ride (2 wheeler चलाना)	rode	ridden (रिडन)
Give (देना)	gave	given
Drive (4 wheeler चलाना)	drove	driven (ड्रिवन)
Break (तोड़ना)	broke	broken
Open (खोलना)	opened	opened
Hold (पकड़ना)	held	held
Close (बन्द करना)	closed	closed
Shiver (काँपना)	shivered	shivered
Sleep (सोना)	slept	slept
Bother (परेशान करना)	bothered	bothered
Sing (गाना)	sang	sung
Know (जानना)	knew	known
Cut (काटना)	cut	cut
Think (सोचना)	thought	thought
Put (रखना)	put	put
Speak (बात करना)	spoke	spoken
Walk (चलना, घूमना)	walked	walked
Seem (लगना)	seemed	seemed
Talk (बात करना)	talked	talked
Feel (महसूस करना)	felt	felt
Say (कहना)	said	said
Work (करना)	worked	worked
Tell (बताना)	told	told
Want (चाहना)	wanted	wanted
Ask (पूछना)	asked	asked
Feed (खिलाना)	fed (फैड)	fed (फैड)

Complain(शिकायत करना)	complained	complained
Creep(रेंगना)	crept	crept
Seek (ढूँढना)	sought (सॉट)	sought (सॉट)
Dig(खोदना)	dug	dug
Dip(डुबोना)	dipped	dipped
Flee(भाग जाना)	fled	fled
Bite (दाँत से काटना)	bit	bitten
Hide (छिपना)	hid (हिड)	hidden
Begin (शुरु करना)	began (बिगैन)	begun (बिगन)
Dream (सपना देखना)	dreamed, dreamt (ड्रैम्ट)	dreamed, dreamt (ड्रैम्ट)
Show (दिखाना)	showed	showed
Hit (मारना)	hit	hit
Beat (पीटना)	beat (बीट)	beaten (बीटन)
Marry(शादी करना)	married	married
Peep (झाँकना)	peeped	peeped
Plough(हल लगाना)	ploughed	ploughed
Rest(आराम करना)	rested	rested
Rise (उगना या बढ़ना)	rose(रोज़)	risen (रिज़न)
Spit(थूकना)	spat	spat
Hurt (चोट पहुँचाना)	hurt	hurt
Throw (फेंकना)	threw	thrown
Fly (उड़ना)	flew	flown
Abuse(गाली देना)	abused	abused
Add(जोड़ना)	added	added
Tie(बाँधना)	tied	tied
Weave(बुनना)	wove(वोव)	woven(वुवन)
Bathe(नहाना)	bathed(बेद्ड)	bathed(बेद्ड)
Bid(बोली लगाना)	bade (बेड)	bidden (बिडन)
Wring(निचोड़ना या मरोड़ना)	wrung(रंग)	wrung(रंग)
Fall (गिरना)	fell	fallen
Bear (जन्म देना)	bore	born

Very Important:

Lay(रखना)	laid(लेड)	laid(लेड)
Lie (झूठ बोलना)	lied(लाइड)	lied(लाइड)
Lie (लेटना)	lay(ले)	lain(लेन)

DIZNR.COM

Lesson – 11

Adverbs (क्रिया विशेषण)

क्रिया विशेषण वो शब्द या शब्दों का समूह (उपवाक्य) होते हैं जो क्रिया की या फिर विशेषण की या फिर किसी दूसरे क्रिया विशेषण की विशेषता बताते हैं या फिर उनके बारे में कुछ अतिरिक्त सूचना देते हैं। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि क्रिया विशेषण किसी क्रिया को या किसी विशेषण को या किसी दूसरे क्रिया विशेषण को तराशता है या फिर उसका वर्णन करता है।

Adverbs are the words or a clause (group of words) that show the quality of verb/adjective/another adverb or provide some additional information about them. In other words, An Adverb polishes/describes a verb, an adjective or another adverb.

Let's understand with the help of a few examples.
आइए कुछ उदाहरणों की मदद से समझें –

1) Ram runs fast. (राम तेज दौड़ता है)

'तेज' शब्द का प्रयोग करने से दौड़ने के बारे कुछ अतिरिक्त बात पता चलती है। चूँकि दौड़ना(run) एक क्रिया है इसलिए इस क्रिया के बारे में अतिरिक्त सूचना देने वाला यह शब्द 'तेज' एक विशेषण है।
When we add the word 'fast', it modifies/describes the verb 'Run'. Hence the word 'fast' is an adverb.

2) I study till late. (मैं देर तक पढ़ता हूँ)

'देर तक' का प्रयोग करने से "पढ़ने" के बारे कुछ अतिरिक्त बात पता चलती है। चूँकि पढ़ना (study) एक क्रिया है इसलिए इस क्रिया के बारे में अतिरिक्त सूचना देने वाला यह शब्द समूह 'देर तक' एक विशेषण है।
When we add the word 'till late', it modifies/describes the verb 'Study'. Hence 'till late' is an adverb.

3) He is a very good boy. (वो बहुत अच्छा लड़का है।)

ये कहना कि "वो बहुत अच्छा लड़का है।" यहाँ "अच्छा होना" उसकी(He) विशेषता है। चूँकि "वह" यानि He एक सर्वनाम है इसलिए 'good (अच्छा)' एक विशेषण है। अब जब हम कहते हैं 'very good (बहुत अच्छा)' तो 'very' कहना 'good' की भी विशेषता बताता है। चूँकि 'good' एक विशेषण है इसलिए 'very' एक क्रिया विशेषण है।
Here, being 'good' is the quality of 'He', so 'good' is an adjective because 'He' is a pronoun. But when we use 'very', then basically 'very' is showing even the quality of 'good'. Since 'good' is an adjective so 'very' is an adverb because it is polishing an adjective(good).

4) Ram runs very fast. (राम बहुत तेज़ दौड़ता है।)

'fast' एक क्रिया विशेषण है क्योंकि यह एक क्रिया (run) को तराश रहा है यानि उसका गुण बता रहा है। 'very' लगाने से 'fast' को भी तराशा जा रहा है 'very' भी एक क्रिया विशेषण है।
Here 'fast' is an adverb because it polishes a verb 'run' and using 'very' polishes 'fast' so 'very' is basically polishing another adverb(fast), hence 'very' is also an adverb.

5) Ram runs fast, which is good for us. (राम तेज़ दौड़ता है जो हमारे लिए अच्छा है।)

यहाँ पर ये कहना कि "जो हमारे लिए अच्छा है" उसके तेज दौड़ने के गुण के बारे में कुछ अतिरिक्त सूचना दे रहा है इसलिए "जो हमारे लिए अच्छा है" एक क्रिया विशेषण उपवाक्य है।
Saying that 'which is good for us' is basically giving extra information about his quality of running fast. Hence "which is good for us" is an adverb clause.

प्रायः क्रिया विशेषणों की तीन degrees होती हैं – Positive, Comparative and Superlative. पर कुछ क्रिया विशेषणों की degrees नहीं होती हैं। जैसे – "very", "quite" आदि।
Generally, an adverb has three degrees: Positive, Comparative and Superlative. But few adverbs don't have degrees e.g. "very", "quite" etc.

	Positive	***Comparative***	***Superlative***
1.	Fast (तेज़)	Faster(ज़्यादा तेज़)	Fastest(सबसे ज़्यादा तेज़)
2.	Slow (हल्का, धीरे)	Slower(ज़्यादा हल्का)	Slowest (सबसे ज़्यादा हल्का)
3.	Often(अक्सर)	More often(ज़्यादा अक्सर)	Most often (सबसे ज़्यादा अक्सर)
4.	Late (बाद में, देर से)	Later (ज़्यादा देर से)	Last (सबसे ज़्यादा देर से)
5.	In (अन्दर)	Inner (ज़्यादा अन्दर)	Innermost (सबसे ज़्यादा अन्दर)
6.	Up (ऊपर)	Upper (ज़्यादा ऊपर)	Uppermost (सबसे ज़्यादा ऊपर)
7.	Far (दूर)	Farther(ज़्यादा दूर)	Farthest (सबसे ज्यादा दूर)

Few Examples of Adverbs (क्रिया विशेषणों के कुछ उदाहरण)

नीचे सभी उदाहरणों में उस क्रिया को गहरा काला व तिरछा किया गया है जिसकी विशेषता बताने के लिए नीचे दिये गये क्रिया विशेषण प्रयोग किये गये हैं। (The verbs, which are being modified by the use of following adverbs are written bold & italic.)

Afterwards (बाद में)/Soon afterwards (तुरन्त बाद)

1) I will ***come*** afterwards if you are busy now. मैं बाद में आऊँगा अगर आप अभी व्यस्त हैं।
2) You left at 4 pm and soon afterwards, we ***left***. आप 4 बजे निकले और उसके तुरन्त बाद हम निकले।

Again (दोबारा)/Once again (एक बार फिर)/Again & again (बार बार)

1) That girl will ***go*** again. वो लड़की दोबारा जायेगी।
2) I will ***think*** once again. मैं एक बार फिर सोचूँगा।
3) You are ***doing*** the same mistake again and again. तुम बार–बार एक ही गलती कर रहे हो।

Ago (पहले)

2) They ***left*** one hour ago. वे एक घंटे पहले निकले।
3) He had ***come*** here about two years ago. वो यहाँ लगभग दो साल पहले आया था।

Already (पहले से ही)

1) I have already ***told*** you about this. मैं तुम्हें पहले ही इस बारे में बता चुका हूँ।
2) I have already ***listened*** to the this song. मैं पहले से ही ये गाना सुन चुका हूँ।

Away (दूर)

1) You can't ***go*** away from me. तुम मुझसे दूर नहीं जा सकते।
2) ***Stay*** away from that girl. उस लड़की से दूर रहो।

Early (जल्दी)

1) I ***get*** up early in the morning. मैं सुबह जल्दी उठता हूँ।
2) He ***reached*** office pretty early. वह ऑफिस बहुत जल्दी पहुँचा।

Else (कुछ/कहीं/कोई और)

1) He ***went*** somewhere else. / He ***went*** elsewhere. वह कहीं और गया।
2) I don't ***want*** anything else. / I ***want*** nothing else. मैं कुछ और नहीं चाहता।
3) I am ***wearing*** someone else's shirt. मैंने किसी और की शर्ट पहनी है।

Enough (काफी)

1) They are ***preparing*** enough for the exams. वे परीक्षा के लिए काफी तैयारी कर रहे हैं।
2) He ***said*** enough to me . उसने मुझे काफी कुछ कहा।

Ever (कभी)

1) Did you ever ***think*** about this? क्या तुमने कभी इस बारे में सोचा ?
2) Do you ever ***go*** there? क्या तुम कभी वहाँ जाते हो ?
3) This is the best book that I have ever ***read***. ये सबसे अच्छी किताब है जो मैंने कभी पढ़ी है।

Far (दूर, बहुत)

1) He is far more ***experienced*** than you. उसे तुमसे कहीं/बहुत ज़्यादा अनुभव है।
2) He ***swims*** far better than you. वो तुमसे बहुत अच्छा तैरता है।
3) He ***lives*** far away. वो बहुत दूर रहता है।
4) How far can you ***see***? तुम कितनी दूर तक देख सकते हो ?

Hardly/Rarely/Seldom (मुश्किल से ही, शायद ही कभी, शायद ही कुछ)

1) He hardly/rarely/seldom ***comes*** here. वो मुश्किल से ही कभी यहाँ आता है।
2) I could hardly ***hear*** you. मैं मुश्किल से ही तुम्हारी बात सुन सका।
3) I hardly ***ate*** anything yesterday. मैंने कल शायद ही कुछ खाया ।
4) We seldom ***meet*** each other these days. हम इन दिनों मुश्किल से कभी एक दूसरे से मिलते हैं।

Just (बस अभी)

1) I am just ***coming***. मैं बस अभी आ रहा हूँ।
2) The bus has just ***left***. बस अभी–2 निकली है।
3) He has ***left*** just now. वो बस अभी निकला है।
4) How did he just ***solve*** this question? उसने ये प्रश्न बस अभी कैसे कर दिया ?

Never (कभी नहीं)

1) I never ***said*** anything to you. मैंने तुम्हें कभी कुछ नहीं कहा।
2) I never ***thought*** to hurt you. मैंने तुम्हें दुख पहुँचाने की कभी नहीं सोची।
3) She never ***cares*** for me. वो मेरी चिन्ता कभी नहीं करती।

Often/ Pretty often/Quite often/Very often (अक्सर)/ How often (अक्सर कितनी बार)

1) I ***visit*** his home pretty often. — मैं अक्सर उसके घर जाता हूँ।
2) How often do you ***go*** office? — आप अक्सर कितनी बार ऑफिस जाते हो ?

Once (एक बार)/At once (एक साथ)/Once again (एक बार फिर)/Once more (एक बार और)

1) I had ***gone*** there once. — मैं एक बार वहाँ गया था।
2) They all ***shouted*** at once. — वे सारे एक साथ चिल्लाऐ।
3) I ***thought*** once again. — मैंने एक बार फिर सोचा।
4) You must ***read*** this book once more. — तुम्हें यह किताब एक बार और पढ़नी चाहिए।

Only (केवल, इकलौता)

1) He is only ***going*** there. — वो केवल वहाँ जा रहा है।
2) They were only ***drinking*** the water. — वे केवल पानी पी रहे थे।
3) Aman only ***ate*** 5 grapes. — अमन ने केवल पाँच अंगूर खाये।

Quite (बहुत, काफी)

1) She was quite a ***daring*** girl. — वो काफी हिम्मत वाली लड़की थी।
2) Dad is ***doing*** it quite easily. — पापा इसे बहुत आराम से कर रहें हैं।
3) That was quite a ***touching*** moment. — वो बहुत ही दिल छूने वाला पल था।

So (बहुत, ऐसा)

1) Why are you ***saying*** so? — तुम ऐसा क्यों कह रहे हो ?
2) Do you ***think*** so? — क्या तुम ऐसा सोचते हो ?

Together (साथ में)

1) They always ***work*** together. — वे हमेशा साथ काम करते हैं।
2) We ***go*** to class together. — हम क्लास साथ में जाते हैं।
3) It is not possible to ***work*** together. — साथ में काम करना सम्भव नहीं है।

Very (बहुत)

1) He ***runs*** very fast. — वो बहुत तेज़ दौड़ता है।
2) I ***reached*** very early today. — आज मैं बहुत जल्दी पहुँचा।

एक बात ध्यान रहे कि अधिकतर जिन शब्दों के अन्त में **LY** का प्रयोग होता हैं वे <u>क्रिया विशेषण</u> होते हैं।
Kindly note that mostly the words ending with LY are <u>Adverbs</u>.
Examples - Quickly, nicely, firstly, clearly, sincerely etc.

एक बात और ध्यान दीजिएगा, जितने भी शब्द ऊपर उदाहरण में दिये गये हैं जैसे **Quick, nice, first, clear, sincere** आदि, ये सभी **adjective** हैं जो किसी **noun** की विशेषता बताने के लिए लगाए जाते हैं पर जब यही शब्द किसी क्रिया की विशेषता बताने के लिए प्रयोग किये जाने हों तो इनके अन्त में **LY** लगाते ही ये शब्द **adverb** बन जाते हैं।

Ram is nice. राम अच्छा है। राम एक **noun** है इसलिए अच्छा **(nice)** एक **adjective** है।
He danced nicely. वो अच्छी तरह नाचा। नाचना एक **verb** है इसलिए अच्छी तरह **(nicely)** एक **adverb** है।

ऊपर दिये वाक्यों में अच्छा होना **(nice)** किसकी विशेषता है – राम की और अच्छी तरह **(nicely)** किसकी विशेषता है – नाचने की।

Lesson – 12

Interjection (विस्मयादिबोधक)

Interjections का प्रयोग अपनी भावनाओं को व्यक्त करने हेतु किया जाता है। अचानक हुई किसी घटना से मन की भावनाओं का व्यक्त होना जैसे खुशी या दुख प्रकट करना, हैरान होना, शाबाशी देना आदि। भावनाओं को व्यक्त करने के लिए प्रयोग किये गये ऐसे शब्द या वाक्यांशों के अन्त में एक्सक्लेमेशन मार्क (!)लगाया जाता है।

Interjections are used to express sudden feelings or emotions that originate due to sudden joy, grief, surprise, approval etc. Such words or phrases are followed by an exclamation mark (!).

Interjections may express:

- ***Joy*:** (खुशी व्यक्त करने हेतु)
  Hurrah!, Great!, Wow!, Thanks! etc.
- ***Grief*:** (दुख व्यक्त करने हेतु)
  Alas!, Oh my God!, So sorry!, What a tragedy!, How tragic!, Oh no!, How sad! etc.
- ***Surprise*:** (चौंकते हुए भावनाओं को व्यक्त करने हेतु)
Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक)	क्या राम एक अच्छा लड़का नहीं है? Is Ram not a good boy?	क्या मैं तुम्हारे लिए अच्छा नहीं हूँ? Am I not good for you ?	क्या लोग पागल नहीं हैं ? Are People not mad?

अगर वाक्य में कोई WH family है जैसे – कैसे (How), क्यों (Why), कब (When) कहाँ (Where) आदि तो वो Interrogative Sentences के शुरुआत में लगेगी और उसके तुरंत बाद helping verb का प्रयोग किया जाता है।

Hindi Sentence	English Sentence
मैं तुम्हारे लिए अच्छा क्यों हूँ ?	Why am I good for You?
लोग ऐसे क्यों हैं ?	Why are people so?
बच्चे किसके साथ हैं ?	With whom are children?

Category II : Helping Verb – Has/Have

पहचान – इन वाक्यों के अन्त में पास है या फिर भाई/बहन/दोस्त आदि हैं का प्रयोग होता है।

Third Person Singular Subject के साथ – Has
बाकी Subjects के साथ – Have

Hindi Sentence	English Sentence	Explanation
पूजा के पास एक किताब है।	Pooja has a book.	Subject (Pooja) 'Third Person Singular Subject' है इसलिए has का प्रयोग हुआ है।
मेरे दो भाई हैं।	I have two brothers.	Subject (I) 'First Person Singular Subject' है इसलिए have का प्रयोग हुआ है।
कुल्दीप का एक भाई है।	Kuldeep has one brother.	Subject (Kuldeep) 'Third Person Singular Subject' है इसलिए has का प्रयोग हुआ है।
मेरी सास के दो भाई हैं।	My mother in law has two brothers.	Subject (My mother in law) 'Third Person Singular Subject' है इसलिए has का प्रयोग हुआ है।
मेरे पापा के 5 भाई हैं।	My father has five brothers.	Subject (My father) 'Third Person Singular Subject'है इसलिए has का प्रयोग हुआ है।

Negative Sentences : Doesn't have/Don't have (पास नहीं है)

'Third Person Singular Subject' के साथ - *Doesn't have* का प्रयोग
बाकी Subjects के साथ - *Don't have* का प्रयोग

Hindi Sentence	English Sentence	Explanation
राम के पास किताब नहीं है।	Ram doesn't have a book.	Subject (Ram) 'Third Person Singular Subject' है इसलिए doesn't have का प्रयोग हुआ है।
मेरे दो भाई नहीं हैं।	I don't have two brothers.	Subject (I) 'First Person Singular Subject' है इसलिए don't have का प्रयोग हुआ है।
उसकी तीन बहनें नहीं हैं।	He/She doesn't have three sisters.	Subject (He/She) 'Third Person Singular Subject' है इसलिए doesn't have का प्रयोग हुआ है।

चारों प्रकार के वाक्य (Sentences)

Sentence के प्रकार (Sentence Type)	उदाहरण 1 Example-1	उदाहरण 2 Example-2
Affirmative (सकारात्मक)	राम के पास किताब है। Ram has a book.	मेरे दो भाई हैं। I have two brothers.
Negative (नकारात्मक)	राम के पास किताब नहीं है। Ram doesn't have a book.	मेरे दो भाई नहीं हैं। I don't have two brothers.
Interrogative (प्रश्नवाचक)	क्या राम के पास किताब है ? Does Ram have a book ?	क्या मेरे दो भाई हैं ? Do I have two brothers?
Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक)	क्या राम के पास किताब नहीं है ? Does Ram not have a book ?	क्या मेरे दो भाई नहीं हैं ? Do I not have two brothers?
With 'Wh' family	राम के पास किताब क्यों नहीं है ? *Why* does Ram not have a book ?	मेरे कितने भाई हैं ? *How many brothers* do I have?

Simple Past

Category I : ***Helping Verb – Was/Were***

पहचान – इन वाक्यों के अन्त में था, थे, थी का प्रयोग होता है।

Singular Subject के साथ – Was Plural Subject के साथ – Were

Hindi Sentence	English Sentence	Explanation
राम एक अच्छा लड़का था।	Ram was a good boy.	Subject (Ram) 'Singular Subject' है इसलिए was का प्रयोग हुआ है।
सब पागल थे ।	All were mad.	Subject (All) 'Plural Subject' है इसलिए were का प्रयोग हुआ है।

मैं हमेशा तुम्हारे साथ था ।	I was always with you.	'I' एक 'Singular subject' है इसलिए was का प्रयोग हुआ है।
सभी मेरे दुश्मन थे।	All were my enemies.	Subject (All) 'Plural Subject' है इसलिए were का प्रयोग हुआ है।

चारों प्रकार के वाक्य (Sentences)

Sentence के प्रकार (Sentence Type)	**उदाहरण 1 Example-1**	**उदाहरण 2 Example-2**
Affirmative (सकारात्मक)	राम एक अच्छा लड़का था। Ram was a good boy.	मैं तुम्हारा दोस्त था। I was your friend.
Negative (नकारात्मक)	राम एक अच्छा लड़का नहीं था। Ram was not a good boy.	मैं तुम्हारा दोस्त नहीं था। I was not your friend.
Interrogative (प्रश्नवाचक)	क्या राम एक अच्छा लड़का था ? Was Ram a good boy ?	क्या मैं तुम्हारा दोस्त था ? Was I your friend ?
Negative Interrogative (नकारात्मक प्रश्नवाचक)	क्या राम एक अच्छा लड़का नहीं था ? Was Ram not a good boy ?	क्या मैं तुम्हारा दोस्त नहीं था ? Was I not your friend.

कुछ महत्वपूर्ण जानकारी – अगर वाक्य में कोई WH family जैसे – कैसे (How), क्यों (Why), कब (When) कहाँ (Where) आदि का प्रयोग हो तो वो Interrogative Sentence के शुरुआत में लगता है। और उसके तुरंत बाद helping verb का प्रयोग किया जाता है।

Hindi Sentence	***English Sentence***
मैं तुम्हारे साथ क्यों नहीं था ?	Why was I not with You ?
लोग वहाँ कब से थे ?	From when were people there?
राम घर पर क्यों नहीं था ?	Why was Ram not at home?
तुम उस समय कहाँ थे ?	Where were you that time?

Category II : ***Helping Verb – Had***

पहचान – इन वाक्यों के अन्त में पास था या फिर भाई/बहन/दोस्त आदि थे का प्रयोग होता है।

Subject चाहे 'Singular' हो या 'Plural', सकारात्मक वाक्यों (Affirmative Sentences) में 'Had' का ही प्रयोग होता है और नकारात्मक वाक्यों (Negative Sentences) में 'didn't have' का।

Hindi Sentence	**English Sentence**
पुष्कर अंकल के पास एक किताब थी।	Pushkar uncle had a book.
पंकज के दो भाई नहीं थे ।	Pankaj didn't have two brothers.
मेरे पास कुछ नहीं था।	I had nothing. / I didn't have anything.
सभी लोगों के पास लैपटॉप नहीं थे।	All the people didn't have laptops.

चारों प्रकार के वाक्य (Sentences)

Sentence के प्रकार (Sentence Type)	उदाहरण 1 Example-1	उदाहरण 2 Example-2
Affirmative (सकारात्मक)	राम के पास एक किताब थी। Ram had a book.	मेरे दो भाई थे। I had two brothers.
Negative (नकारात्मक)	राम के पास किताब नहीं थी। Ram didn't have a book.	मेरे दो भाई नहीं थे। I didn't have two brothers.
Interrogative (प्रश्नवाचक)	क्या राम के पास किताब थी ? Did Ram have a book ?	क्या मेरे दो भाई थे ? Did I have two brothers?
Negative Interrogative (नकारात्मक, प्रश्नवाचक)	क्या राम के पास किताब नहीं थी ? Did Ram not have a book ?	क्या मेरे दो भाई नहीं थे ? Did I not have two brothers?
With 'Wh' family	राम के पास किताब क्यों नहीं थी ? *Why* Did Ram not have a book ?	मेरे कितने भाई थे? *How many brothers* did I have?

Simple Future

Category I : ***Helping Verb – Will be***

पहचान – इन वाक्यों के अन्त में **होगा** का प्रयोग होता है।

Singular और Plural Subject के साथ – will be

Hindi Sentence	English Sentence
पापा ऑफिस में होंगे।	Dad will be in office.
राम वहाँ नहीं होगा ।	Ram will not be there.
क्या वहाँ कोई होगा ?	Will someone be there?
वो सब मम्मी के साथ होंगे।	They all will be with mom.

Category II : ***Helping Verb – Will have***

पहचान – इन वाक्यों के अन्त में **पास होगा** का प्रयोग होता है।

Singular और Plural Subject के साथ – will have

Hindi Sentence	English Sentence
पापा के पास मोबाईल होगा।	Dad will have a mobile.
राम के पास कुत्ता नहीं होगा ।	Ram will not have a dog.

क्या उसके पास कुछ होगा ?	Will he have something?
क्या उस लड़की के पास किताबें नहीं होगी ?	Will that girl not have books?

1. **Negative Interrogative** वाक्यों में **'Not'** का प्रयोग हमेशा **Subject** के बाद होता है।
2. अगर वाक्य के शुरुआत या आखिर में 'क्या' आये तो शुरुआत में सिर्फ **helping verb** लगेगी। अगर वाक्य के बीच में 'क्या' आये तो **'what'** का प्रयोग होगा।

अगर किसी भी प्रकार का कोई भी प्रश्न हो या आपको कोई भी संदेह हो तो बेझिझक **www.englishwale.com** पर लॉग ऑन करिए। स्टूडैन्ट हैल्पडैस्क में इंग्लिश स्पीकिंग फोरम में अपना प्रश्न रखिए। आप हमें अपनी समस्या मेल पर भी भेज सकते हैं, हमारा ई मेल आई डी है – **englishwale12@gmail.com.**

If you face any problems understanding anything at all or you have any doubt or clarification needed, kindly logon to www.englishwale.com and place your query/doubt in English Speaking Forum of our Student Helpdesk. You can also mail us your query/doubt on englishwale12@gmail.com.

EnglishWale.com "सक्षम भारत मिशन"

Dear students,

इस Topic के साथ–2 कई Advance English Grammar Topics भी **www.englishwale.com** पर जाकर आप पढ़ सकते हैं। साथ ही साथ ये सभी टॉपिक Video Lectures में भी cover किए गये हैं, इसके लिए आप **"Spoken English Guru"** YouTube Channel में जाकर "Playlist" में जाइए और Lesson-wise Videos देखिए।

मैंने आपके लिए एक **Android App** भी बनाया है। Play Store में Search करिए "Spoken English Guru". दिल से मेहनत करिएगा क्योंकि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। मेरी शुभकामनाएं हमेशा आपके साथ रहेंगी। –

Aditya Sir

Simple Sentences- Practice Exercise

Let's practice. Translate the following sentences into English –

1. क्या राम अच्छा है ?
2. बच्चे किसके साथ हैं ?
3. तुम अच्छे हो ।
4. पापा राहुल के साथ थे ।
5. बच्चा मेरे आगे था।
6. ये उसका दोस्त नहीं है।
7. ये लड़का कहाँ पर था?
8. मैं राम की वजह से यहाँ हूँ ।
9. उसके पास पैन था।
10. तुम्हारे पास क्या है ?
11. मम्मी के पास पैसे नहीं हैं।
12. राहुल किसका भाई है ?
13. ये आदमी किस लड़की का पापा है?
14. वो घर किसका है ?
15. मैं तुमसे लम्बा हूँ ।
16. तुम किस शहर से हो ?
17. तुम किस शहर में हो ?
18. क्या तुम्हारे पास है ?
19. क्सा तुम्हारे पास मोबाइल है।
20. मैं कौन हूँ ?
21. क्या है वो ?
22. मेरे पीछे कौन खडा था ?
23. मैं क्लास में बैठा हूँ।
24. उसके भाई कितने बड़े हैं ?
25. तुम मेरे सबसे छोटे भाई हो ।
26. ये मेरा प्यार है तुम्हारे लिए।
27. क्या है उसका नाम ?
28. ये कहानी किसी और की है।
29. वो थकी हुई थी।
30. राम सोया हुआ है।
31. हम बैठे हुए थे ?
32. तुम खड़े क्यों हो ?
33. उस टेबल पर क्या है ?
34. तुम दिल्ली के आस पास हो।
35. मैं इस फोटो में नहीं हूँ।
36. वो कब से ऑफिस में है ?
37. तुम कब तक ऑफिस मे थे ?
38. मेरे पैर में क्या है ?
39. उसके पास कुछ नहीं है।
40. मेरे पास कुछ फटे हुए कपड़े हैं।
41. राम पेड़ के पीछे छिपा हुआ था।
42. ये बच्चे मेरे हैं।
43. ये तुम्हारा नहीं है।
44. ये मेरी बिल्ली है।
45. ये बिल्ली मेरी है।
46. ये राम की किताब है।
47. ये किताब राम की है।
48. हम तुम्हारे हैं।
49. मैं हर पल तुम्हारे साथ था।
50. गाड़ी में कितना पेट्रोल है ?
51. तुम्हारे पास कितना पैसा है ?
52. किस शहर में हो तुम इस वक्त ?
53. मैं ज़िन्दा हूँ सिर्फ तुम्हारे लिए।
54. राम कहीं खोया हुआ था।
55. मैं तुम्हारे सपनों में खोया हुआ हूँ।
56. मोबाइल टेबल पर रखा हुआ है।
57. मैं डरा हुआ था।
58. कितने बच्चे इस समय यहाँ हैं ?
59. राम 2 बजे जगा हुआ था।
60. उसके पापा पिये हुए थे।
61. तुम मेरे करीबी दोस्त हो।
62. ये लिखा हुआ था।
63. ये गीता में लिखा हुआ है।
64. भिखारी के कपड़े फटे हुए थे।
65. क्या तुम्हारे पास कुछ था?
66. हमारे पास कुछ है।
67. मैं किसके लिए वहाँ था ?
68. वो तुम्हारे लिए रूका हुआ है।
69. तुम घर के अन्दर थे ।
70. राम मेरे बगल में खड़ा है।
71. शिव की पूजा यहाँ प्रसिद्ध है।
72. हमारी ख्वाहिशें इतनी क्यों है ?
73. तुम ऐसे क्यों हो ?
74. पैसे किसके पास हैं ?
75. क्या तुम्हारे पास दिमाग नहीं है ?
76. ये टूटा हुआ दिल मेरा है।
77. उसके कितने लड़के हैं ?
78. आप मुझसे ज़्यादा बुरे हैं।
79. क्या राम मुझसे ज़्यादा अच्छा है ?
80. मुझे तुमसे प्यार है।
81. इतने सारे पैसे तुम्हारे पास कैसे हैं ?
82. रिश्ते खूबसूरत होते हैं।
83. ये कोई और है।
84. ये कुछ और है।
85. तुम्हारा पैन कौन सा वाला है ?
86. पैन किसका है ?
87. तुम्हारे पीछे कौन है ?
88. पैसे किसके पास नहीं हैं ?
89. तुम किस बात के लिए दुखी हो ?
90. राम कब तक इस जगह में था ?
91. मैं तुम्हारे सामने खड़ा था ।
92. मैं ठीक तुम्हारे सामने खड़ा था ।
93. किस लड़की के पापा वहाँ खड़े थे ?
94. मैं गिटार के लिए पागल हूँ ।
95. वहाँ कितने लोग हैं ?
96. पैन कहाँ रखा हुआ है ।
97. समय क्या हुआ है ?
98. तुम दोनों सबसे अच्छे हो ।
99. हम सब तुम्हारे साथ हैं।
100. मैं तुम्हारा कौन हूँ ?

Answers

1. Is Ram good?
2. With whom are children?
3. You are good.
4. Papa was with Rahul.
5. Child was ahead of me.
6. This/he is his friend.
7. Where was this boy?
8. I am here because of Ram.
9. He had a pen.
10. What do you have?
11. Mom doesn't have money.
12. Whose brother is Rahul?
13. Which girl's father is this man?
14. Whose is that house/home?
15. I am taller than you.
16. From which city are you?
17. In which city are you?
18. Do you have?
19. Do you have a mobile?
20. Who am I?
21. What is that?
22. Who was standing behind me?
23. I am sitting in the class.
24. How old are his brothers?
25. You are my youngest brother.
26. This is my love for you.
27. What is his name?
28. This story is someone else's.
29. She was tired.
30. Ram is asleep.
31. We were sitting.
32. Why are you standing?
33. What is there on that table?
34. You are near about Delhi.
35. I am not there in this photograph.
36. Since when is he in the office?
37. Until when were you in the office?
38. What is there in my leg?
39. He doesn't have anything. / He has nothing.
40. I have some torn clothes.
41. Ram was hidden behind the tree.
42. These children are mine.
43. This is not yours.
44. This / She is my cat.
45. This cat is mine.
46. This is Ram's book.
47. This book is Ram's. /This book is of Ram.
48. We are yours.
49. I was there with you at every moment.
50. How much petrol is there in the car?
51. How much money do you have?
52. In which city are you at this time?
53. I am alive only for you.
54. Ram was lost somewhere.
55. I am lost in your dreams.
56. Mobile is kept on the table.
57. I was scared. / I was horrified. / I was terrified. / I was afraid.
58. How many children are here at this time?
59. Ram was awake at 2.
60. His father was drunk.
61. You are my close friend.
62. It is written.
63. It is written in Geeta.
64. Beggar's clothes were torn.
65. Did you have something?
66. We have something.
67. For whom was I there?
68. He is stopped for you.
69. You were inside the home.
70. Ram is standing beside me.
71. Worship of Lord Shiva is famous here.
72. Why are our desires these many?
73. Why are you so?
74. Who has money?
75. Do you not have mind/brain?
76. This broken heart is mine.
77. How many sons does he have?
78. You are worse than I.
79. Is Ram better than I?
80. I am in love with you. / I love you.
81. How do you have this much money?
82. Relations are beautiful.
83. This is someone else.
84. This is something else.
85. Which one is your pen?
86. Whose is the pen?
87. Who is behind you?
88. Who doesn't have money?
89. For what are you unhappy / sad?
90. Until when was Ram in this place?
91. I was standing in front of you.
92. I was standing just in front of you.
93. Which girl's father was standing there?
94. I am crazy for guitar.
95. How many people are there?
96. Where is the pen kept?
97. What is the time?
98. You both are the best.
99. We all are with you.
100. Who am I to you?

Simple Sentences- Test Papers

Test – I

Q1: Translate the following sentences into English: **20 x 1 = 20**

1. मैं तुम्हारा सबसे बड़ा भाई हूँ।
2. क्या तुम मेरे दोस्त नहीं हो ?
3. राम मेरे साथ हमेशा था।
4. क्या तुम्हारे दस भाई नहीं हैं ?
5. राकेश के कई दोस्त हैं।
6. मेरे पास 4 मोबाईल नहीं थे।
7. वे लोग हमारे साथ हैं।
8. हम सब तुम्हारे भाई के पास ही हैं।
9. मैं अपने पापा का सबसे बड़ा लड़का हूँ।
10. सभी लोगों के पास किताबें नहीं हैं।
11. वो आदमी एक अच्छा इन्सान नहीं है।
12. क्या राम के पास पैन नहीं है ?
13. तुम्हारे पास दिमाग क्यों नहीं है ?
14. सभी मेरे प्रिय हैं।
15. मैं तुम्हारे लिए अच्छा क्यों नहीं हूँ ?
16. तुम हर किसी के लिए अच्छे थे।
17. क्या तुम्हारे दो भाई हैं ?
18. क्या हमारे पास पैसे थे ?
19. वो बच्चा उनका सबसे छोटा लड़का है।
20. मेरे पापा डाक्टर हैं।

Q2: Which 9 out of the following are singulars? (निम्नलिखित में से कौन से 9 एकवचन हैं) **9 x 1 = 9**

Ram, People, She, I, We, You, These, That, This, Those, It, He, Man, Women, They, Blood

Q3: Which 6 out of the following are Plurals? (निम्नलिखित में से कौन से 6 बहुवचन हैं) **6 x 1 = 6**

Ram & Shyam, People, I, We, You, These, That, This, Those, It, He, Woman, Sky

महान व्यक्तियों द्वारा कही गई बातें (Quotations)

1. Living is not enough, what matters is how you live.
   जीना काफी नहीं है, मायने ये रखता है कि आप जीते कैसे हैं।
2. When you make a decision, the universe conspires to make it happen. *(Ralph Waldo Emerson)*
   जब आप कोई फैसला कर लें, तो ब्रहमांड उसे पूरा करने की साजिश करने लगता है। *(रैल्फ वॉल्डो इमर्सन)*
3. If we are not the part of solution, then we are the problem. *(Shiv Khera)*
   अगर हम हल का हिस्सा नहीं हैं, तो हम ही समस्या हैं। *(शिव खेरा)*
4. Inspiration is thinking whereas motivation is action. *(Shiv Khera)*
   किसी से प्रभावित होना एक सोच है जबकि प्रेरणा लेना एक कार्यवाही। *(शिव खेरा)*
5. The two most important days in your life are the day you are born and the day you find out why. *(Mark Twain)*
   आपकी जिन्दगी के दो दिन सबसे महत्वपूर्ण हैं, एक तब जब आपका जन्म हुआ और दूसरा तब जब आपने ये जान लिया कि आपका जन्म क्यों हुआ। *(मार्क वेन)*

Answers

Q1:

1.	मैं तुम्हारा सबसे बड़ा भाई हूँ।	I am your eldest brother.
2.	क्या तुम मेरे दोस्त नहीं हो ?	Are you not my friend?
3.	राम मेरे साथ हमेशा था।	Ram was always with me.
4.	क्या तुम्हारे दस भाई नहीं हैं ?	Do you not have 10 brothers?
5.	राकेश के कई दोस्त हैं।	Rakesh has many friends.
6.	मेरे पास 4 मोबाईल नहीं थे।	I didn't have 4 mobiles.
7.	वे लोग हमारे साथ हैं।	They people are with us.
8.	हम सब तुम्हारे भाई के पास ही हैं।	We all are with your brother only.
9.	मैं अपने पापा का सबसे बड़ा लड़का हूँ ।	I am the eldest son of my father.
10.	सभी लोगों के पास किताबें नहीं हैं।	All the people don't have books.
11.	वो आदमी एक अच्छा इन्सान नहीं है।	That man is not a good person/human.
12.	क्या राम के पास पैन नहीं है ?	Does Ram not have a pen?
13.	तुम्हारे पास दिमाग क्यों नहीं है ?	Why do you not have mind/brain?
14.	सभी मेरे प्रिय हैं।	All are my dear.
15.	मैं तुम्हारे लिए अच्छा क्यों नहीं हूँ ?	Why am I not good for you?
16.	तुम हर किसी के लिए अच्छे थे।	You were good for all.
17.	क्या तुम्हारे दो भाई हैं ?	Do you have two brothers?
18.	क्या हमारे पास पैसे थे ?	Did we have money?
19.	वो बच्चा उनका सबसे छोटा लड़का है।	That boy is their youngest son.
20.	मेरे पापा डाक्टर हैं।	My father is a doctor.

Q2: Singulars:

Ram, She, I, That, This, It, He, Man, Blood

Q3: Plurals:

Ram & Shyam, People, We, You, These, Those

महान व्यक्तियों द्वारा कही गई बातें (Quotations)

1. Start where you are today. Use what you have today. Do what you can today.
   शुरुआत करो आज जहाँ आप हो। हर उस चीज़ का प्रयोग करो जो आज आपके पास है। और करो जो आज आप कर सकते हो।

2. A man is great by deeds, not by birth. *(Chanakya)*
   व्यक्ति अपने कर्मों से महान बनता है, जन्म से नहीं। *(चाणक्य)*

Test- II

Q1: Translate the following sentences into English: **Marks -30**

1. क्या तुम कोई और हो ?
2. मैं किसी का भी दोस्त नहीं हूँ।
3. तुम्हारे कितने भाई हैं ?
4. उसके सोचने का तरीका मुझसे थोड़ा अलग है।
5. राम सबसे बुरा इन्सान है।
6. वे लोग ऐसे क्यों हैं ?
7. हमारी वजह से उसके पास आज कुछ भी नहीं है।
8. क्या तुम सबसे बड़े भाई हो ?
9. मेरी हथेली पर कुछ रखा हुआ था, क्या था वो ?
10. वो किसके साथ वहाँ गया और क्यों ?
11. क्या पैसे नहीं थे उसके पास ?
12. जहाँ कहीं भी तुम हो, खुश रहो।
13. जिन्दगी कोई मज़ाक है क्या ?
14. मेरे पास सबसे कम पानी है।
15. कोई मि0 राम बाहर खड़े हैं ?
16. कोई राहुल क्लास में बैठा हुआ है।
17. जिस किसी के भी साथ वो है, भगवान उसे आर्शीवाद दे।
18. उसके कपड़े फटे हुए थे शायद।
19. क्या तुम्हारे पास कुछ है ?
20. रानी उनकी सबसे छोटी बेटी है।
21. जानवर प्यार के भूखे होते हैं।
22. मेरे चलने का तरीका कैसा है ?
23. किस बच्चे का पास मेरा पैन है ?
24. वहाँ कितने बच्चे बैठे हैं ?
25. जो कोई भी यहाँ है, मेरा दोस्त है।
26. जो कोई भी वहाँ है, मेरा दुश्मन है।
27. मेरे बगल में सिर्फ दो बच्चे थे।
28. उसके खाने का तरीका ठीक नहीं है।
29. नाश्ते में आज क्या है ?
30. मेरे दिल में क्या है ?

Q2: Translate the following sentences into Hindi: **Marks -20**

1. Why are your friends not here?
2. For what are you here?
3. Which one is mine?
4. Mine are three brothers.
5. His is this book.
6. They were better than me.
7. Am I no one to you?
8. Seeta is a friend of mine.
9. How much petrol do you have at this moment?
10. I am your better than the best friend.
11. Relation of a mom with her children is unique.
12. Nothing is impossible in this world.
13. Government's endeavor for poor's uplift is praiseworthy.
14. Are you trustworthy?
15. Such people are not trustworthy.
16. Life is beautiful for those, who are happy.
17. I don't have any friend in this locality.
18. Glasses are half empty.
19. Dictionary is good source of words.
20. Today's life is very hectic.

Answers

Q1:

1. क्या तुम कोई और हो ? — Are you someone else?
2. मैं किसी का भी दोस्त नहीं हूँ। — I am not anybody's friend.
3. तुम्हारे कितने भाई हैं ? — How many brothers do you have?
4. उसके सोचने का तरीका मुझसे थोड़ा अलग है। — His way of thinking is a bit different than that of mine.
5. राम सबसे बुरा इन्सान है। — Ram is the worst person.
6. वे लोग ऐसे क्यों हैं ? — Why are they people so?
7. हमारी वजह से उसके पास आज कुछ भी नहीं है। — He has nothing today because of us.
8. क्या तुम सबसे बड़े भाई हो ? — Are you the eldest brother?
9. मेरी हथेली पर कुछ था, क्या था वो ? — There was something in my palm, what was that?
10. वो किसके साथ वहाँ गया और क्यों ? — With whom did he go there and why?
11. क्या पैसे नहीं थे उसके पास ? — Did he not have money?

12. जहाँ कहीं भी तुम हो, खुश रहो। Wherever you are, be happy.
13. ज़िन्दगी कोई मज़ाक है क्या ? Is life a joke?
14. मेरे पास सबसे कम पानी है। I have the least water.
15. कोई मि0 राम बाहर खड़े हैं। A/Some Mr. Ram is standing outside.
16. कोई राहुल क्लास में बैठा हुआ है। A/Some Rahul is sitting in the class.
17. जिस किसी के भी साथ वो है, भगवान उसे आर्शीवाद दे! With whoever he is, may God bless him!
18. उसके कपड़े फटे हुए थे शायद। Perhaps his clothes were torn.
19. क्या तुम्हारे पास कुछ है ? Do you have something?
20. रानी उनकी सबसे छोटी बेटी है। Rani is their youngest daughter.
21. जानवर प्यार के भूखे होते हैं। Animals are hungry for love. / Animals need love.
22. मेरे चलने का तरीका कैसा है ? How is my way of walking?
23. किस बच्चे का पास मेरा पैन है ? Which kid has my pen?
24. वहाँ कितने बच्चे बैठे हैं ? How many children are sitting there?
25. जो कोई भी यहाँ है, मेरा दोस्त है। Whoever is here, is my friend.
26. जो कोई भी वहाँ है, मेरा दुश्मन है। Whoever is there, is my enemy.
27. मेरे बगल में सिर्फ दो बच्चे थे। There were only two children beside me.
28. उसके खाने का तरीका ठीक नहीं है। His way of eating is not good.
29. नाश्ते में आज क्या है ? What is there in breakfast today?
30. मेरे दिल में क्या है ? What is there in my heart?

Q2:

1. Why are your friends not here? तुम्हारे दोस्त यहाँ क्यों नहीं हैं ?
2. For what are you here? तुम यहाँ किसलिए हो ?
3. Which one is mine? कौन सा वाला मेरा है ?
4. Mine are three brothers. मेरे तीन भाई हैं।
5. His is this book. उसकी है ये किताब।
6. They were better than I. वे मुझसे बेहतर थे।
7. Am I no one to you? क्या मैं तुम्हारा कोई नहीं हूँ ?
8. Seeta is a friend of mine. सीता मेरी दोस्त है।
9. How much petrol do you have at this moment? तुम्हारे पास इस वक्त कितना पेट्रोल है ?
10. I am your better than the best friend. मैं तुम्हारा सबसे अच्छे से भी अच्छा दोस्त हूँ।
11. Relation of a mom with her child is unique. अपने बच्चे के साथ एक माँ का रिश्ता अनोखा होता है।
12. Nothing is impossible in this world. इस दुनिया में कुछ भी असम्भव नहीं है।
13. Government's endeavor is praiseworthy. सरकार का प्रयास प्रशंसा योग्य है।
14. Are you trustworthy? क्या तुम भरोसे के लायक हो ?
15. Such people are not trustworthy. ऐसे लोग भरोसे लायक नहीं होते।
16. Life is beautiful for those, who are happy. ज़िन्दगी उन लोगों के लिए खूबसूरत होती है, जो खुश हैं।
17. I don't have any friend in this locality. इस जगह मेरा कोई दोस्त नहीं है।
18. Glasses are half empty. गिलास आधे खाली हैं।
19. Dictionary is good source of words. डिक्शनरी शब्दों का अच्छा स्रोत है।
20. Today's life is very hectic. आजकल की ज़िन्दगी बहुत व्यस्त है।

Test – III

Q1: Translate the following sentences into Hindi: **44 x 1 = 44**

1. Am I your friend?
2. Who is this boy?
3. Whose book is that?
4. They are my friends.
5. Until when were you in office?
6. A book is lying on the bed.
7. These are not pencils.
8. Who has money?
9. Since when are you at home?
10. He is someone else's father.
11. You are no one to me.
12. Those boys were not with me.
13. I didn't have a pen.
14. Who didn't have pen?
15. He is with someone else.
16. Are chairs of white color?
17. Are they your relatives?
18. This is a sweet dog.
19. That is a mobile phone.
20. Mine are two children. / I have two children.
21. What is he to you?
22. His heart is broken.
23. His behavior was pretty awkward there.
24. Her father's name is Mr. R K Sharma.
25. I am a nice boy.
26. His way of thinking is different altogether.
27. In which home was he?
28. Was he awake that time?
29. Mansi and Paras are good students.
30. This is not a laptop.
31. Who was that boy to Ram?
32. Death is a bitter truth of life.
33. Road is bent ahead.
34. I have six books.
35. I don't have 15 pencils.
36. How many books do you have?
37. Here is a book.
38. What are these people to you?
39. There are a few notebooks.
40. His uncle is very nice.
41. I am your best friend.
42. The condition of my rattraps is pathetic.
43. My dad is a nice man.
44. How many brothers does he have?

Answers

1. क्या मैं तुम्हारा दोस्त हूँ ?
2. ये लड़का कौन है ?
3. वो किसकी किताब है ?
4. वे मेरे दोस्त हैं।
5. तुम कब तक ऑफिस में थे ?
6. एक किताब बिस्तर पर पड़ी हुई है।
7. ये पेन्सिलें नहीं हैं।
8. पैसे किसके पास हैं ?
9. तुम घर पर कब से हो ?
10. वो किसी और के पापा हैं।
11. तुम मेरे कोई नहीं हो।
12. वो लड़के मेरे साथ नहीं थे।
13. मेरे पास पैन नहीं था।
14. किसके पास पैन नहीं था ?
15. वे किसी और के साथ हैं।
16. क्या कुर्सियाँ सफेद रंग की हैं ?
17. क्या वे आपके संबंधी हैं ?
18. यह एक प्यारा कुत्ता है।
19. वो मोबाइल फोन है।
20. मेरे दो बच्चे हैं।
21. वो तुम्हारा क्या है ? / वो तुम्हारा क्या लगता है ?
22. उसका दिल टूटा हुआ है।
23. उसका व्यवहार वहाँ बहुत अजीब था।
24. उसके पापा का नाम मि0 आर के शर्मा है।
25. मैं अच्छा लड़का हूँ।
26. उसके सोचने का तरीका बहुत अलग है।
27. वो किस घर में था ?
28. क्या वो उस वक्त उठा हुआ था ?
29. मानसी और पारस अच्छे विधार्थी हैं।
30. ये लेपटाप नहीं है।
31. वो लड़का राम का कौन था ?
32. मुर्त्यु जीवन का एक कटु सत्य है।
33. रोड आगे से मुड़ी हुई है।
34. मेरे पास 6 किताबें हैं।
35. मेरे पास 15 पैन्सिलें नहीं हैं।
36. तुम्हारे पास कितनी किताबें हैं ?
37. यहाँ एक किताब है।
38. ये लोग तुम्हारे क्या लगते हैं ?
39. वहाँ कुछ कापियाँ हैं।
40. उसके अंकल बहुत अच्छे हैं।
41. मैं तुम्हारा सबसे अच्छा दोस्त हूँ।
42. मेरी चूहेदानियों की हालत बहुत खराब है।
43. मेरे पापा एक अच्छे इन्सान हैं।
44. उसके कितने भाई हैं ?

Lesson – 17

There (देअर)

ये टॉपिक बहुत ही आसान है पर तब जब आप इसके कॉन्सैप्ट को अच्छी तरह समझें ।
This topic is pretty easy provided you go through its concept thoroughly.

याद रहे, कुछ भी असम्भव नहीं अगर आप पूरी शिद्दत से किसी चीज़ को समझने की ठान लें।
Remember, nothing is impossible if you have a firm desire to learn something.

Concept No. 1:

Here (हिअर) – यहाँ
There (देअर) – वहाँ

1.	वहाँ एक पेड़ है।	There is a tree. / A tree is there.
2.	वहाँ कोई है।	There is someone./ Someone is there.
3.	वहाँ मैं गया।	I went there. / There went I.
4.	वहाँ दो लड़कियाँ हैं।	There are two girls. / Two girls are there.
5.	यहाँ कोई नहीं है।	Here is no one. / No one is here.
6.	यहाँ किसी का पैन था।	Here was someone's pen. / Someone's pen was here.

Concept No. 2:

हम Simple Sentences के बारे में पढ़ चुके हैं जिनमें तीन चीजें ज़रूर होती हैं – Subject, Object और Helping Verb पर अगर किसी Simple Sentence में Subject और Object में से कोई एक न हो, तो आपको उसकी जगह "There" का प्रयोग करना होगा।
We've already learned that a simple sentence generally comprises; a subject, an object & a helping verb but in case, if either subject or object is missing then 'there' is to be used in place.

अगर हम कहें **"एक राजा था।"**

इस वाक्य में

Subject - एक राजा – (A king)
Object - कुछ नहीं है – (Missing)

इसलिए हमें Object की जगह पर There का प्रयोग करना होगा।

"**A King was there.**"

यही नहीं हम 'Subject' की जगह पर 'There' और 'Object' की जगह पर 'Subject' लिख सकते हैं।
यानि Subject और Object की जगह एक – दूसरे से बदल सकते हैं।

"**There was a king.**"

कुछ उदाहरण देखिए –

Let's see a few examples:

1. एक नल है।	There is a tap. / A tap is there.
2. कोई है।	There is someone. / Someone is there.
3. पानी नहीं है।	There is no water. / Water is not there.
4. लड़की नहीं है।	There is no girl. / Girl is not there.
5. एक बच्चा था।	There was a kid. / A kid was there.
6. कुछ था।	There was something. / Something was there.
7. प्यार नहीं है।	There is no love. / No love is there.
8. क्या कुछ था ?	Was there something? / Was Something there?
9. कौन है ?	Who is there ?

इन वाक्यों में "There" को Subject और Object दोनों रूपों में प्रयोग किया जा सकता है।
In these sentences, 'There' can be used either as a 'subject' or an 'object'.

अब अगली Practice Exercise के ज़रिए आपको बेहतर तरीके से समझ आ जायेगा।
याद रखें "Practice makes a man perfect".

Now, only Practice can improve your understanding, which you will develop in next practice Exercise. Not to forget "Practice makes a man perfect".

EnglishWale.com "सक्षम भारत मिशन"

Dear students,
इस Topic के साथ–2 कई Advance English Grammar Topics भी **www.englishwale.com** पर जाकर आप पढ़ सकते हैं। साथ ही साथ ये सभी टॉपिक Video Lectures में भी cover किए गये हैं, इसके लिए आप **"Spoken English Guru"** YouTube Channel में जाकर "Playlist" में जाइए और Lesson-wise Videos देखिए।

मैंने आपके लिए एक **Android App** भी बनाया है। Play Store में Search करिए "Spoken English Guru". दिल से मेहनत करिएगा क्योंकि मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। मेरी शुभकामनाएं हमेशा आपके साथ रहेंगी। –

Aditya Sir

महान व्यक्तियों द्वारा कही गई बातें (Quotations)

1. Why to afraid of what'll happen in life. Even if nothing happens, experience will be gained.
   क्यों डरें कि जिन्दगी में क्या होगा। कुछ नहीं भी हुआ तो कम से कम तजुर्बा होगा।

2. People say India is a country of thousand difficulties, but I am a firm believer that India is a country of thousand opportunities.
   लोग कहते हैं कि भारत हज़ारों परेशानियों का देश है लेकिन मेरा अटल विश्वास है कि भारत हज़ारों अवसरों का देश है।

3. I will not say that I failed 1000 times, rather I would say, I know thousand ways which can cause failure.
   मैं ये नहीं कहूँगा कि मैं हज़ार बार असफल हुआ, बजाय इसके मैं ये कहूँगा कि मुझे हज़ार ऐसे रास्ते पता हैं जिनमें चलकर आप सफल नहीं हो सकते।

There- Practice Exercise

आइए अभ्यास करें। निम्नलिखित वाक्यों का अंगेज़ी में अनुवाद करिए –
Let's practice. Translate the following sentences into English –

1. एक नल था।
2. क्या तुम्हारा भाई वहाँ था ?
3. कोई है क्या ?
4. क्या आपके दिल में प्यार नहीं है ?
5. तुम वहाँ क्यों छिपे हुए हो ?
6. जंगल में एक राजा रहता था।
7. वहाँ कुछ नहीं था।
8. एक राजा वहाँ गया।
9. वहाँ क्या है ?
10. उस शहर में एक पार्क था।
11. क्या तुम्हारे पास पैसे नहीं हैं ?
12. क्लास में 3 लड़कियाँ बैठी थीं।
13. मेरे पापा वहाँ रहते थे।
14. टेबल पर पैन था।
15. तकिये के नीचे एक पत्र है।
16. वहाँ कोई नहीं होगा।
17. तुम्हारे भाई के साथ एक आदमी खड़ा है।
18. इस तरह के कई फूल हैं।
19. वहाँ देखने को कुछ नहीं है।
20. क्या क्लास में कोई नहीं है ?
21. खेलने के लिए लड़के नहीं हैं।
22. उसके बटुए में पैसे नहीं हैं।
23. इस कम्पनी में आगे बढ़ने के कई अवसर हैं।
24. जाने की ज़रूरत नहीं है।
25. बर्गर खाने की कोई ज़रूरत नहीं।
26. एक साँप था।
27. एक पेड़ है, जिसका रंग लाल है।
28. क्या तुम्हारे पास पैन है ?
29. उस कुँए में पानी नहीं था।
30. जब कभी मैं परेशानी में था, तुम मेरे साथ थे।
31. मैने जो कुछ किया, वहीं पर किया।
32. उसकी ज़िन्दगी में खुशी नहीं है।
33. क्या वहाँ कुछ चल रहा है ?
34. प्यार जैसी कोई चीज़ नहीं होती।
35. ऐसा कोई शब्द नहीं होता।
36. ऐसी कोई कहानी नहीं है।
37. ऐसा कोई गाँव नहीं है।
38. ऐसा कोई देश नहीं है, जहाँ सिर्फ जानवर रहते हों।
39. ऐसा कोई मोबाइल नहीं है, जिसे मैं ठीक नहीं कर सकता।
40. क्या वहाँ कोई नहीं है ?
41. ऐसा कोई आदमी नहीं होता जिसे चोट नहीं लगती।
42. वहाँ कितने लोग हैं ?
43. वहाँ कितने लोग थे ?
44. वहाँ क्या है ?
45. तुम वहाँ किसके साथ थे ?
46. उस गाँव में बिजली नहीं है।
47. क्या तुम्हारे दिमाग में कुछ है ?
48. क्या इस जीवन में केवल दुख है ?
49. वहाँ कौन सब लोग हैं ?
50. क्या तुम्हारे पापा वहाँ नहीं थे ?

महान व्यक्तियों द्वारा कही गई बातें ***(Quotations)***

1. Satisfaction lies in efforts, not only in attainment. Full efforts mean full victory.
   संतुष्टि प्रयासों से होती है, केवल प्राप्ति से नहीं। पूरा प्रयास मतलब पूरी विजय।

2. My dad was a laborer. He could not fulfill most of my desires; hence I ascribe him of my phenomenal success. Had he been able to provide me all what I wanted, I could have never reached this altitude.
   मेरे पिता एक मज़दूर थे। वे मेरी ज़्यादातर ख्वाहिशों को पूरा नहीं कर पाये, शायद इसीलिए मैं अपनी असाधारण सफलता का श्रेय उन्हें देता हूँ। अगर वो मुझे हर वो चीज़ दे पाते जिसकी मैंने ख्वाहिश की तो आज मैं इस ऊँचाई तक नहीं पहुँच पाता।

Answers

1) There was a tap.
2) Was your brother there?
3) Is there someone?
4) Isn't there love in your heart?
5) Why are you hidden there?
6) There lived a king in Jungle.
7) Nothing was there.
8) There went a king. / A king went there.
9) What is there?
10) There was a park in that city.
11) Isn't there money with you? / Do you not have money?
12) There were 3 girls sitting in the class. / 3 girls were sitting in the class.
13) There lived my dad. / My dad lived there.
14) There was a pen on the table.
15) There is a letter beneath the pillow.
16) There will be no one there.
17) There is a man standing with your brother.
18) There are so many such flowers.
19) There is nothing to see.
20) Isn't there anyone in the class?
21) There are no boys to play.
22) There is no money in his wallet.
23) There are numerous growth opportunities in this company.
24) There is no need to go.
25) There is no need to eat burger.
26) There was a snake.
27) There is a tree, which is of red color.
28) Is there a pen with you? / Do you have a pen?
29) There was no water in that well.
30) Whenever I was in trouble, you were there with me.
31) Whatever I did, I did there.
32) There is no joy in his life.
33) Is there something going on?
34) There is nothing as such love.
35) There is no word as such.
36) There is no such story.
37) There is no such village.
38) There is no country as such, where there are only animals.
39) There is no such a mobile, which I can't repair.
40) Isn't there anyone?
41) There is no such a man, who doesn't get hurt.
42) How many guys are there?
43) How many people were there?
44) What is there?
45) With whom were you there?
46) There is no electricity in that village.
47) Is there something in your mind?
48) Is there only sorrow in this life?
49) Who all people are there?
50) Was your dad not there?

महान व्यक्तियों द्वारा कही गई बातें (Quotations)

1. Unless a man undertakes more than he possibly can, he will never do what he actually can.
   जब तक एक इन्सान उससे ज़्यादा करने की कोशिश नही करता जितना उसे लगता है कि वो कर सकता है, तो वो कभी उतना नहीं कर पायेगा जितना वो वास्तव में कर सकता है।

2. Whose fingers you resorted to experience the world; never let their shoulders down.
   जिनकी उँगली पकड़कर तुमने चलना सीखा, उनके कन्धों को कभी झुकने मत देना।

3. Your existence is not what your name suggests but the identity that you earn in your lifetime.
   आपका अस्तित्व आपके नाम से नहीं बल्कि आपकी पहचान से होता है जो आप अपने जीवन में अर्जित करते हो।

There – Test Papers

Test – I

Q1: Translate the following sentences into Hindi: **50 x 1 = 50**

1. Were you there?
2. Who is there at the door?
3. There was a king.
4. How much petrol is there in your car?
5. Until when were you there in office?
6. There is a book on the bed.
7. How many students were there in the class?
8. Is there money in your pocket?
9. No one is there.
10. There is a boy standing.
11. Is someone there?
12. There were 29 people in total.
13. Why were you there?
14. With whom is he there?
15. There was a lion in that forest.
16. There is a ghost, whose name is Rahul.
17. When you were there, I was not there.
18. There were 15 students in that class.
19. There is a phone call for you.
20. A friend of yours is there at the door.
21. There is no Rahul in my class.
22. There are no pens in my bag.
23. How much is there in your pocket?
24. How many stars are there in the sky?
25. His dad is there with my dad.
26. Her sister is there in Japan.
27. There is a tap in his kitchen, which is very old.
28. There is a boy with him, who is very thin.
29. There is a girl in his class, for whom he is mad.
30. There is no friend of mine in this photograph.
31. Is there any friend of yours in this photograph?
32. There are numerous hotels in Shimla.
33. There is a beautiful lake in Mussorie.
34. There is a laptop on my bed.
35. Is there a mobile on my table?
36. There is no letter underneath the pillow.
37. There is no one standing ahead of me.
38. How many people are there next to you?
39. Ram is there in the car.
40. There is a bridge over the Yamuna River.
41. How many books are there in your bag?
42. Nothing is there.
43. Nobody is there in your room.
44. Some people are there eating the food.
45. My life is there in you. If you are not there, then nothing is there.
46. I am always there with you.
47. The condition is pathetic there.
48. My dad was never there.
49. Weather conditions were phenomenal there.
50. How many brothers of yours were standing there?

Answers

1. Were you there? — क्या तुम थे ?
2. Who is there at the door? — दरवाजे पर कौन है ?
3. There was a king. — एक राजा था। /वहाँ एक राजा था।
4. How much petrol is there in your car? — तुम्हारी कार में कितना पेट्रोल है ?
5. Until when were you there in office? — तुम ऑफिस में कब तक थे ?
6. There is a book on the bed. — बिस्तर पर एक किताब है।
7. How many students were there in the class? — क्लास में कितने बच्चे थे ?
8. Is there money in your pocket? — क्या तुम्हारी जेब में पैसे हैं ?
9. No one is there. — वहाँ कोई नहीं है।
10. There is a boy standing. — एक लड़का खड़ा है।/ वहाँ एक लड़का खड़ा है।

11. Is someone there?	क्या कोई है ?
12. There were 29 people in total.	कुल मिलाकर 29 लोग थे।
13. Why were you there?	तुम वहाँ क्यों थे ?
14. With whom is he there?	वो वहाँ किसके साथ है ?
15. There was a lion in that forest.	उस जंगल में एक शेर था।
16. There is a ghost, whose name is Rahul.	वहाँ एक भूत है जिसका नाम राहुल है।
17. When you were there, I was not there.	जब तुम थे, मैं नहीं था ।
18. There were 15 students in that class.	उस क्लास में 15 बच्चे थे ।
19. There is a phone call for you.	तुम्हारे लिए एक फोन कॉल है।
20. A friend of yours is there at the door.	तुम्हारा कोई दोस्त दरवाजे पर है।
21. There is no Rahul in my class.	मेरी क्लास में कोई राहुल नहीं है।
22. There are no pens in my bag.	मेरे बैग में पैन नहीं हैं।
23. How much is there in your pocket?	तुम्हारी जेब में कितना है ?
24. How many stars are there in the sky?	आसमान में कितने तारे हैं ?
25. His dad is there with my dad.	उसके पापा मेरे पापा के साथ हैं।
26. Her sister is there in Japan.	उसकी बहन जापान में है।
27. There is a tap in his kitchen, which is very old.	उसके किचन में एक नल है, जो बहुत पुराना है।
28. There is a boy with him, who is very thin.	उसके साथ एक लड़का है, जो बहुत पतला है।
29. There is a girl in his class,for whom he is mad.	उसकी क्लास में एक लड़की है, जिसके लिए वो पागल है।
30. There is no friend of mine in this photograph.	इस फोटो में मेरा कोई दोस्त नहीं है।
31. Is there any friend of yours in this photograph?	क्या इस फोटो में तुम्हारा कोई दोस्त है ?
32. There are numerous hotels in Shimla.	शिमला में कई होटल हैं ?
33. There is a beautiful lake in Mussorie.	मसूरी में एक सुन्दर झील है।
34. There is a laptop on my bed.	मेरे बिस्तर पर एक लेपटॉप है।
35. Is there a mobile on my table?	क्या मेरी टेबल में कोई मोबाइल है ?
36. There is no letter underneath the pillow.	तकिए के नीचे कोई पत्र नहीं है।
37. There is no one standing ahead of me.	मेरे आगे कोई नहीं खड़ा ।
38. How many people are there next to you?	तुम्हारे बगल में कितने लोग हैं ?
39. Ram is there in the car.	राम कार में है।
40. There is a bridge over the Yamuna River.	यमुना नदी के ऊपर एक पुल है।
41. How many books are there in your bag?	तुम्हारे बैग में कितनी किताबें हैं ?
42. Nothing is there.	वहाँ कुछ नहीं है।
43. Nobody is there in your room.	तुम्हारे कमरें में कोई नहीं है।
44. Some people are there eating the food.	वहाँ कुछ लोग खाना खा रहे हैं।
45. My life is there in you.	मेरी ज़िन्दगी तुम में है।
46. I am always there with you.	मैं हमेशा तुम्हारे साथ हूँ ।
47. The condition is pathetic there.	वहाँ हालत बहुत बुरी है।
48. My dad was never there.	मेरे पापा वहाँ कभी नहीं थे।
49. Weather conditions were phenomenal there.	मौसम बड़ा जबरदस्त था वहाँ।
50. How many brothers of yours were standing there?	तुम्हारे कितने भाई वहाँ खड़े थे ?

Test – II

Q1: Translate the following sentences into English: **45 x 1 = 45**

1. उस घर में एक छोटा बच्चा था।
2. वहाँ कुछ नहीं था शायद ।
3. बाल्टी के नीचे कुछ है।
4. सभी लोग वहाँ होंगे ।
5. क्या मेरा भाई वहाँ होगा ?
6. वहाँ पहनने को कुछ नहीं है।
7. कहने की ज़रूरत नहीं है।
8. जब कभी तुम थे, राम नहीं था।
9. उसके भाई के दिल में कोई बात नहीं है।
10. बात करने की कोई ज़रूरत नहीं है।
11. ऐसा कुछ नहीं है।
12. हमारे बीच ऐसा कुछ नहीं था।
13. कितने लोग हैं ?
14. कुछ है क्या ?
15. उस घर में कुछ है।
16. कितना पैसा था ?
17. तुम किसके साथ थे ?
18. इस दिल में क्या है, कौन जानता है ?
19. एक राजा था। उसकी तीन रानियाँ थीं ।
20. दरवाजे पर कौन था ?
21. घर में कितने लोग हैं ?
22. मन में क्या है तुम्हारे ?
23. कम्प्यूटर में कितने गेम हैं ?
24. राम और श्याम के बीच में कौन है ?
25. मेरे आगे कोई नहीं है।
26. तुम्हारे पीछे कौन था ?
27. राम के साथ कौन है ?
28. पापा के सामने मम्मी थी ।
29. मेरे बगल में कोई है क्या ?
30. एक आदमी खड़ा है।
31. कोई लड़की है।
32. कई बातें हैं जो मैं जानता हूँ।
33. प्यार में दूरियाँ नहीं होती ।
34. दोस्ती में थैंक्स नहीं होता ।
35. हमारे बीच कुछ नहीं है।
36. नल में पानी नहीं है।
37. दिल को प्यार है।
38. तुम्हारे दिल में क्या है ?
39. कमरे में खिड़कियाँ हैं।
40. पैन में स्याही नहीं है।
41. कार में पेट्रोल था ।
42. उसके दिल में बहुत दर्द है।
43. उसकी आवाज़ में जादू है।
44. तुम्हारे गाने के तरीके में कुछ तो बात है।
45. कुछ और भी है।

महान व्यक्तियों द्वारा कही गई बातें (Quotations)

1. One may be wise to believe that I can fail thousand times but he would be a fool to believe that I'll not try again.
   उसे समझदार कह सकते हैं जिसे ये विश्वास हो कि मैं हज़ार बार फेल हो सकता हूँ पर वो मूर्ख होगा जो ये सोचे कि मैं दोबारा प्रयास नहीं करुँगा।

2. Every single time when I failed, I convinced myself just for one more try. I kept doing it & eventually I won.
   हर एक बार जब मैं हारा, तो मैंने अपने आप को मनाया बस एक बार और। मैंने हर बार ऐसा ही किया और आखिरकार मैं जीत गया।

3. Never promise that you can't keep.
   अगर आप निभा नहीं सकते तो वादा कभी मत करो।

4. Men are not those, who are made by circumstances but those, who change the circumstances.
   इन्सान वो नहीं जिन्हें हालात बदल देते हैं, इन्सान तो वो हैं जो हालात ही बदल देते हैं।

Answers

1. उस घर में एक छोटा बच्चा था।	There was a small kid in that home.
2. वहाँ कुछ नहीं था शायद ।	Perhaps/probably there was nothing.
3. बाल्टी के नीचे कुछ है।	There is something beneath the bucket.
4. सभी लोग वहाँ होंगे ।	All the people will be there.
5. क्या मेरा भाई वहाँ होगा ?	Will my brother be there?
6. वहाँ पहनने को कुछ नहीं है।	There is nothing to wear.
7. कहने की ज़रूरत नहीं है।	There is no need to say.
8. जब कभी तुम थे, राम नहीं था।	Whenever you were there, Ram wasn't there.
9. उसके भाई के दिल में कोई बात नहीं है।	There is nothing in his brother's heart.
10. बात करने की कोई ज़रूरत नहीं है।	There is no need to talk.
11. ऐसा कुछ नहीं है।	There is nothing as such.
12. हमारे बीच ऐसा कुछ नहीं था।	There was nothing as such between us.
13. कितने लोग हैं ?	How many people are there?
14. कुछ है क्या ?	Is there something? / Is something there?
15. उस घर में कुछ है।	There is something in that house.
16. कितना पैसा था ?	How much money was there?
17. तुम किसके साथ थे ?	With whom were you?
18. इस दिल में क्या है, कौन जानता है ?	What's in this heart, who knows?
19. एक राजा था। उसकी तीन रानियाँ थीं ।	There was a king. He had three queens.
20. दरवाजे पर कौन था ?	Who was there at the door?
21. घर में कितने लोग हैं ?	How many people are there at home?
22. मन में क्या है तुम्हारे ?	What is there in your mind/heart?
23. कम्प्यूटर में कितने गेम हैं ?	How many games are there in computer?
24. राम और श्याम के बीच में कौन है ?	Who is there between Ram and Shyam?
25. मेरे आगे कोई नहीं है।	Nobody is there ahead of me.
26. तुम्हारे पीछे कौन था ?	Who was there behind you?
27. राम के साथ कौन है ?	Who is there with Ram?
28. पापा के सामने मम्मी थी ।	There was mom in front of dad.
29. मेरे बगल में कोई है क्या ?	Is someone there beside me?
30. एक आदमी खड़ा है।	There is a man standing.
31. कोई लड़की है।	There is some girl. / There is a girl.
32. कई बातें हैं जो मैं जानता हूँ।	There are lot many things/secrets that I know.
33. प्यार में दूरियाँ नहीं होती ।	There are no differences in love.
34. दोस्ती में थैंक्स नहीं होता ।	There is no thanks in friendship.
35. हमारे बीच कुछ नहीं है।	There is nothing between us.
36. नल में पानी नहीं है।	There is no water in the tap.
37. दिल को प्यार है।	There is love in heart.
38. तुम्हारे दिल में क्या है ?	What is there in your heart?
39. कमरे में खिड़कियाँ हैं।	There are windows in the room.
40. पैन में स्याही नहीं है।	There is no ink in the pen.
41. कार में पेट्रोल था ।	There was petrol in the car.
42. उसके दिल में बहुत दर्द है।	There is so much pain in his heart.
43. उसकी आवाज़ में जादू है।	There is a magic in his voice.
44. तुम्हारे गाने के तरीके में कुछ तो बात है।	There is something in your way of singing.
45. कुछ और भी है।	Something else is there.

Lesson – 18

Position Sense (स्थिति का ज्ञान)

बगल में	– **next to** (नैक्स्ट टु), **adjacent**(ऐजासेन्ट), **beside** (बिसाइड)
आगे	– **ahead of** (अहैड ऑफ)
पीछे	– **behind** (बिहान्ड)
सामने	– **in front of** (इन फ्रन्ट ऑफ), **before** (बिफोर)
दाँयी ओर	– **right to** (राइट टु), **to the right of** (टु द राइट ऑफ)
बाँयी ओर	– **left to** (लैफ्ट टु), **to the left of** (टु द लैफ्ट ऑफ)
बगल में दाँयी ओर	– **immediate right to** (इमीडिएट राइट टु)
बगल में बाँयी ओर	– **immediate left to** (इमीडिएट लैफ्ट टु)

आइए नीचे दिये गये क्लास लेआउट की मदद से समझें –
Let's understand with the help of following class layout –

Teacher

Divya	***Rashmi***	***Masood***	***Junaid***	***Sandeep***
Shalini	***Nitin***	***Tarun***	***Ram***	***Mayank***

ऊपर एक class layout दिया गया है। Teacher का चेहरा बच्चों की तरफ है। क्लास में बच्चे दो लाइनों में बैठे हैं। हर लाइन में 5 बच्चे हैं।
A class layout is given above. Teacher is facing the students. The students are sitting in two rows. There are 5 students in each row.

अगर पूछा जाये कि Divya के **दाँयी ओर** कौन बैठा है तो शायद आप कहोगे Rashmi । ये बात सही है कि Rashmi वाकई में Divya के दाँई ओर बैठी है पर Masood, Junaid और Sandeep भी तो दाँई ओर ही बैठे हैं। फिर आपने सिर्फ Rashmi का ही नाम क्यों लिया। सही उत्तर होना चाहिए – Divya के दाँयी ओर Rashmi, Masood, Junaid और Sandeep बैठे हैं। हाँ अगर ये पूछा जाता कि Divya के **बगल में दाँयी ओर** कौन बैठा है तो आप कहोगे Rashmi । यहीं से जन्म हुआ immediate right और immediate left का।

If asked 'Who is sitting right to Divya?', you would probably answer 'Rashmi'. 'Rashmi' is certainly to the right of Divya but what about Masood, Junaid & Sandeep? Aren't they sitting to the right of Divya too? Yes, they are. So ideally, you should've taken their names as well. If you are asked 'Who is sitting immediate right to Divya?', then you must answer 'Rashmi'.

बगल में दाँयी ओर	– **immediate right to** (इमीडिएट राइट टु)
बगल में बाँयी ओर	– **immediate left to** (इमीडिएट लैफ्ट टु)

Confusion between "in front of" & "ahead"

लोग अक्सर confuse रहते हैं कि ***in front of*** और ***ahead*** का प्रयोग कहाँ पर करना है।
सोचिए आप एक लाइन में खड़े है और आपके आगे एक आदमी खड़ा है, उसकी पीठ आपकी तरफ है इसलिए वो आपके आगे है, इसे ***ahead*** कहेंगे और आप उसके पीछे यानि ***behind.***

सोचिए जब आप किसी से बात कर रहे हैं तो उसकी पीठ आपकी तरफ नहीं है बल्कि आप उसको देखते हुए बात कर रहे हैं। इस स्थिति में वो व्यक्ति आपके सामने यानि ***in front of*** है। इस स्थिति के लिए ***before*** का प्रयोग भी किया जाता है। इस तरह आपको पता लग गया कि before के दो अर्थ होते हैं – एक है "पहले" और दूसरा है "सामने"।

बगल में – next to (नैक्स्ट टु), adjacent(ऐजासेन्ट), beside (बिसाइड)

आइए कुछ उदाहरणों पर गौर करें –
Let's pay attention to a few examples –

1. टीचर बच्चों के सामने बैठे हैं।
   Teacher is sitting in front of the students.

2. रश्मि दिव्या के बगल में दाँयी ओर बैठी है।
   Rashmi is sitting immediate right to Divya.

3. मसूद तरुण के आगे बैठा है।
   Masood is sitting ahead of Tarun.

4. राम मयंक के बगल में बैठा है।
   Ram is sitting adjacent/next to/beside Mayank.

5. नितिन तरुण के बगल में बाँयी ओर बैठा है।
   Nitin is sitting immediate left to Tarun.

6. शालिनी राम के बाँयी ओर बैठी है।
   Shalini is sitting left to Ram.
   or
   Shalini is sitting to the left of Ram.

7. मयंक सन्दीप के पीछे बैठा है।
   Mayank is sitting behind Sandeep.

8. राम तरुण और मयंक के बगल में बैठा है।
   Ram is sitting beside Tarun & Mayank.

9. मसूद रश्मि और जुनेद के बीच में बैठा है।
   Masood is sitting between Rashmi and Junaid.

10. दिव्या, शालिनी, संदीप और मयंक बिल्कुल कोनों में बैठे हैं।
    Divya, Shalini, Sandeep & Mayank are sitting in extreme corners.

DMR.COM

Position Sense – Practice Exercise

आइए अभ्यास करें। निम्नलिखित वाक्यों का अंगेज़ी में अनुवाद करिए –

Let's practice. Translate the following sentences into English –

1. तुम मेरे दाँयी ओर हो।
2. क्या राम तुम्हारे सामने था ?
3. मैं उसके आगे खड़ा था ।
4. राम के आगे कितने लोग हैं ?
5. बच्चों के ठीक सामने अध्यापक खड़े हैं।
6. तुम्हारे बाँयी ओर कौन है ?
7. मेरे बगल में दाँयी ओर सीता बैठी है ।
8. सीता के बगल में बाँयी ओर एक लड़का है।
9. मैं तुम्हारे पीछे था।
10. उसके पीछे कितने लोग खड़े हैं ?
11. राम एक कोने में बैठा है।
12. मेरे बाँयी ओर कोई खड़ा नहीं था।
13. राहुल मेरे ठीक सामने था क्या ?
14. मेरे घर के सामने तुम्हारा घर है।
15. मेरा घर तुम्हारे घर से ठीक आगे वाला है।
16. मेरा घर तुम्हारे घर से ठीक पीछे वाला है।
17. रोहित के दाँयी ओर कितने लोग हैं ?
18. सीता के बाँयी ओर कितने लड़के हैं ?
19. मेरे दाँयी ओर कोई नहीं है।
20. क्या तुम्हारे दाँयी ओर कोई है ?
21. क्या तुम्हारे बाँयी ओर कोई नहीं है ?
22. क्या तुम्हारे आगे कोई है ?
23. क्या तुम्हारे पीछे कोई नहीं है ?
24. क्या तुम्हारे सामने कोई है ?
25. क्या तुम्हारे बगल में कोई है ?
26. हम बाँयी ओर खड़े थे ।
27. हम दाँयी ओर खड़े थे ।
28. सीता क्लास में अकेली थी ।
29. राम वहाँ पर नहीं था।
30. दिल्ली भारत के उत्तर में है।
31. केरल भारत के दक्षिण में है।
32. बंगाल भारत के पूरब में है।
33. उसके सामने कौन था ?
34. मेरे आगे लाइन में तीन लोग खड़े थे ।
35. राम के आगे 2 आदमी थे।
36. मेरे पीछे लाइन में कितने थे ?
37. मेरे जूते कमरे के एक कोने में पड़े थे।
38. तुम्हारे जूते के सामने वाले जूते मेरे हैं।
39. वो तुम्हारे किस तरफ है ?
40. वो मेरे दाँयी ओर है।
41. दाँयी ओर तो ठीक है पर वो क्या बगल में है ?
42. हमारे बीच 2 लड़कियाँ हैं।
43. सीता और गीता के बीच कितने हैं ?
44. रोहन के बगल में कौन है ?
45. सीता के बगल में कोई नहीं है।
46. राम आगे है और मैं पीछे।
47. तुम दाँयी ओर थे।
3, हम नहीं खायेंगे जब तक राम नहीं आयेगा। We will not eat till Ram doesn't come.
4, जब तक वो आया, मैं जा चुका था। By the time he came, I had left/gone.
5, जब तक तुम मेरे साथ हो, मुझे परवाह नहीं। As long as you are with me, I don't care.

Unless / Until (जब तक नहीं)

Rule: इन दोनों में से कोई भी प्रयोग कर सकते हैं। पर महत्वपूर्ण बात ये है कि इनके बाद का वाक्य या तो Present Indefinite में बनता है या फिर Past Indefinite में। नीचे दिये गये दूसरे और तीसरे वाक्य में "जब तक" के बाद का वाक्य "गा गे गी" वाला है पर फिर भी अंग्रेज़ी में बदला गया तो Present Indefinite का प्रयोग किया गया।

1. जब तक मैं नहीं आता, तुम मत जाना। Until/Unless I come, you don't go.
2. जब तक राम नहीं आयेगा, हम नहीं जायेंगे। Until/Unless Ram comes, we will not go.
3. हम नहीं खायेंगे जब तक राम नहीं आयेगा। We will not eat until/unless Ram comes.
4. जब तक वो नहीं आया, मुझे अच्छा नहीं लगा। Until / Unless he came, I didn't feel good.
5. जब तक बच्चों ने नहीं पूछा, मैंने उन्हें नहीं बताया। Until/Unless children asked, I didn't tell them.
6. जब तक अमित अनुमति नहीं देगा, मैं चुप रहूँगा। Until/Unless Amit allows, I'll keep quiet.

Whether – or (चाहे ---- या) (कि -----या)

Rule No 1: (चाहे ---- या)

अगर वाक्य में "चाहे" के साथ "या" आये तो "whether" के साथ "or" का प्रयोग करना ज़रुरी है। लेकिन "whether" के साथ वाला वाक्य जो कौमा से पहले है, Present Indefinite में ही बनेगा।

1. चाहे वो आये या न आये, मैं तो जाऊँगा। Whether he comes or not, I will go.
2. चाहे राम खेले या न खेले, तुम्हें खेलना चाहिए। Whether Ram plays or not, you should play.

Rule No 2: (कि -----या)

अगर वाक्य में "कि" के साथ "या" आये तो "whether" के साथ "or" का प्रयोग करना ज़रुरी है। लेकिन "whether" के साथ वाला वाक्य जो कौमा से पहले है, Tense के अनुसार ही बनेगा।

1. मैं कह नहीं सकता कि वो खेलेगा या नहीं। I can't say, whether he will play or not.
2. वो नहीं जानता था कि लोग आयेंगे भी या नहीं। He didn't know, whether people will come or not.
3. हमें नहीं पता कि वो वहाँ जाता है या कहीं और। We don't know, whether he goes there or somewhere else.

Whereas / While (जबकि)

1. मेरे पास 10 रु हैं जबकि तुम्हारे पास 50।
   I have Rs 10 whereas/while you have 50.

2. जब राम की शादी हुई, वो 25 साल का था जबकि दुल्हन केवल 18 की।
   When Ram got married, he was 25 whereas/while the bride was only 18.

Coniunctions – Practice Exercise

आइए अभ्यास करें। निम्नलिखित वाक्यों का अंगेज़ी में अनुवाद करिए –

Let's practice. Translate the following sentences into English –

1. उसने भी नहीं चाहा।
2. हालाँकि मुझे खेलने नहीं दिया जा रहा, फिर भी मैं शान्त हूँ।
3. मैं उसे भिजवा सकता हूँ पर तब जब तुम घर आ जाओ।
4. मैंने न कभी किया न करने की सोच सकता हूँ।
5. चाहे वो बैठे या न बैठे मैं तो ज़रुर बैठूँगा।
6. हमें पढ़ने तक नहीं दिया गया था।
7. मेरी बात किसी ने नहीं सुनी।
8. जिसे तुम याद कर रहे हो, उसे तुम कभी याद नहीं आते।
9. जो तुमने टेबल पर रखा, क्या है वो ?
10. चाहे वो न आये, मैं तो सुबह–2 ही दिल्ली के लिए निकल जाऊँगा।
11. वो भी हमें देखता रहा।
12. क्या वो जानता था कि मैं कौन हूँ ?
13. मैं तुम्हें यही तो समझा रहा हूँ।
14. रिश्ता वो चीज़ है जिसके बिना हम अधूरे हैं।
15. हम वहीं पर तो खड़े होकर पढ़ रहे थे।
16. उसने मुझे सिखाया था कि लड़ते कैसे हैं।
17. या तो अपनी हार पर रोना होगा हमें या फिर लड़ते हुए जान देनी होगी।
18. वो अंग्रेज़ी ही नहीं पंजाबी भी बोलना जानता है।
19. सबको इज्ज़त दो ऐसा न हो तुम्हें भी कोई इज्ज़त न दे।
20. अब चलते हैं वरना हमें देर हो सकती है।
21. वो पढ़ने के लिए नहीं आया ताकि उसे डाँट न पड़े।
22. मैं कह नहीं सकता कि वो कब तक आयेगा।
23. उसे अभी भी बुखार है।
24. मैंने तुम्हारा नाम सुना तक नहीं था।
25. न उसने देखा होगा न किसी और ने।
26. मैं कह नहीं सकता कि वो आयेगा।
27. जहाँ तक मेरी ज़िन्दगी का सवाल है, मैंने इसे मानव कल्याण पर लगा दिया है।
28. लोग अक्सर मेरे घर आते हैं ताकि वो मेरे अमीर पिता का पैसा प्रयोग कर सकें।
29. वो माता पिता जिनकी ऊँगली पकड़कर तुमने चलना सीखा, उन्हें कभी दुख मत पहुँचाना।
30. न वो समझा जो मुझे कहना था न ही उसने सुनने की कोशिश तक की।
31. या तो वो तुम्हें जाने देगा या वो बहाने बनायेगा।
32. शिक्षा व्यवसाय नहीं बल्कि आप तक पहुँचने का एक प्रयास है।
33. मैं भी खुश नहीं हूँ।
34. हम उतने सभ्य हैं जितना हमें होना चाहिए।
35. जहाँ तक मेरी सोच का सवाल है, मुझे पूरा यकीन है कि मैं सबका दिल जीत लूँगा।
36. वो तुम्हें डाँटने के सिवाय कुछ भी कर सकता है।
37. ये मेरा प्यार नहीं, उस लड़की की तरफ़ मेरा आर्कषण है।
38. वो मुझसे बात करने लगा मानो मुझे पहले से जानता हो।
39. चाहे ट्रेन 2 घंटे बाद आये, हमें तैयार रहना चाहिए।
40. क्या उनमें से कोई इतना हैंडसम था जितना वो है।
41. क्या उसके पास मेरे जितनी गाड़ियाँ थी ?
42. उसे भी फ़ल पसन्द नहीं थे।
43. चूँकि मैंने उसे फोन नहीं किया, इसलिए उसने अगले पूरे दिन मुझसे बात नहीं की।
44. राज नहीं जानता कि वो दिल्ली जायेगा या नहीं।
45. उसे पता नहीं था कि वो जायेगा।
46. इसी तरह मैं बड़ा हुआ ।
47. मेरी मम्मी ऐसी नहीं है कि तुम्हारे बहानों को मान जाए।
48. मैंने ये किताब खोली ही थी कि मुझे अपना बचपन याद आ गया क्योंकि जब मैं बच्चा था मुझे ये किताब पसंद थी ।
49. मैं अभी भी तुम्हें अपनी ज़िंदगी से ज़्यादा प्यार करता हूँ।
50. उनमें से किसी के पास भी मेरे जितनी पेन्सिलें नहीं थी।
51. क्या तुम्हारा सुझाव मेरे जितना अच्छा है ?
52. मैनें वहीं तो उस अजनबी को देखा था ।
53. उसने मुझे फोन नहीं किया क्योंकि वो मुझसे नाराज़ है।
54. वो मेरे जितना लम्बा नहीं था ।
55. तुम्हारी आँखें मुझे इस तरह घूरती हैं कि एक पल के लिए मैं खो सा जाता हूँ।
56. उसके हालात अभी भी उसके काबू से बाहर हैं ।
57. वो लड़की ऐसा गिफ्ट पसन्द नहीं करेगी ।
58. उनमें से कुछ मेरे भाई जितने तेज़ हैं ।
59. उसी वक्त मैंने भी ग्रेजुएशन पूरी की ।
60. जैसे ही तुम वहाँ पहुँचो, मुझे कॉल करना ।
61. जहाँ तक मुझे पता है वो स्वभाव का अच्छा है ।
62. न केवल मेरी ज़िंदगी बल्कि उसकी भी इस एक गलत फैसले के कारण बर्बाद हो गई है ।
63. मैं न उसे कॉल कर पाया न उसे आखिरी वक्त पे देख पाया ।
64. इस साल कई हिट फिल्में हैं जैसे दबंग 2, सन ऑफ सरदार आदि ।
65. वो अपने दोस्तों के साथ खेलते हुए टीवी देख रहा था ।
66. या तो मेरा गलत है या तुम्हारा ?
67. तुम मेरे दोस्त नहीं हो इसलिए मैने कॉल नहीं की ।
68. जब तक तुम यहाँ खड़े हो, मैं भी कहीं नहीं जाऊँगा ।
69. ऐसी कहानियाँ बहुत बोरिंग होती हैं ।
70. मैं कह नहीं सकता, वो तुम्हें ऐसी किसी बात के लिए फोन करेगा ।
71. मैं उसे कॉल करने के अलावा कुछ भी कर सकता था ।

72. चाहे वो खाये या न खाये, कम से कम मैं तो नहीं खाने वाला ।
73. या तो मैं गलत हूँ या फिर तुम ।
74. जितना तुम उसे प्यार करते हो मैं भी करता हूँ।
75. मैने भी उसे रूलाया ।
76. यही तो मुझे हमेशा नापसंद था और नियति देखिए आज मेरे पास ये करने के सिवाय कोई चारा ही नहीं है ।
77. वो अभी भी बुरे दौर से गुज़र रहा है ।
78. चाहे मेरे साथ बुरे से भी बुरा बर्ताव हो या मुझे जान से मार दिया जाये मेरी आखिरी साँस भी यही कहेगी कि मैं अपने देश से प्यार करता हूँ और अंत तक करता रहूँगा।
79. जो तुम कहो, मैं अंत तक करता रहूँगा ।
80. जब तक वो मिलने नहीं आता मैं नहीं जाने वाला ।
81. हम इस तरह रोड पार करते हैं ।
82. जैसा तुम चाहो/जैसा तुम पसंद करो ।
83. मैं पढ़ने लगा ज्यों ही पापा आये ।
84. तुम मेरे कोई नहीं हो जबकि वो मेरा सब कुछ है ।
85. वो मेरे लिए रूका जब तक मैं नहीं आया ।
86. जैसा–2 आपने मुझे बताया था मैंने कर लिया है ।
87. उसने पढ़ते हुए मुझे कॉल किया ।
88. मैंने तुम्हें कॉल की ही थी कि तुम मेरे घर पहुँच गये ।
89. हमने अभी तक ताजमहल नहीं देखा है ।
90. तुमने अभी तक कितना पैसा इकट्ठा कर लिया है ?
91. इस तरह का आदमी घमंडी होता है ।
92. उसने इस तरह मेरा स्वागत किया कि एक पल को मुझे लगा कि मैं हीरो हूँ ।
93. मुझे भी ऐसा व्यवहार कभी पसंद नहीं आया ।
94. मैं इस साल ज़्यादा मेहनत करूँगा क्योंकि मैं दोबारा फेल नहीं होना चाहता ।
95. मुझे टीवी की जरूरत नहीं थी पर तुमने दिला दी, मैं धन्यवाद करता हूँ ।
96. मेरे पास कुछ नहीं है फिर भी मैं हिम्मत नहीं हारता ।
97. कोई तो दोषी है, तुम या मैं ?
98. वो साथी जिसके बिना तुम आज जहाँ हो पहुँच नहीं सकते थे, कहाँ है वो ?
99. जब तक वो मेरे पैसे वापस नहीं करता मैं उसे नहीं छोड़ने वाला ।
100. वो उतनी दूर तक नहीं जा सका ।
101. वो सच नहीं, एक दिखावा था ।
102. जिसके साथ बैठकर तुमने फोटो खिंचवाई, वो कौन है ?
103. उसी को तो मैंने भेजा था ।
104. इसी बात पर तो हमारे बीच झगड़ा हुआ ।
105. न खुद करते हो, न करने देते हो ।
106. ऐसी लापरवाही अभी तक किसी और ने नहीं की है ।
107. उसके पास अभी भी बहुत पैसा है ।
108. न बारिश हुई, न कोई आया ।
109. तुमने उसे बुलवाया ताकि हमें पिटवा सको ।
110. जिसके साथ हम चल रहे हैं, वो भूत नहीं हो सकता ।
111. जिसका दिल टूटा होता है वो अक्सर दर्द महसूस करता है।
112. कल छुट्टी होगी ।
113. उसका भी कोई नहीं था ।
114. मैंने उसी समय बन्दूक निकाल ली ।
115. राम ने ये करवाया ताकि कोई उसे दोष न दे ।
116. जब भी उनसे पूछा गया, वो लोग चुप हो जाते थे ।
117. मैं भी किसी से नहीं डरता था ।
118. जब तक बच्चे नहीं पूछेंगे, उन्हें कैसे पता चलेगा ?
119. वो तुम्हें आने देगा बशर्ते तुम उसे कुछ पैसे दो ।
120. मेरे पास उसके जितनी किताबें क्यों नहीं थी ?
121. हमारे घर में भले ही कम्प्यूटर न हो, पर हमनें काम करना सीख लिया है ।
122. हमसे कोई नहीं मिल पाता था शायद इसलिए क्योंकि हम सबसे अलग थे ।
123. उन्हें ही नहीं, उनके परिवार वालों को भी कोर्ट में पेश किया जाना है।
124. हमने अभी तक किसी को नहीं बुलाया है।
125. बच्चे ने आँखें खोली भी नहीं थी कि उसे मार दिया गया।
126. भले ही उसने मुझे जाने दिया पर मैं उसका साथ देने की सोच भी नहीं सकता ।
127. क्या तुम अभी भी ऐसा सोचते हो ?
128. हालाँकि उसकी तबीयत खराब है फिर भी मैं उसकी हिम्मत की दाद देता हूँ कि वो सुबह से काम कर रहा है ।
129. उसने ऐसा किया ताकि लोग उसकी तारीफ करें।
130. अपने दोस्तों का साथ दो ऐसा न हो कि ज़रूरत पड़ने पर वो तुम्हारा साथ न दें ।
131. क्या ये वही लड़का है जिसे तुम उस दिन कुछ पूछ रहे थे ?
132. जिसे मैंने पिया वो पानी नहीं कुछ और था ।
133. तुम मुझे रोक नहीं पाओगे ।
134. क्या वो आज़ भी मुझे याद करता है ?
135. मैंने अभी तक कुछ नहीं खाया है ।
136. उसके बारे में भले ही तुम कुछ भी कहो पर उसे मुझ से बेहतर कोई नहीं जानता ।
137. ऐसा ख्याल तक मुझे नहीं आता ।
138. वो न कुछ सोच पाया न अपनी बात कह पाया ।
139. ऐसी चीजें मैं भी नहीं खाता ।
140. या तो वो तुम्हें जाने देगा या फिर ये कहकर रोकेगा कि उसे तुम्हारी ज़रूरत है ।
141. रिश्ते उन्हें कहते हैं जो हमें एक दूसरे से प्यार करना सिखाते हैं ।
142. गांधीजी वो महापुरूष हैं जिनके सिद्धांतों को सुनते हुए मैं बड़ा हुआ ।
143. जिसने तुम्हें जाने दिया वो मेरा बड़ा भाई था ।
144. हम भी किसी को नहीं कहते थे ।
145. जिसके कंधे पर बैठकर तुमने दुनिया देखी, उनके कंधो को कभी झुकने मत देना ।
146. मैंने तुम्हें पूछा तक नहीं कि तुम कैसे हो ।
147. उसे भी ये नहीं बताया गया ।
148. क्या तुम कार चलाना जानते हो ?

Answers

1. Even he didn't want.
2. Though I am not being let play, still I am quiet. / Although I am not being let play, yet I am quiet.
3. I can make him go provided you come home.
4. Neither I did nor I can ever think to do (of doing).
5. Whether he sits or not, I must sit (I will definitely sit).
6. We were not even let study.
7. Nobody listened to me.
8. The one who you are missing, she never misses you (You are never missed by her).
9. That you kept on table, what is that?
10. Even if he doesn't come, I will leave for Delhi early in the morning.
11. Even he kept on watching us.
12. Did he know who I was?
13. That's what I am making you understand.
14. Relation is something without which we are incomplete.
15. That's where we were standing and studying.
16. He had taught me how to fight?
17. Either we will have to cry over our defeat or sacrifice our lives, fighting.
18. He not only knows English but also Punjabi.
19. Respect all lest nobody should respect you.
20. Let's go now otherwise (or else) we may (might) be late.
21. He didn't come to study so that he was not scolded.
22. I can't say until when (by what time) he will come.
23. He is still suffering from fever. / He still has fever.
24. I had not even heard your name.
25. Neither he will have seen nor anybody else.
26. I can't say if he will come.
27. As far as my life is concerned, I have devoted it to human welfare.
28. People visit my home very often so that they might use my rich father's money.
29. The parents, holding whose fingers you toddled, don't ever hurt them.
30. Neither he understood what I had to say nor he even tried to listen.
31. Either he will let you go or he will make excuses.
32. Education is not a business but an endeavor to reach you.
33. Even I am not happy. / I am not happy either.
34. We are as civilized as we should be.
35. As far as my thinking is concerned, I firmly believe that I will win everyone's heart.
36. He can do anything but scold you.
37. It's not my love but an attraction towards that girl.
38. He started talking to me as if he knew me beforehand (he already knew me).
39. Even if train comes after 2 hrs, we must be ready.
40. Was any of them as handsome as he is?
41. Did he have as many cars as I have?
42. He didn't like fruits either. / Even he didn't like fruits.
43. For (Since/as) I didn't phone (call) him, He didn't talk to me for next whole day.
44. Raj doesn't know whether he will go Delhi or not.
45. He had no idea whether he would go. / He didn't know whether he would go.
46. That's how I grew up.
47. My mom is not such a lady who will buy your excuses.
48. No sooner had I opened this book than I remembered my childhood as I loved it when I was a kid.
49. I still love you more than my life.

50. None of them had as many pens as I had.
51. Is your suggestion as good as mine is.
52. That's where I had seen that stranger.
53. He didn't call me because (,for / as) he is angry with me.
54. He was not as tall as I.
55. Your eyes stare me in such a way that I feel myself lost for that a moment.
56. His circumstances are still out of his hands.
57. That girl will not like such a gift.
58. Few of them are as intelligent as my brother is.
59. That's when even I completed Graduation.
60. As soon as you reach there, call me up.
61. As far as I know, he is nice by nature.
62. Not only my life but also his is ruined due to this one wrong decision.
63. I could neither call him nor see him at the last breath (time).
64. There are so many big hits this year such as Dabang 2, Son of Sardar etc.
65. He was watching TV while playing with his friends.
66. Either mine is wrong or yours is.
67. You are not my friend that's why I didn't call you.
68. As long as you are standing here, even I will not go anywhere.
69. Such stories are very boring.
70. I can't say if he will call you for any such purpose.
71. I could do anything but call her.
72. Whether he eats or not, atleast I am not going to (gonna) eat.
73. Either I am wrong or you are.
74. As much as you love her, even I do.
75. Even I made him weep. / I also made him weep.
76. That's what I always disliked and what a coincidence, I have no choice but to do it.
77. He is still going through a bad phase.
78. Whether I am treated brutally or killed, Even my last breathe will say " I love my country and I will keep loving till the end ".
79. Whatever you say, I will keep doing till the end.
80. Unless he comes to meet, I am not going to go.
81. That's how we cross the road.
82. As you feel like.
83. I started studying as soon as (the moment) Dad came (turned up).
84. You are no one to me whereas (while) he is everything to me.
85. He waited for me until (unless) I came. / He waited for me by the time (as long as) I didn't come.
86. I have done as you had instructed me.
87. He called me while studying.
88. No sooner had I called you than you reached my home.
89. We have not seen the Taj Mahal yet (as yet).
90. How much money have you collected so far?
91. Such a man is arrogant.
92. She welcomed me in such a way that for a moment I felt as if I was a hero.
93. Even I never liked such a behavior.
94. I will work harder this year because I don't want to fail again.
95. I didn't need a TV but you provided me. I thank you so much.
96. I have nothing, yet I don't lose hope.
97. Someone is to blame; either you or I?
98. The mate without whom you could not have reached where you are today, where is he?

99. Unless (until) he returns my money, I am not going to (gonna) spare him.
100. He couldn't go up to that far.
101. That was not truth but fake.
102. The one, sitting with whom you had a snap. Who is he?
103. That's whom I had sent.
104. That's what we disputed on. / We disputed on the same matter.
105. Neither you do yourself not let do.
106. Nobody else has done such a negligence.
107. He still has lots of money. / He still has a lot of money.
108. Neither it rained, nor did anybody come.
109. You made him come so that we could be beaten.
110. The one with whom we are walking, he can't be a ghost.
111. The one whose heart is broken, he often feels the pain.
112. It will be holiday tomorrow.
113. Nobody was his either. / Nobody was hers either.
114. That's when I took out the gun. / I took out the gun exactly at that time.
115. Ram got it done so that nobody blames him.
116. Whenever they were asked, they people would keep quiet.
117. Even I was not scared of anybody.
118. Unless children ask, how will they know?
119. He will let you come provided you give him some money.
120. Why did I not have as many books as he had?
121. Even if we don't have a computer at home, then also we have learnt how to work on it.
122. Nobody was able to meet us, probably because we were different than others.
123. Not only they but also their family members have to be produced in court.
124. We have not called anyone yet.
125. Child had not even opened the eyes that he was killed.
126. Even if he let me go, but I can't even think of supporting him.
127. Do you still think so?
128. Though he is unwell, still I salute his courage that he has been working since morning.
129. He did so, so that people appreciate him.
130. Help your friends lest in need, they shouldn't help you.
131. Is this the boy whom you were asking something the other day?
132. That I drank wasn't water but something else.
133. You will not be able to stop me.
134. Does he still miss me?
135. I have not eaten/had/taken anything as yet.
136. Although you say anything about him, yet nobody knows him better than I.
137. I can't even think so.
138. He could neither think something nor say what he wanted to.
139. I don't eat such things either.
140. Either he will let you go or he will stop you, saying that he needs you.
141. Relations are those which teach us to love each other.
142. Gandhiji is the great man, hearing whose principles I grew up.
143. The one, who let you go, was my elder brother.
144. Even we didn't use to say to anyone.
145. The one, sitting on whose shoulders you saw the world, don't let him ever down.
146. I didn't even ask you how you were.
147. Even he was not told this.
148. Do you know how to drive the car?

Conjunctions – Test Papers

Test – I

Q1: Translate the following sentences into English: **20 x 1 = 20**

1. भले ही ये दूरियाँ बहुत गहरी हैं, फिर भी तुम मेरे दिल के सबसे करीब हो।
2. राम न मेरा दोस्त था न है।
3. मैं अभी भी सोच रहा हूँ।
4. वो यही तो चाहती है।
5. न वो मेरे जितना गोरा था न तुम्हारे जितना काला।
6. राम के दस भाई हैं जबकि मेरे केवल दो।
7. हम सब इस तरह खेलते हैं जैसे कि भाई भाई हों।
8. वो वैसे ही लड़ा जैसा तुमने उसे सिखाया था।
9. मैं राजेन्द्र नहीं, सलमान हूँ।
10. मैंने तुम्हें मैसेज भेजा ही था कि तुमने कॉल कर दी।
11. मैं सब कुछ देख सकता हूँ होते हुए पर नहीं देख सकता तुम्हें रोते हुए।
12. उसने किताब तक नहीं खोली थी पर पास हो गया।
13. मेरे साथ रहो ताकि कुछ सीख सको।
14. मेरे पास भी पैन नहीं है।
15. जितनी जल्दी हो सके मेरे घर आओ।
16. मेरा ऑफिस भी तुम्हारे ऑफिस जितना ही दूर है।
17. आसमान के जितना ऊँचा बनो।
18. उसका शरीर लोहे की तरह मजबूत था पर दिल एक बच्चे की तरह निर्दोष।
19. बच्चे ही नहीं टीचर्स भी आये थे।
20. मैं तुम्हें किताब दूँगा पर तब जब तुम इसे रोज़ पढ़ो।

Q2: Choose the correct alternative: **10 x 1 = 10**

1) My father always scolds me …….. he was Hitler.

i) Even ii) However iii) As though iv) So that v) None of these

2) I have not met him ……..

i) Till now ii) As Yet iii) So far iv) Still v) None of these

3) Work hard lest you…….fail.

i) will ii) should iii) can iv) might v) None of these

4) I can't say ……..he will come.

i) If ii) That iii) Whether iv) as v) None of these

5) Either you or he ……wrong.

i) Am ii) Are iii) Is iv) Were v) None of these

6) Did you not go there ……?

i) also ii) even iii) Either iv) too v) None of these

DIVYR.COM

7) Although I am your friend, ……it doesn't mean you make me fool.

i) then also ii) yet iii) however iv) still v) but

8) He can't…….go there.

i) even ii) either iii) yet iv) still v) also

9) He as well as his friends …….coming.

i) is ii) are iii) were iv) have been v) None of these

10) Whether he ……or not, I must go.

i) comes ii) came iii) come iv) will come v) None of these

Q3: Correct the following sentences: **10 x 2 = 20**

1) I will give you the book provided you will read that daily.
2) My friends have not reached till now.
3) I will see whether he is at home.
4) Read the whole book thoroughly lest you may fail.
5) Even if he will go, I don't care.
6) I am even now thinking about her.
7) As soon as Dad came, I started study.
8) You ordered me as if you are my boss.
9) Because I lost everything, I am depressed.
10) While walk, he was studying.

Answers

Q1:

1. भले ही ये दूरियाँ बहुत गहरी हैं, फिर भी तुम मेरे दिल के सबसे करीब हो।
   Even if the differences are quite deep, still you are the closest to my heart.
2. राम न मेरा दोस्त था न है।
   Ram was neither my friend nor he is.
3. मैं अभी भी सोच रहा हूँ।
   I am still thinking.
4. वो यही तो चाहती है।
   That's what she wants.
5. न वो मेरे जितना गोरा था न तुम्हारे जितना काला।
   Neither he was as fair as I nor as dark as you.
6. राम के दस भाई हैं जबकि मेरे केवल दो।
   Ram has 10 brothers whereas/while I have two.
7. हम सब इस तरह खेलते हैं जैसे कि भाई भाई हों।
   We all play as if we are brothers.
8. वो वैसे ही लड़ा जैसा तुमने उसे सिखाया था।
   He fought as/the way you had trained him.
9. मैं राजेन्द्र नहीं, सलमान हूँ।
   I am not Rajendra but Salman.

10. मैंने तुम्हें मैसेज भेजा ही था कि तुमने कॉल कर दी।
No sooner had I messaged you than you called.
11. देख सकता हूँ मैं कुछ भी होते हुए पर नहीं देख सकता तुम्हें रोते हुए।
I can see anything happening but you crying.
12. उसने किताब तक नहीं खोली थी पर पास हो गया।
He had not even opened the book but he passed.
13. मेरे साथ रहो ताकि कुछ सीख सको।
Be with me so that you could learn something.
14. मेरे पास भी पैन नहीं है।
I don't have a pen either. / Even, I don't have a pen.
15. जितनी जल्दी हो सके मेरे घर आओ।
Come my home as soon as possible.
16. मेरा ऑफिस भी तुम्हारे ऑफिस जितना ही दूर है।
Even my office is as far as your office is.
17. आसमान के जितना ऊँचा बनो।
Be as high/tall as sky.
18. उसका शरीर लोहे की तरह मजबूत था पर दिल एक बच्चे की तरह निर्दोष।
His body was as strong as Iron but his heart was as innocent as a kid.
19. बच्चे ही नहीं टीचर्स भी आये थे।
Not only students but also teachers had come.
20. मैं तुम्हें किताब दूँगा पर तब जब तुम इसे रोज़ पढ़ो।
I'll give you the book provided you read it daily.

Q2: Correct alternative is written in bold letters and underlined:

1) My father always scolds me …….. he is Hitler.

i) Even ii) However iii) **<u>As though</u>** iv) So that v) None of these

2) I have not met him ……

i) Till now ii) **<u>As Yet</u>** iii) So far iv) Still v) None of these

3) Work hard lest you…….fail.

i) will ii) **<u>should</u>** iii) can iv) might v) None of these

4) I can't say ……..he will come.

i) **<u>If</u>** ii) That iii) Whether iv) as v) None of these

5) Either you or he ……wrong.

i) Am ii) Are iii) **<u>Is</u>** iv) Were v) None of these

6) Did you not go there ……?

i) also ii) even iii) **<u>either</u>** iv) too v) None of these

7) Although I am your friend, ……it doesn't mean you make me fool.

i) then also ii) **yet** iii) however iv) still v) but

8) He can't…….go there.

i) **even** ii) either iii) yet iv) still v) also

9) He as well as his friends ……..coming.

i) **is** ii) are iii) were iv) have been v) None of these

10) Whether he ……..or not, I must go.

i) **comes** ii) came iii) come iv) will come v) None of these

Q3: Correct sentences are in italic letters just below the incorrect ones:

1) I will give you the book provided you will read that daily. (Incorrect)
I will give you the book provided you read that daily. *(Correct)*

2) My friends have not reached till now.
My friends have not reached yet / as yet.

3) I will see whether he is at home.
I will see if he is at home.

4) Read the whole book thoroughly lest you may fail.
Read the whole book thoroughly lest you should fail.

5) Even if he will go, I don't care.
Even if he goes, I don't care.

6) I am even now thinking about her.
I am thinking about her even now. / I am still thinking about her.

7) As soon as Dad came, I started study.
As soon as Dad came, I started studying.

8) You ordered me as if you are my boss.
You ordered me as if you were my boss.

9) Because I lost everything, I am depressed.
Since/As/For I lost everything, I am depressed.

10) While walk, he was studying.
While walking, he was studying.

DKNP.COM

Test – II

Q1: Translate the following sentences into English: **30 x 1 = 30**

1. मेरा घर तुम्हारे घर जितना ही दूर है।
2. मैं राहुल नहीं रोहन हूँ।
3. मैं तुम्हारे घर के सिवाय कहीं भी जा सकता हूँ।
4. तुम न अच्छे हो न बुरे।
5. तुम या तो कम्प्यूटर ले लो या लेपटाप।
6. राम कुछ भी कर सकता है पर किसी का दिल नहीं दुखा सकता।
7. तुम एक अच्छे इन्सान नहीं हो। मैं भी नहीं।
8. मैं आम नहीं खाता, तुम भी नहीं खाते।
9. भले ही वो कभी स्कूल नहीं गया, फिर भी गजब की अंग्रेजी बोलता है।
10. राकेश के पास कई गाड़ियाँ है जैसे मर्सिडीज़, होन्डा आदि।
11. वो इतना अच्छा दोस्त था कि मैं बता नहीं सकता।
12. तुम उतनी दूर तक कभी नहीं दौड़ सकते जितना मैं दौड़ सकता हूँ।
13. तुम मिलने आ सकते हो जब तक मैं ऑफिस में हूँ।
14. जितनी जल्दी हो सके खाना खा लो।
15. न मैंने खाया, न पिया।
16. मेहनत करो ताकि इग्ज़ाम में पास हो सको।
17. मैं अभी तक उससे नहीं मिला हूँ।
18. इस तरह के लोग किसी से नहीं मिलते।
19. जब तक तुम मेहनत नहीं करते, सफल नहीं होगे।
20. चाहे तुम आओ या न आओ, मैं जा रहा हूँ।
21. मैं कह नहीं सकता वो आयेगा या नहीं।
22. वो 5000 रु कमा रहा है जबकि तुम 10000।
23. यही तो मैंने तुम्हें कहा।
24. न तुमने कुछ कहा, न उसने।
25. लोग अभी भी उससे लड़ रहे हैं।
26. भले ही तुम मुझे पैसे दे दो, मैं ये नहीं करुँगा।
27. मैं तुमसे लड़ने को तैयार हूँ बशर्ते तुम उसे छोड़ दो।
28. अगर तुम दिल्ली आओ तो मुझसे ज़रुर मिलना।
29. मैं वहीं तो जा रहा हूँ।
30. तुम न केवल एक भाई हो बल्कि एक पिता भी हो।

Q 2: Correct the following sentences if there is an error: **10 X 2 = 20**

1. You don't like me. I don't like you too.
2. If I will go to market, I will meet you.
3. Computer is such device, which can stop working anytime.
4. Wheather you go or not, I will go to Shimla.
5. That's what I am telling you since morning.
6. He is not only a manager, but a student as well.
7. He is not in office since he is unwell.
8. He is working like a manager.
9. He has as much pencils as you have.
10. I am not yet satisfied.

Answers

Q1:

1. मेरा घर तुम्हारे घर जितना ही दूर है। — My house is as far as your house.
2. मैं राहुल नहीं रोहन हूँ। — I am not Rahul but Rohan.
3. मैं तुम्हारे घर के सिवाय कहीं भी जा सकता हूँ। — I can go anywhere but/except your home.
4. तुम न अच्छे हो न बुरे। — You are neither good nor bad.
5. तुम या तो कम्प्यूटर ले लो या लेपटाप। — You either take a computer or a laptop.
6. राम कुछ भी कर सकता है पर किसी का दिल नहीं दुखा सकता। — Ram can do anything but hurt someone.
7. तुम एक अच्छे इन्सान नहीं हो। मैं भी नहीं। — You are not a good person. Neither do I.
8. मैं आम नहीं खाता, तुम भी नहीं खाते। — I don't eat mango, neither do you.
9. भले ही वो कभी स्कूल नहीं गया, फिर भी गज़ब की अंग्रेज़ी बोलता है।
   Even if he never went to school, yet he speaks fluently.

10. राकेश के पास कई गाड़ियाँ है जैसे मर्सिडीज़, होन्डा आदि।
Rakesh has many cars such as Mercedez, Honda etc.
11. वो इतना अच्छा दोस्त था कि मैं बता नहीं सकता।
He was such a good friend that I can't even tell you.

12. तुम उतनी दूर तक कभी नहीं दौड़ सकते जितना मैं दौड़ सकता हूँ। You can never run as far as I can.
13. तुम मिलने आ सकते हो जब तक मैं ऑफिस में हूँ। You can come to meet till I am in office.
14. जितनी जल्दी हो सके खाना खा लो। Eat the food as soon as possible.
15. न मैंने खाया, न पिया। Neither I ate nor drank.
16. मेहनत करो ताकि इग्ज़ाम में पास हो सको। Work hard so that you could pass the exam.
17. मैं अभी तक उससे नहीं मिला हूँ। I have not met him yet.
18. इस तरह के लोग किसी से नहीं मिलते। Such people don't meet anyone.
19. जब तक तुम मेहनत नहीं करते, सफल नहीं होगे। Until/Unless you work hard, can't succeed.
20. चाहे तुम आओ या न आओ, मैं जा रहा हूँ। Whether you come or not, I am going.
21. मैं कह नहीं सकता वो आयेगा या नहीं। I can't say whether he will come or not.
22. वो 5000 रु कमा रहा है जबकि तुम 10000। He is earning Rs 5000 whereas you earn 10000.
23. यही तो मैंने तुम्हें कहा। That's what I said to you.
24. न तुमने कुछ कहा, न उसने। Neither you said anything nor he.
25. लोग अभी भी उससे लड़ रहे हैं। People are still fighting with him.
26. भले ही तुम मुझे पैसे दे दो, मैं ये नहीं करुँगा। Even if you give me money, I will not do it.
27. मैं तुमसे लड़ने को तैयार हूँ बशर्ते तुम उसे छोड़ दो। I am ready to fight you, provided you leave him.
28. अगर तुम दिल्ली आओ तो मुझसे ज़रुर मिलना। If you visit Delhi, meet me for sure.
29. मैं वहीं तो जा रहा हूँ। That's where I am going.
30. तुम न केवल एक भाई हो बल्कि एक पिता भी हो। You are not only a brother but also a father.

Q 2:

Incorrect Sentence	Correct Sentence
1. You don't like me. I don't like you too.	You don't like me. I don't like you either.
2. If I will go to market, I will meet you.	If I go to market, I will meet you.

3. Computer is such device, which can stop working anytime. (Incorrect)
Computer is such a device, which can stop working anytime. (Correct)

4. Wheather you go or not, I will go to Shimla.	Whether you go or not, I will go to Shimla.
5. That's what I am telling you since morning.	That's what I have been telling you since morning.
6. He is not only a manager, but a student as well.	He is not only a manager, but also a student.
7. He is not in office since he is unwell.	He is not in office because/as/,for he is unwell.
8. He is working like a manager.	He is working as a manager.
9. He has as much pencils as you have.	He has as many pencils as you have.
10. I am not yet satisfied.	I am not satisfied yet/as yet. / I am yet not satisfied.

Lesson – 23

Imperative Sentences (आज्ञा सूचक वाक्य)

"आज्ञासूचक वाक्य वो होते हैं जिनकी मदद से हम या तो किसी को कोई आदेश देते हैं, सलाह देते हैं या फिर किसी से कोई अनुरोध करते हैं।"
अगर मैं आपसे कहूँ कि "मुझे पैन दो", तो या तो मैं आपको आदेश दे रहा हूँ या फिर ऐसा भी हो सकता है कि मैं आपसे अनुरोध या विनती कर रहा हूँ। ये सब इस बात पर निर्भर करता है कि मेरे बोलने का तरीका कैसा है।

"Imperative Sentences are those in which we either order someone, advice someone or request for something from someone."
If I say "Give me a pen", then either I am ordering you to give me the pen, or it's possible that I am requesting you to do the same. It all depends on the tone of my voice.

आइए विस्तार से समझें (Let's understand in detail.)

(नियम) ***Rule***	*(सूत्र)* ***Formula***	*(उदाहरण)* ***Example***
Do (करो) अगर वाक्य में कुछ करने को कहा गया हो। If it is said to do something in a sentence.	Verb 1st form + Object.	1. राम के साथ जाओ। Go with Ram. 2. पार्क में आओ। Come at the park.
Please/Kindly Do (कृपया करो) अगर वाक्य में कुछ करने को कहा गया हो पर request करते हुए। If it is said to do something in the sentence but with request (please/kindly).	Please/kindly + Verb 1st form + Object.	1. प्लीज़ बच्चों से मिलो। Please meet the children. 2. प्लीज़ मुझे बताओ। Kindly tell me.
Always Do (हमेशा करो) अगर वाक्य में कुछ हमेशा करने को कहा गया हो। If it is said to always do something in the sentence.	Always + Verb 1st form + Object.	1. हमेशा सच बोलो। Always speak the truth. 2. हमेशा बड़ों को इज्ज़त दो। Always respect elders.
Don't (मत करो) अगर वाक्य में कुछ करने को मना किया गया हो। If it is said not to do something in the sentence.	Don't + Verb 1st form + Object.	1. झूठ मत बोलो। Don't tell a lie. 2. बॉबी को मत डॉटो। Don't scold Boby.
Never Do (कभी मत करो) अगर वाक्य में कुछ करने को मना किया गया हो। If it is said not to do something in the sentence.	Never + Verb 1st form + Object.	1. गरीबों को कभी मत सताओ। Never bother the poor. 2. कभी झूठ मत बोलो। Never tell a lie.

जैसा कि हमने देखा कि अगर मुझे कहना है "जाओ" तो मैं कहूँगा "Go" पर अगर मैं कह दूँ "Do go" तो इसका यह मतलब होता है कि मैं वाक्य को जोर देकर कह रहा हूँ यानि मैं कहना चाहता हूँ "ज़रुर जाओ"

If I use 'do' in imperative sentences such as "Do go", "Do eat the food", that indicates that I am emphasizing the command.

अब देखिए Let का प्रयोग –

Let (करने दो) - Let + subject + Verb 1st form + Object.

Don't let (मत करने दो) - Don's +let + subject + Verb 1st form + Object.

or

- Let + subject + not + Verb 1st form + Object

इस तरह के वाक्यों में subject या तो noun होगा जैसे राम, सीता आदि या फिर subject एक objective pronoun जैसे me, him, her, us, them आदि। अगर आपको objective pronoun में कोई confusion है तो pronoun चैप्टर एक बार फिर पढ़िए।

In such sentences, "subject" is either a noun such as Ram, Seeta etc or an objective pronoun such as me, him, her, us, them etc. If you are not clear on objective pronoun then go back to the chapter of pronoun.

Examples(उदाहरण):

1. मुझे जाने दो। - Let me go.
2. रोहित को खेलने दो। - Let Rohit play.
3. बच्चों को पार्क जाने दो। - Let children go to park.
4. उसे मत आने दो। - Don't let him go. / Let him not go.
5. पापा को मत जाने दो। - Don't let dad go. / Let dad not go.

महान व्यक्तियों द्वारा कही गई बातें (Quotations)

1. In theory, there is no difference between theory and practice. But in practice, there is.
2. I find that the harder I work, the more luck I seem to have.
3. Each problem that I solved became a rule which served afterwards to solve other problems.
4. Luck is something you are born with; but the destiny is something you make yourself.
5. Live every moment to the fullest; who knows what will happen tomorrow.
6. Live as if you were to die tomorrow. Learn as if you were to live forever. *(Mahatma Gandhi)*
7. Don't be afraid to give up the good to go for the great.
8. No masterpiece was ever created without efforts.
9. Thinking should become your capital asset, no matter whatever ups and downs you come across in your life.
10. Winners are those who learn from their failures.

Imperative Sentences – Practice Exercise

Let's practice. Translate the following sentences into English –

1. मेरे साथ रहो।
2. अपने दोस्तों से बात करो।
3. किसी दोस्त को मत छोड़ो ।
4. मेरे बारे में सोचो।
5. मुझे तुम्हें कुछ बताने दो।
6. इस परेशानी का हल निकालो।
7. मुझे देखने दो।
8. नाक साफ करो।
9. कभी–कभी घर आया करो।
10. उसे एक इन्च भी मत हिलने दो।
11. हमेशा समय के पाबन्द रहो।
12. ऐसे चालाक आदमी से सावधान रहो।
13. अपनी कमीज के बटन बन्द करो।
14. विवेक को उन लोगों से मत मिलने दो।
15. कृपया दरवाजे की कुन्डी लगा दो।
16. काम से जी मत चुराओ।
17. उसे ढूँढने दो।
18. उसे परेशान मत करो।
19. अपनी कार यहाँ खड़ी मत करो।
20. उसे ये मत करने दो।
21. कभी–कभी अपने माता–पिता को देखने जाओ।
22. उस लड़के के साथ ठहरो।
23. गरीबों की मदद करो।
24. इस लड़की को यहाँ काम करने दो।
25. सभी कपड़े प्रैस(इस्त्री) कर दो।
26. ज़िम्मेदारियों से जी मत चुराओ।
27. बाल बना लो।
28. उन्हें जाने दो।
29. थोड़ा पानी और मिला लो।
30. कृपया नमक पास करो।/कृपया नमक दे दो।
31. समय देखो।
32. यहाँ मत उतरो।
33. हमें पढ़ने दो क्योंकि कल हमारा पेपर है।
34. मोमबत्ती बुझा दो।
35. सब को प्यार करो जो कोई तुम्हारी जिन्दगी में आये।
36. अपना हिसाब कर लो।
37. नीले पैन से मत लिखिए।
38. यहाँ से चले जाओ।
39. इस कार से बाहर निकल जाओ।
40. खचपच मत लिखो, साफ–साफ लिखो।
41. जल्दी ठीक हो जाइए।
42. मुद्दे पर आइए।
43. अपने वादे से मत मुकरो।
44. फर्श पर यहाँ वहाँ मत थूको।
45. खूब मुस्कुराओ।
46. ज़ल्दी ऑफिस पहुँचो क्योंकि बॉस नाराज़ है।
47. ज्यादा मत खाओ।
48. अपने जूते निकाल लो।
49. फालतू बात मत करो।
50. टेबल लगा लो।
51. बड़ी–बड़ी बातें मत करो।
52. सुई में धागा डाल दो।
53. नंगे पैर मत चलो।
54. किस्मत पर छोड़ दो।
55. किसी को दुख मत दो।
56. अपने जूते के फीते खोल दो।
57. अपने जूते के फीते लगा लो।
58. अपने नाखून काटो।
59. अपनी हद से ज्यादा खर्च मत करो।
60. माचिस जला लो।
61. वहाँ बिल्कुल खड़े मत होना।
62. अपना घर समझिए।
63. नल बन्द करो।
64. नल खोलो।
65. पहले उसे बोलने दो।
66. कम्प्यूटर ऑफ कर दो।
67. बायें चलो।
68. दायें चलो।
69. इस मामले को छोड़ दो।
70. मुझे 500 का छुट्टा(चेन्ज) दो।
71. अपनी अंग्रेज़ी सुधारो।
72. अपने तक रखो ये बात। किसी को भी मत बताना।
73. कभी–कभी हमसे मिला करो।
74. इस शब्द को डिक्शनरी में ढूँढो।
75. अपनी जुबान पर काबू रखो।
76. लाइट बन्द मत करो।
77. मुझे सामान खोलने दो।
78. मुझे सामान बाँधने दो।
79. कृपया बिस्तर लगा दो।
80. मुझे ये याद दिलाना।
81. अपने काम से काम रखो।
82. उसे फोन करो।
83. मुझे उसे फोन करने दो।
84. अपने मन मुटाव दूर करो।
85. नींबू निचोड़ दो।
86. उसे मत छुओ।
87. अपना ख्याल रखना।
88. उसे पैसे दे दो।
89. कपड़े निचोड़ लो।
90. मुझे सभी कपड़े निचोड़ने दो।
91. 8 बजे का अलार्म लगा दो।
92. मुझे 9 बजे का अलार्म लगाने दो।
93. मुझ पर भरोसा रखो।
94. सन्तरा छील लो।
95. दिमाग से खेलो।

Answers

1. Be with me.
2. Talk to your friends.
3. Don't leave any friend.
4. Think about me.
5. Let me tell you something.
6. Find out the solution of this problem.
7. Let me see.
8. Blow the nose.
9. Come home sometimes.
10. Don't let him move even an inch.
11. Always be punctual.
12. Beware of such a clever man.
13. Button up your shirt.
14. Don't let Vivek meet those people.
15. Kindly bolt the door.
16. Don't shirk the work.
17. Let me find out/ search.
18. Don't bother her.
19. Don't park your car here.
20. Let him not do this.
21. Sometimes, go to see your parents.
22. Stay with that boy.
23. Help the poor.
24. Let this girl work here.
25. Iron all the clothes.
26. Don't shirk responsibilities.
27. Comb the hair.
28. Let them go.
29. Add a little more water.
30. Pass the salt please.
31. Look at the time.
32. Don't get off here.
33. Let us study as it is our paper tomorrow.
34. Blow out the candle.
35. Love everyone whoever comes in your life.
36. Clear your accounts.
37. Don't write with blue pen.
38. Go away from here.
39. Get out of this car.
40. Do not scribble, Write legibly.
41. Get well soon.
42. Come to the point.
43. Do not back out of your promise.
44. Don't spit on the floor here and there.
45. Smile a lot.
46. Reach office early as boss is angry.
47. Do not overeat.
48. Take off your shoes.
49. Do not talk nonsense.
50. Lay the table.
51. Do not beat about the bush.
52. Thread the needle.
53. Do not walk bare-footed.
54. Leave it to fate.
55. Don't hurt anybody.
56. Unlace your shoes.
57. Lace your shoes.
58. Pare your nails.
59. Don't spend beyond your limit.
60. Strike a match.
61. Don't stand there at all.
62. Feel at home here.
63. Turn off the tap.
64. Turn on the tap.
65. Let him speak first.
66. Shut down the computer.
67. Keep to the left.
68. Keep to the right.
69. Leave this matter.
70. Give me change of five hundred.
71. Improve your English.
72. Keep it to yourself. Do not tell anyone.
73. Sometimes, meet us.
74. Look up this word in the dictionary.
75. Mind your language.
76. Don't switch off the light.
77. Let me unpack the luggage.
78. Let me pack the luggage.
79. Make the bed please.
80. Remind me of it.
81. Mind your own business.
82. Call her up.
83. Let me call her.
84. Sink the differences.
85. Squeeze the lemon.
86. Don't touch him.
87. Take care of yourself.
88. Give him money.
89. Wring the clothes.
90. Let me wring all the clothes.
91. Set the alarm at 8.
92. Let me set the alarm at 9 o'clock.
93. Trust me.
94. Peel off the orange.
95. Play wisely.

Imperative Sentences – Test Papers

Test – I

Q1: Translate the following sentences into English: **50 x 1 = 50**

1. समय मत देखो।
2. यहाँ से मत जाओ।
3. हमें पढ़ने दो क्योंकि परसों हमारा पेपर है।
4. मोमबत्ती जला लो।
5. नीले पैन से ही लिखो।
6. यहाँ आ जाओ।
7. इस घर से बाहर निकल जाओ।
8. साफ–साफ लिखने की कोशिश करो।
9. जल्दी ठीक हो जाओ, हमें बहुत काम करने हैं।
10. मुद्दे पर आइए क्योंकि समय बहुत कम है।
11. अपना वादा मत तोड़ना।
12. तुम खूब मुस्कुराओ।
13. ज़ल्दी करो क्योंकि हम लेट हो रहे हैं।
14. ज्यादा मत खाओ, पेट फट जायेगा।
15. जूते पहन लो।
16. कम्बल ओढ़ लो।
17. कम्बल ओढ़ कर सोओ।
18. फालतू बात मत करो, दिमाग खराब होता है।
19. बिस्तर लगा लो।
20. उसके बारे में बात मत करो।
21. कम से कम पैन तो खरीद लो।
22. नंगे पैर सड़क पर मत चलो।
23. बाकी सब किस्मत पर छोड़ दो।
24. बाकी सब मुझ पर छोड़ दो।
25. किसी को भी दुख मत दो।
26. दिन में कम से कम एक बार नहा लिया करो।
27. अपनी सुख सुविधाओं पर ज़्यादा खर्च मत करो।
28. पैन में इंक डाल लो।
29. बोतलें भर लो। पानी आ रहा है।
30. कार से जल्दी उतरो।
31. वहाँ जाने की भूल मत करना।
32. मुझे डाक्टर मत समझो। मैं तो चपरासी हूँ।
33. लोगों से घुल मिल कर रहा करो।
34. किचन में एक मोमबत्ती का पैकेट रख लो।
35. उसकी कहानी मत सुनाओ, मैं पक गया हूँ।
36. वहाँ बिल्कुल मत जाना, वहाँ कुछ नहीं है।
37. मुझसे मत कहिए, कोई फायदा नहीं।
38. दरवाजा बन्द मत करो।
39. थोड़ा सा पानी दे दो।
40. थोड़ी किताबें रख लो।
41. थोड़ी चाय दे दीजिए।
42. लाइट ऑफ मत करो।
43. मोबाइल को सायलेन्ट मोड में रखो।
44. पहले उसे जाने दो।
45. कम्प्यूटर ऑन करने की गलती मत करना।
46. मेरे साथ साथ चलो।
47. दायीं तरफ चलो।
48. मेरा हाथ पकड़ लो।
49. कल्पना करो कि तुम किसी पहाड़ पर हो।
50. अंदाजा मत लगाओ।

Answers

1. समय मत देखो। — Don't see the time.
2. यहाँ से मत जाओ। — Don't go from here.
3. हमें पढ़ने दो क्योंकि परसों हमारा पेपर है। — Let us study as it is our paper day after tomorrow.
4. मोमबत्ती जला लो। — Light the candle.
5. नीले पैन से ही लिखो। — Write only with a blue pen.
6. यहाँ आ जाओ। — Come here.
7. इस घर से बाहर निकल जाओ। — Go out of this home.
8. साफ–साफ लिखने की कोशिश करो। — Try to write clear / legible.
9. जल्दी ठीक हो जाओ, हमें बहुत काम करने हैं। — Get well soon, we have lots of work to do.
10. मुद्दे पर आइए क्योंकि समय बहुत कम है। — Come to the point as we have less time.
11. अपना वादा मत तोड़ना। — Don't back out of your promise.
12. तुम खूब मुस्कुराओ। — I wish you smile a lot.
13. ज़ल्दी करो क्योंकि हम लेट हो रहे हैं। — Hurry up as we are getting late.
14. ज्यादा मत खाओ, पेट फट जायेगा। — Don't overeat, stomach might blow up.
15. जूते पहन लो। — Put on the shoes.
16. कम्बल ओढ़ लो। — Take a blanket.

17. कम्बल ओढ़ कर सोओ।	Sleep with a blanket.
18. फालतू बात मत करो, दिमाग खराब होता है।	Don't talk rubbish/nonsense, I am fed up.
19. बिस्तर लगा लो।	Make the bed.
20. उसके बारे में बात मत करो।	Don't talk about him/her.
21. कम से कम पैन तो खरीद लो।	At least purchase a pen.
22. नंगे पैर सड़क पर मत चलो।	Don't walk bare footed on the road.
23. बाकी सब किस्मत पर छोड़ दो।	Leave rest on luck/destiny/God.
24. बाकी सब मुझ पर छोड़ दो।	Leave rest on me.
25. किसी को दुख मत दो।	Don't hurt anyone.
26. दिन में कम से कम एक बार नहा लिया करो।	Take a bath at least once in a day.
27. अपनी सुख सुविधाओं पर ज़्यादा खर्च मत करो।	Don't spend a lot on your luxuries.
28. पैन में इंक डाल लो।	Put the ink into the pen.
29. बोतलें भर लो। पानी आ रहा है।	Fill the bottles. Water is running.
30. कार से जल्दी उतरो।	Quickly get off the car.
31. वहाँ जाने की भूल मत करना।	Don't mistake to go there.
32. मुझे डाक्टर मत समझो। मैं तो चपरासी हूँ।	Don't mistake me the doctor. I am a peon.
33. लोगों से घुल मिल कर रहा करो।	Mingle with people.
34. किचन में एक मोमबत्ती का पैकेट रख लो।	Keep a packet of candles in kitchen.
35. उसकी कहानी मत सुनाओ, मैं पक गया हूँ।	Don't tell me his story, I am fed up / bored / tired.
36. वहाँ बिल्कुल मत जाना, वहाँ कुछ नहीं है।	Don't go there at all, there is nothing.
37. मुझसे मत कहिए, कोई फायदा नहीं।	Don't tell me, it is of no use.
38. दरवाजा बन्द मत करो।	Don't shut the door.
39. थोड़ा सा पानी दे दो।	Give me some water. / Give me a little water.
40. थोड़ी किताबें रख लो।	Keep a few books.
41. थोड़ी चाय दे दीजिए।	Give me some/a little tea.
42. लाइट ऑफ मत करो।	Don't turn/switch off the light.
43. मोबाइल को सायलेन्ट मोड में रखो।	Keep the mobile in silent mode.
44. पहले उसे जाने दो।	Let him go first.
45. कम्प्यूटर ऑन करने की गलती मत करना।	Don't mistake to switch on the computer.
46. मेरे साथ साथ चलो।	Walk with me. / Pace with me. /Follow me.
47. दायीं तरफ चलो।	Walk to the right.
48. मेरा हाथ पकड़ लो।	Hold my hand.
49. कल्पना करो कि तुम किसी पहाड़ पर हो।	Imagine <u>that/as if</u> you are in a mountain.
50. अंदाजा मत लगाओ।	Don't guess.

<u>महान व्यक्तियों द्वारा कही गई बातें (Quotations)</u>

1. You are never too old to dream a new dream.
   आप कभी इतने बूढ़े नहीं होते कि कोई नया सपना न देख सकें।
2. A successful person is the one who can lay a firm foundation with the stones thrown on him by others.
   एक सफल व्यक्ति वो है जो दूसरों के द्वारा फेंके गये पत्थरों से एक मजबूत नींव बना सके।
3. A machine can replace an ordinary man but no machine can replace an extraordinary man.
   एक मशीन एक साधारण व्यक्ति की जगह ले सकती है पर कोई भी मशीन एक असाधारण व्यक्ति की जगह नहीं ले सकती।

Test – II

Q1: Translate the following sentences into Hindi: **50 x 1 = 50**

1. Let me find out what he has.
2. Sometimes try to visit him.
3. He dropped in to my place.
4. Always be nice to people.
5. Don't do it. You'll repent sooner or later.
6. Kindly do the needful.
7. Don't lisp.
8. Do it because you are good at it.
9. Teach them something.
10. Look at me.
11. Have a look at it.
12. Have something.
13. Have a look at this page.
14. Get off the car.
15. Always behave like a literate.
16. Don't misbehave with others.
17. Don't defame me.
18. Never give up.
19. Switch on the mobile after a while.
20. Put on new clothes & take off the old ones.
21. Be my friend.
22. Don't befool me.
23. Remind me of it tomorrow.
24. Love your real ones.
25. Don't scold that kid.
26. Bear the charges yourself.
27. Don't watch such movies.
28. Repair it as soon as possible.
29. Let me purchase something for her.
30. Let me tell you something.
31. Be regular in gym.
32. Always believe in yourself.
33. Kindly help the poor.
34. Don't rip off the people.
35. Do good deed.
36. Let his father come.
37. Come and play with us.
38. Go and meet him.
39. Just do it, don't think much.
40. Wash the utensils.
41. Hang this poster on the wall.
42. Keep on the right.
43. Let go.
44. Let him try.
45. Count the stars.
46. Kindly meet me today.
47. Have atleast one burger.
48. Have a little food with me.
49. Have some water.
50. Let God decide what we achieve in life.

Answers

1. Let me find out what he has. — मुझे पता लगाने दो कि उसके पास क्या है।
2. Sometimes try to visit him. — कभी–कभी उसके यहाँ जाने की कोशिश करो।
3. He dropped in to my place. — वो मेरे यहाँ टपक गया/आया।
4. Always be nice to people. — हमेशा लोगों के लिए अच्छे बनो।
5. Don't do it. You will repent sooner or later. — ऐसा मत करो। तुम आज नहीं तो कल पछताओगे।
6. Kindly do the needful. — कृपया ये कर दीजिए।
7. Don't lisp. — मत तुतलाओ।
8. Do it because you are good at it. — ये करो क्योंकि तुम ये करने में अच्छे हो।
9. Teach them something. — उन्हें कुछ पढ़ाओ।
10. Look at me. — मुझे देखो।
11. Have a look at it. — इसे देखो।
12. Have something. — कुछ लो/कुछ खालो।

13. Have a look at this page.	इस पेज को देखो।
14. Get off the car.	कार से उतरो।
15. Always behave like a literate.	हमेशा पढ़े लिखे इन्सान जैसा व्यवहार करो।
16. Don't misbehave with anyone.	किसी के साथ गलत व्यवहार मत करो।
17. Don't defame me.	मुझे बदनाम मत करो।
18. Never give up.	कभी हार मत मानो।
19. Switch on the mobile after a while.	थोड़ी देर में मोबाइल ऑन कर देना।
20. Put on new clothes and take off the old ones.	नये कपड़े पहनो, पुराने कपड़े उतार दो।
21. Be my friend.	मेरे दोस्त बनो।/मेरे दोस्त बने रहो।
22. Don't befool me.	मुझे बेवकूफ मत बनाओ।
23. Remind me of it tomorrow.	मुझे कल इसकी याद दिलाना ।
24. Love your real ones.	अपनों को प्यार करो।
25. Don't scold that kid.	उस बच्चे को मत डाँटो।
26. Bear the charges yourself.	खर्चा अपने आप उठाओ।
27. Don't watch such movies.	ऐसी फिल्में मत देखा करो।
28. Repair it as soon as possible.	जितनी जल्दी हो सके इसे रिपेयर/ठीक कर दो।
29. Let me purchase something for her.	मुझे उसके लिए कुछ खरीदने दो।
30. Let me tell you something.	मुझे तुम्हें कुछ बताने दो।
31. Be regular in gym.	जिम हमेशा जाओ।
32. Always believe in your abilities.	हमेशा अपनी काबिलियत पे विश्वास रखो।
33. Kindly help the poor.	कृपया गरीबों की मदद करो।
34. Don't rip off the people.	लोगों को मत लूटो।
35. Do good deed.	अच्छे कर्म करो।
36. Let his father come.	उसके पिता को आने दो।
37. Come and play with us.	आओ हमारे साथ खेलो ।
38. Go and meet him.	जाओ उससे मिलो।
39. Just do it, don't think much.	बस कर दो, ज़्यादा मत सोचो।
40. Wash the utensils.	बर्तन धोओ।
41. Hang this poster on the wall.	इस पोस्टर को दीवार पर लटका दो।
42. Keep on the right.	दायें चलो।/दायीं तरफ रहो।
43. Let go.	जाने दो।
44. Let him try.	उसे कोशिश करने दो।
45. Count the stars.	तारे गिनो।
46. Kindly meet me today.	प्लीज़ आज मुझसे मिलो।
47. Have atleast one burger.	कम से कम एक बर्गर तो खाओ।
48. Have a little food with me.	मेरे साथ थोड़ा खाना खा लो।
49. Have some water.	थोड़ा पानी पीलो।
50. Let God decide what we achieve in life.	भगवान को फैसला करने दो कि हमें जीवन में क्या मिले।

<u>महान व्यक्तियों द्वारा कही गई बातें (Quotations)</u>

You can tell a lie to others; not to yourself.

Lesson – 24

Let (करने देना)

"इन वाक्यों में Subject काम को करता नहीं बल्कि करने देता है।"

अगर मैं कहूँ राम मुझे खेलने देता है। यहाँ पर राम Subject है पर वो खेलने का काम खुद नहीं कर रहा बल्कि मुझे करने दे रहा है।

अगर मैं कहूँ अंजलि अविरत को पढ़ने देती है। यहाँ पर अंजलि Subject है पर अंजलि पढ़ने का काम खुद नहीं कर रही बल्कि करने दे रही है अविरत को।

अब आप समझ गये होंगे कि ये बात साफ है कि इन वाक्यों में Subject काम को करता नहीं बल्कि करने देता है।

पर ध्यान देने वाली बात यह है कि "करने देना" भी खुद में एक क्रिया है और इस क्रिया को 'Let' कहते हैं।

इस क्रिया 'Let' की तीन forms 'Let' ही हैं – **Let Let Let**

अगर मैं कहूँ तुम राम को जाने देते हो। तो इसका मतलब हुआ कि तुम राम को एक काम करने देते हो और काम है "जाना"।

इन वाक्यों में जो भी काम करने दिया जाता है चाहे वो खेलने का हो, पढ़ने का हो या कोई और काम, वो Object के बाद प्रयोग किया जाता है और Let का प्रयोग मुख्य क्रिया की तरह किया जाता है।

एक बात और समझें :

अगर मैं कहूँ **"राम जाता है"** तो यहाँ पर Subject है राम और क्रिया है जाना।

वास्तव में, गरीबी और भ्रष्टाचार साथ–साथ चलते हैं। दोनों एक दूसरे से काफी हद तक जुड़े हुए हैं। अगर आप गरीब हो, तो पैसा प्राप्त करते हेतु आप कुछ भी करने को तत्पर रहते हो और यहीं से जन्म होता है भ्रष्टाचार का। पर फिर भी, कई ऐसे उदाहरण हैं जहाँ अमीर भी ज़्यादा पैसे के लालच में भ्रष्ट होते हैं।

10. ***Uncertainty of Life***

Life is full of uncertainty. It is difficult to say about future as what we think is not necessarily going to happen. But it doesn't mean that we leave putting efforts. We must improvise on every next day, as in we must make everyday count. Someone has said, whatever we expect, we often achieves lesser. If it is true why don't we aim at more than what we dream so that we might get what we want. No matter what fortune has for us, efforts mustn't remain below the mark.

जीवन अनिश्चितताओं से भरा है। कल के बारे में कह पाना मुश्किल है क्योंकि जो हम सोचते हैं वैसा ही हो, ज़रूरी नहीं है। पर इसका यह अर्थ भी नहीं कि हम प्रयास करना छोड़ दें। हमें हर दिन अपने आप को पहले से बेहतर बनाना चाहिए यानी हमें हर दिन को पूरी तरह जीना चाहिए। किसी ने कहा है कि जितना हमारे मन में है, हम अक्सर उससे कम ही पाते हैं। यदि ये सच है तो हम क्यों न उससे ज़्यादा को लक्ष्य बनायें ताकि हमें उतना ही मिल जाए, जितना हम चाहते हैं। भविष्य में चाहे जो हो, प्रयास कभी कम न रह जाएँ।

Hindi to English Translation Exercises

The following paragraphs are just mixed up with several conversations in between, hence you might feel no flow from one sentence to another in many cases; but don't worry, just focus on translation, not on sequence.

1. मैं कभी कभी सोचता हूँ कि तुम मेरे साथ बैठो और कुछ अच्छी बातें चल रही हों पर मैं जानता हूँ कि ये उतना आसान नहीं है। हालाँकि मैं जानता हूँ कि हम पूरी तरह अलग हैं। तुम बहुत अच्छी लड़की हो और मैं बहुत बुरा लड़का हूँ। पर सच में, मैं अपने आप को बदलने की कोशिश करुँगा। मैं काफी हद तक अपने आप को बदल भी चुका हूँ। तुम मुझे क्यों नहीं समझती? पर मैं तुम्हें ब्लेम नहीं करुँगा। यह तुम्हारे और मेरे बीच की बात है। हम दोनों अच्छे दोस्त हैं। जब मेरे साथ कोई नहीं था, तुम तब भी मेरे साथ थी। मैं तुम्हारा आभारी हूँ।

I sometimes think that you sit with me and an interesting talk is going on but I know, it's not that easy. Though, I know we are different altogether. You are a very nice girl and I am a bad boy. But seriously, I will try to change myself. I have even changed myself to a great extent. Why don't you understand me? But I will not blame you. This is between you and me. We both are good friends. When nobody was with me, you were still with me. I am grateful to you.

2. आप कैसे हैं? मैं अच्छा हूँ। आप बताइए? मैं भी अच्छा हूँ। आप की फैमिली कैसी है? अच्छी है । आप के बच्चे कैसे हैं? वे अच्छे हैं। आपका रुटीन क्या है? मैं सुबह 6 बजे उठता हूँ। नहाता हूँ। उसके बाद घूमने जाता हूँ। पार्क में घूमना अच्छा लगता है। फिर वापस आ जाता हूँ। कल जब मैं घूमने गया, मैंने एक बन्दर देखा। उसके पास दो पैन थे। चलो छोड़ो। वापस आने के बाद मैं नाश्ता करता हूँ। मेरी मम्मी बहुत अच्छा खाना बनाती हैं। खाने के बाद मैं ऑफिस चला जाता हूँ। मैं 10 बजे ऑफिस पहुँचता हूँ। प्रौजेक्ट बनाता हूँ। 2 बजे लन्च करता हूँ। अँगड़ाई लेता हूँ। 4 बजे ऑफिस से निकलता हूँ। 5 बजे घर पहुँचता हूँ। फिर थोड़ा पढ़ाई करता हूँ। पढ़ाई के बाद, थोड़ा खेलता हूँ। खेलने के बाद, पूजा करता हूँ। न्यूज़ देखता हूँ। न्यूज़ देखना अच्छा लगता है। मैं अभी भी न्यूज़ देख रहा हूँ। साथ में खाना भी खाना रहा हूँ। 10 बजे सोने जाता हूँ। कैसा है मेरा रुटीन? अच्छा है मेरे दोस्त। मैं पूजा नहीं करता हूँ। मैं खेलता भी नहीं हूँ।

How are you? I am fine. You tell me? I am fine too. How is your family? Good. How are your children? They are good. What is your routine? I get up at 6 o'clock in the morning, take a bath and then go for a walk. I like walking in the park. Then I come back. Yesterday when I went for a walk, I saw a monkey having two pens. Leave it. After coming back, I take breakfast. My mom cooks pretty nice food. After having food, I go to office. I reach office at 10 o'clock. I prepare the project. I take lunch at 2 o'clock. I stretch. I leave office at 4. I reach home at 5. Then I study bit. After studying, I play for a while. After playing, I worship. I watch news. I like watching News. I am still watching it and eating the food as well. At 10, I go to bed. How is my routine? It's nice mate. I don't worship. I don't play either.

3. वे चार लड़कियाँ है और तुम केवल दो लड़के हो। उनके पास दिमाग है और तुम्हारे पास काम है। तुम अगर मिल कर काम करो तो सब ठीक हो सकता है। इस दुनिया में सब कुछ सम्भव है। तुमने कभी उनसे बात की इस बारे में? मैं तो कभी नहीं कर पाया। अगली बार जब तुम वहाँ जाओ तो उनसे ज़रुर मिलना। वे बहुत अच्छे इन्सान हैं। सभी लड़कियाँ अपना काम समय पर करती हैं। तुम भी करते हो पर कमी रह जाती है। क्या तुम मेरे बारे मे जानते हो? मुझे ऐसा नहीं लगता। मुझे वो घड़ी मिली पर मैंने वापिस कर दी। क्या मैंने अच्छा नहीं किया? तुमने हमेशा मुझे गलत समझा पर मैंने तुम्हें दोस्त समझा। आज वक्त आ चुका है कि हम एक दूसरे को समझें। देखते हैं तुम कब समझोगे। लेकिन मुझसे दूर मत जाना। मैं वादा करता हूँ कि मैं भी नहीं जाऊँगा।

They are four girls and you are only 2 boys. They have mind and you have work. If you work together, then everything can be alright. Everything is possible in this world. Did you talk to them about this? I could never do. When you go there next time, meet them for sure. They are very nice human beings. All the girls finish their work in time. You also do but something misses. Do you know about me? I don't think so. I found that watch but I returned. Did I not do well? You always took me wrong but I took you as a friend. Now the time has come that we understand each other. Let's see when you understand. But don't go away from me. I promise that I will not go either.

4. मैं कहीं जा रहा हूँ। मुझे नहीं पता कहाँ? शायद वहीं जहाँ मैं तन्हाई में जाता हूँ। बड़ा सुकून मिलता है। मन्दिरों की घन्टियों की आवाज़ सुनाई देती है। ऐसा लगता है जैसे भगवान मेरे बहुत पास है। मैं पिछले 4 घंटे से चल रहा हूँ पर अभी भी वहाँ नहीं पहँचा हूँ। जानते हो क्यों? क्योंकि मैं तुमसे फोन पर बात भी कर रहा हूँ। करीब 2 घंटे हो चुके हैं। पता है? एक हाथी दिख रहा है। बड़ा प्यारा सा है। लगता है ये 1 साल का है। मुझे जानवरों का बहुत तर्जुबा है। मैं आसानी से जानवरों की उम्र बता सकता हूँ।

I am going somewhere. I don't know where? Most probably, the place where I go in my loneliness. I feel good. The sound of temple's bells is heard. It seems as God is just quite nearby me. I have been walking for last 4 hours but not reached there yet. You know why? Because I've been talking to you over the phone as well. It has been about 2 hrs. You know what? I can see an elephant. He is very cute. It looks a year old. I have rich experience about animals. I can easily figure out animals' age.

5. मैं काम कर चुका हूँ पर तुम पूछते ही नहीं हो। मैं तुमसे अनुरोध करता हूँ कि तुम पूछा करो। पता नहीं तुम क्या कर रहे हो। हमें एक दूसरे से पूछना चाहिए। मैं जानता हूँ यह आसान नहीं है पर नामुमकिन कुछ भी नहीं। हम दोनों सोच में बिल्कुल अलग हैं। ऐसा क्यों है? इसलिए क्योंकि हम कभी काम के बारे में बात नहीं करते? मैं नहीं जानता कि तुम क्या सोचते हो? मैं पक चुका हूँ। क्या तुम नहीं पके? शायद तुम भी, पर तुम कभी बताते नहीं। मैं तुम्हारी बहुत इज़्ज़त करता हूँ पर इसका यह मतलब नहीं कि तुम मेरी परेशानी समझो ही नहीं।

I have worked but you don't ask. I request you that you ask. I don't know what you are doing. We must ask each other. I know it's not easy but nothing is impossible. We both are different altogether in thinking. Why is it? Is it because we never talk about work? I don't know what you think? I am fed up. Aren't you? Perhaps, you too but you never express. I respect you a lot but it doesn't mean that you don't even understand my problems.

6. तुमने कभी उससे बात की इस बारे में? किस बारे में? दोस्त, तुम भूल जाते हो। हम कभी भी काम के बारे में बात नहीं करते। मैं पिछले 4 घंटे से कोशिश कर रहा हूँ। तुमसे फोन पर बात भी की पर कोई फ़ायदा नहीं हुआ। तुम्हें क्या लगता है कि मैं पागल हूँ ! मैंने ऐसा तो नहीं कहा। चलो छोड़ो। आज ऐसा लग रहा है जैसे मैंने तुम्हें खो दिया हो। क्या तुमने राम को कभी देखा है? हाँ देखा तो है पर भूल गया हूँ उसका चेहरा।

Did you ever talk to him on this matter? About what? Mate, you forget. We never discuss about work. I have been trying for last 4 hours. We even had a talk over the phone but of no use. What do you think, I am mad! I didn't say so. Anyways Leave it. Now, I feel as if I have lost you. Have you ever seen Ram? Yes I have but I've forgotten his face.

Lesson – 41

Written Conversations

All the conversations of this chapter are taken just for the learning purpose and any similarities to any events, resemblance to any person/place/thing would be just a coincidence.

Conversation –1 (वार्तालाप–1)

राकेश : गुड मॉर्निंग सर।
Rakesh : Good Morning sir.
डा0 बंसल : गुड मॉर्निंग, अन्दर आ जाइए।
Dr. Bansal : Morning. Come in please.
राकेश : सर कुछ दिनों से मेरे सिर में काफी दर्द रहता है। करीब 15 दिन हो गये हैं। दर्द अक्सर रात में होता है मैं जब सोने जाता हूँ, उसके थोड़ा पहले 9 बजे के करीब।
Rakesh : Sir, Actually, I have got a severe headache for a few days. It has been about 15 days now. Pain mostly occurs at night, just before I go to bed, at about 9.
डा0 बंसल : कहीं से दवाइयाँ ली ?
Dr. Bansal : Did you take medicine from somewhere?
राकेश : अब तक तो नहीं । हालाँकि मैं सोच रहा था।
Rakesh : Not yet. Though, I was thinking.
डा0 बंसल : किसी भी बीमारी को हल्के में नहीं लेना चाहिए। 15 दिन तो बहुत होते हैं। 5–7 दिन तो चलता है। चलो आपने ये तो समझा कि दर्द अक्सर एक ही समय पर होता है और वो भी सोने से पहले।
Dr. Bansal : No illness must be taken lightly. 15 days is more than enough. 5-7 days period is acceptable. Anyways, now you atleast made out that the headache occurs at the same time before going to bed.
राकेश : पहले मैंने सोचा कि खुद ही ठीक हो जायेगा पर अब मुझे डर लग रहा है। खाने–पीने का ख्याल न रखने की वजह से जो बीमारियाँ आज कल हो रही है उन्हें सोचकर ही डर लगने लगता है।
Rakesh : Well, initially I thought it might be cured itself but now I am a bit scared. Due to irregularity in food habits, the illnesses which are known these days, I get horrified even thinking about those.
डा0 बंसल : घबराने की बात नहीं है। अब आप मुझ पर छोड़ दीजिए। अच्छा बताओ। इन 15 दिनों खाँसी जुकाम, बुखार या फिर चक्कर आना जैसा कुछ हुआ ?
Dr. Bansal : Not to worry. Leave it on me now. Let me know if in these 15 days, you had cold, cough, fever or any giddiness sort of.
राकेश : हाँ दो बार चक्कर आया। आँखों के आगे अंधेरा सा छा गया था।
Rakesh : yeah, I felt giddiness twice. It just got dark in front of eyes.
डा0 बंसल : तेज सांस लो । चिन्ता करने की ज़रूरत नहीं। मैं कुछ दवाइयाँ लिख के दे रहा हूँ। बाहर मैडिकल स्टोर से खरीद लेना। सब ठीक हो जाएगा। अब आप 2 दिन बाद फिर आइए। देखते हैं क्या फर्क पड़ता है।
Dr. Bansal :Breathe heavily. Don't worry. I am writing a few medicines. Purchase from the medical store outside. Everything will be alright. Now you have to come after 2 days. Let's see the progress.
राकेश : ठीक है डा0. साहब ।
Rakesh : That's fine, Doctor.

Conversation – 2 (वार्तालाप–2)

सीमा : वो वाला टैडी दिखाना। कितने का है ?
Seema : Show me that teddy bear please! How much is that for?

दुकानदार : ये लीजिए, ये वाला 500 का है। ये आर्चीज़ कम्पनी का है।
Shopkeeper: Here it is. This one is for Rs. 500. It is of Archies.
सीमा : और टैडी हैं क्या ?
Seema : Have you got a few more?
दुकानदार : एक सेकन्ड। दिखाता हूँ।
Shopkeeper: Give me a moment. I will show you.
सीमा : भैया, बिल्कुल आर्कषक टैडी दिखाइए। अलग–अलग रंगों में भी।
Seema : Bhaiya, show me attractive ones. And in different colors too.
दुकानदार : उधर देखिए। जितने भी टैडी है सब एक साथ रखे हैं। अगर उनमें से कोई पसन्द न आये तो शाम तक का इन्तज़ार करिए। मेरे पास करीब 15–20 और आ जायेंगे।
Shopkeeper: Look at there. All the teddies are kept together. If you don't like any of those, kindly wait till the evening. I will get about 15-20 more by then.
सीमा : भैया, ये वाला प्यारा लग रहा है। ज़रा निकाल के दिखाइए।
Seema : Bhaiya, this one is looking cute. Just take it out.
दुकानदार : मैडम ये थोड़ा मँहगा है।
Shopkeeper: This one is a bit costly madam.
सीमा : कितने का है ?
Seema : For how much?
दुकानदार : ये वाला 900 का पड़ेगा।
Shopkeeper: It will cost you 900. / It is for 900 bucks.
सीमा : थोड़ा ठीक–ठीक लगाइए।
Seema : Bhaiya, be reasonable. / Discount me a bit.
दुकानदार : 800 से कम नहीं हो पायेगा।
Shopkeeper: Not less than 800.
सीमा : भैया, चलो ठीक है। पैक कर दीजिए। मुझे किसी को गिफ्ट करना है।
Seema : It's okey. Pack/Wrap it. I have to gift it to someone.
दुकानदार : ये लीजिए।
Shopkeeper: Here it is.
सीमा : ये लीजिए पैसे, थैंक्यू, भैया।
Seema : Here is the money, thanks bhaiya.

Conversation – 3 (वार्तालाप – 3)

प्रिया : गुड मॉर्निंग सर ।
Priya : Good morning, sir.
मि0. शर्मा : गुड मॉर्निंग बच्चे । कैसे हो आप ?
Mr. Sharma: Good morning dear. How are you doing?
प्रिया : मैं ठीक हूँ सर।
Priya : I am doing well, sir.
मि0. शर्मा : कल का होमवर्क हो गया है ?
Mr. Sharma: Have you done yesterday's homework?/ Are you done with the homework?
प्रिया : कल सर घर पर कुछ रिश्तेदार आ गये थे इसलिए खाना बनाने में इतनी व्यस्त हो गई कि बिलकुल समय नहीं निकाल पायी। मैंने सोचा रात में करुँगी पर वो रात में घर पर ही रूके इसलिए मुश्किल हो गया।
Priya : Actually sir, yesterday some relatives had dropped in so I got so busy into cooking food that I couldn't spare time. I thought, I would do at night but they stayed even at night so it got difficult to manage.
मि0. शर्मा : चलो कोई बात नहीं, मेहमान चले गये ?
Mr. Sharma: It's ok. Have they left? / Are they gone?
प्रिया : आज दोपहर में जायेंगे। जब तक मैं घर पहुँचूँगी, वो जा चुके होंगे।
Priya : They will go in the afternoon. By the time I reach home, they'll have left.
मि0. शर्मा : ठीक है फिर कल चैक करा लेना, आज मैं क्लास में होमवर्क नहीं दूँगा।
Mr. Sharma: That's alright. Get it checked tomorrow. I won't give homework today.

प्रिया : वैसे एक बात कहूँ सर। होमवर्क थोड़ा मुश्किल है। पहले दो प्रश्न तो बिल्कुल ही नहीं हो पा रहे थे।

Priya : sir, can I say something? Actually, Homework is a bit tough. I wasn't able to solve the first two questions at all.

मि0. शर्मा : इसका मतलब तुमने चैप्टर न0. 3 ढंग से नहीं पढ़ा है। वो दोनों प्रश्न तीसरे चैप्टर से हैं।

Mr. Sharma: That means, you haven't read the third chapter properly/thoroughly. They both are from the third chapter.

प्रिया : सर एक काम करती हूँ। तीसरा चैप्टर एक बार और पढ़ती हूँ तब देखती हूँ कि मैं कर पाती हूँ दोनों प्रश्न या नहीं।

Priya : Sir, I will do one thing. I will revise the third chapter. Let me see if I will be able to solve both of them.

मि0. शर्मा : मुझे यकीन है तुम समझ जाओगी। फिर भी अगर कोई दिक्कत आये तो मैं क्लास में दोबारा पढ़ा दूँगा, ठीक है ?

Mr. Sharma: I believe, you will understand. But if you still face any problem, I will revise in class. Okay?

प्रिया : थैंक्यू सर।

Priya : Thank you sir.

मि0. शर्मा : मोस्ट वैल्कम

Mr. Sharma: Most welcome.

Conversation – 4 (वार्तालाप – 4)

कमल : सागर, क्या बात है ? कुछ उदास सा लग रहा है। कुछ दिनों से बड़ा खोया खोया रहता है। किसी से बात नहीं करता। कुछ तो है, जो तू हम सब से छिपा रहा है। दिल की बात कहने से बोझ हल्का होता है। दिल में रखेगा तो हमें पता कैसे चलेगा कि हमारे दोस्त की परेशानी क्या है?

Kamal: Sagar, what's the matter? Looking sad! I have been noticing for a few days, you look lost. Something is there, which you are hiding from us. It will relax you if you tell us the matter. If you keep in yourself, how would we know the problem of our friend?

सागर : कभी–कभी लगता है कि ज़िन्दगी मेरे साथ मज़ाक कर रही है। लगता है, भगवान कहीं सो रहा है।

Sagar: Sometimes I feel as if life is making fun of me. Looks as God is sleeping.

कमल : ऐसा क्या हो गया ?

Kamal: What happened? / What happened as such?

सागर : मम्मी की तबियत इतनी खराब हो गई थी कि हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ा। अब तो खैर घर पर ही हैं। हमारी कार पर आग लग गयी। इन्श्योरेंस दो दिन पहले ही खत्म हुआ था, हम अगले दिन करवाने ही वाले थे कि ऐसा हो गया। गाड़ी के जलने पर हमें कुछ नहीं मिल पाया। मेरी जॉब भी छूट गयी। कम्पनी दिवालिया हो गई। 2 महिने की सैलरी भी नहीं पाई।

Sagar: Mom got so ill that we had to admit her in hospital. Though, she is at home now. Our car caught fire. Insurance had ended just 2 days ago and we were about to renew it but this incident occurred. We got nothing at all. I lost my job. Company got bankrupt. I didn't even get 2 months' salary.

कमल : मम्मी अब कैसी हैं?

Kamal: How is mom now?

सागर : अब ठीक हैं।

Sagar: She is better now.

कमल : अबे, सब ठीक हो जायेगा। भगवान जो करता है, उसके पीछे कुछ अच्छा भी छिपा होता है। मुझे यकीन है कि अगले महीने मेरे जन्मदिन पर हम जबरदस्त पार्टी कर रहे होगें। अगर पैसे की कोई दिक्कत है तो बेझिझक माँग लेना।

Kamal: Everything will be alright. Whatever God does, there is something good hidden there as well. I am sure that in the next month, we will be having a grand celebration. If there is a problem of money, don't hesitate at all.

सागर : पैसे से ज्यादा मुझे साथ की ज़रुरत है। तू आया, दिल को अच्छा लगा। थैंक्स दोस्त।

Sagar: I rather need support. You came, I felt better. Thanks mate.

कमल : दोस्ती में थैंक्स नहीं कहते। ये मेरा फर्ज है कि अगर मेरे दोस्त को दिक्कत है, तो मैं साथ दूँ। अगर मैं तेरी जगह होता, तो क्या तू साथ नहीं देता।

Kamal: No thanks in friendship. It was my responsibility that if my friend is in trouble, I help him. Had I been at your place, would you not have stood by.

सागर : हाँ, ये तो है।

Sagar: I know. / You are right. / Of course / obviously.

कमल : चल सुन, ऐसा है आज हम फिल्म देखने जा रहें हैं।

Kamal: Listen, now we are going for a movie, ok?

सागर : थोड़ा पैसे की दिक्कत है।

Sagar: I have a bit problem of money. / My hands are a bit tight.

कमल : पैसे की बात की मैंने? माइन्ड फ्रैश करते हैं। कल मैं तेरी मम्मी से मिलने आ रहा हूँ।

Kamal: Did I talk about money? Let's freshen up our mind. I am coming to see your mom tomorrow.

सागर : थैंक्स यार।

Sagar: Thanks mate.

कमल : तूने हमेशा दूसरों के लिए अच्छा किया। चाहे जो हो, मैं तेरा हमेशा साथ दूँगा। तू मेरा अच्छा दोस्त है, शायद सबसे अच्छा। याद है एक बार तूने कहा था कि अच्छा दोस्त वो है जो जरुरत पर काम आये। शायद आज वो दिन आ गया, और मैं तेरे साथ हूँ।

Kamal: You always did well for others. No matter what, I'll always stand by you. You are a good friend of mine, maybe the best. You remember? Once you had told me "The friend in need is the friend indeed." I guess the day has come, and I am with you.

सागर : याद है।

Sagar: I know. / I remember.

कमल : पर तूने अच्छा नहीं किया, पहले ये सब नहीं बताया। चल छोड़, सारी बातें एक तरफ, अब हम फिल्म देखने जा रहे हैं। थोड़ा हँस भी ले। हँसना सेहत के लिए अच्छा होता है।

Kamal: But I am not very happy with you, you didn't tell me earlier. Anyways, all aside, now we are going for a movie. Now smile a little mate. To smile is good for health.

Conversation – 5 (वार्तालाप – 5)

राम : कैसा है दोस्त ?

Ram : How are you doing mate? / How are you bro?

श्याम : बढ़िया। तू बता।

Shyam: Doing Good, you tell me?

राम : बस सब ठीक है। और क्या चल रहा है ?

Ram: All good. What is going on?

श्याम : बस आज कल पापा के बिजनस में लगा हुआ हूँ । अपनी तरफ से तो मेहनत चल रही है बाकी सब भगवान पर छोड़ दिया है।

Shyam: Nothing special, just into father's business. I am working hard from my end, rest on God.

राम : पापा के बिजनेस के बारे में तूने कभी बताया नहीं ।

Ram: you never told me about your Dad's business!

श्याम : कभी खास मौका नहीं मिला। चल छोड़ ये बता तेरी जॉब कैसी चल रही है ?

Shyam: Never got a chance in fact. Anyways, how is your job?

राम : जॉब ठीक चल रही है। अब तेरा दोस्त मैनेजर बन गया है । यहाँ तक कि मेरी शादी भी तय हो गई है।

Ram: Job is going well. I am a Manager now. Marriage is finalized as well.

श्याम : क्या बात कर रहा है ? मजे ले रहा है क्या ?

Shyam: What are you talking about? Are you kidding me?

राम : मैं मजाक नहीं कर रहा हूँ । सच में ।

Ram: I am not kidding. I am serious.

श्याम : कब ?

Shyam: When is that?

राम : तारीख तय नहीं हुई अभी पर पूरी उम्मीद है दिसम्बर तक ।

Ram: Date is not decided yet, however most probably by December.

श्याम : चलो बढ़िया है। कम से कम डॉस करने का तो मौका मिलेगा ।

Shyam: Wow! At least I will get a chance to dance.

राम : डॉस तो ठीक है पर शौपिंग वगैरह में साथ चलना पड़ेगा तुझे।

Ram: Dance is fine but you will have to go with me for shopping.

श्याम : चल ठीक है कॉल कर देना।

Shyam: It's ok, do call me, okay?

राम : अच्छा चलते हैं अब अंधेरा हो रहा है। सुन मैं कल तेरे घर की तरफ आ रहा हूँ बोल तो पार्टी करें। वैसे भी काफी दिन हो गये हैं।

Ram: Well, let's go now. It is getting dark. Listen, tomorrow I am coming nearby your place. If you say we can have a party, it has anyways been many days.

श्याम : जब मर्जी दोस्त।

Shyam: Anytime mate.

राम : चल मैं कॉल करुँगा। गुड नाइट ।

Ram: Ok, I'll call you up. Good night.

श्याम : अच्छा टेक केयर, गुड नाईट ।

Shyam: Good night mate. Take care.

Conversation – 6 (वार्तालाप – 6)

रोहित : हाय शालिनी। कैसी हो ?

Rohit: Hi Shalini, How are you doing?

शालिनी : आप बताओ ?

Shalini: You tell?

रोहित : ठीक हूँ । अच्छा वो उस दिन मैं तुम्हारे घर आया था ।

Rohit: I am good. Well, I had come to your home the other day.

शालिनी : हाँ पता है। मम्मी ने बताया था कि आपने हमारा कम्प्यूटर ठीक किया था । मुझे तो पता ही नहीं था कि आप एक कम्प्यूटर इंजीनियर हो ।

Shalini: I know. Mom had told me, You had repaired our computer. I had no idea that you are a computer engineer.

रोहित : तुम तो दिखी नहीं वहाँ?

Rohit: I didn't see you there? / You were not seen around?

शालिनी : हाँ वो मैं अपने अंकल के यहाँ थी ।

Shalini: Yeah, Actually I was at my uncle's place.

रोहित : वो कहाँ रहते हैं ?

Rohit: Where does he live?

शालिनी : अगली ही गली में अरे वो जो अंग्रेज़ी सिखाते हैं।

Shalini: In the next street. The one, who teaches English.

रोहित : बिक्रान्त सर ।

Rohit: Ashish Rawat sir!

शालिनी : हाँ वही तो ।

Shalini: Yeah, he is.

रोहित : वो तुम्हारे अंकल हैं ? मुझे नहीं पता था । मैंने उन्हीं से तो अंग्रेज़ी सीखी ।

Rohit: Is he your uncle? I didn't know. He is the one, even I learned English from.

शालिनी : वो बहुत फेमस हो गये हैं अब । उन्होंने करीब 6 साल पहले पढ़ाना शुरू किया था । अब वो करीब 2 लाख रू0 महीना कमाते हैं।

Shalini: He is quite famous now. He had started teaching about 6 years ago. Now he earns around 2 lacs a month.

रोहित : तुमसे एक बात कहूँ। तुम बुरा तो नहीं मानोगी ।

Rohit: Can I say something? Please don't mind.

शालिनी : बोलो।

Shalini: Sure.

रोहित : पता है । मैं कभी कह नहीं पाया तुमसे कि मैं तुम्हें बहुत पसन्द करता हूँ। मैं हमेशा तुम्हारी फैमिली के ऊंचे रूतबे से डरता था। मैं हमेशा सोचता था कि मैं कहूँ पर दिल की बात दिल में ही रह गई। बुरा मत मानना। मैंने सिर्फ वही कहा जो मुझे महसूस हुआ।

Rohit: You know what. I couldn't ever say that I like you. I was always scared of your family's high status. I tried a lot but couldn't courage. Don't mind, okey. I just said what I felt.

शालिनी : मुझे लगता है अब मुझे चलना चाहिए । मैं आपको फोन करूंगी ओके।

Shalini: I think I must leave now. I'll call you, okey.

रोहित : ठीक है।

Rohit: Alright.

शालिनी : बाय ।

Shalini: Bye.

Conversation – 7 (वार्तालाप – 7)

टीचर : बच्चों, आज हम एक नया टॉपिक पढने वाले हैं। अच्छा बताइए, पिछली क्लास में मैंने जो पढ़ाया था। क्या आप सबको समझ आ गया ?

Teacher : Students, today we are going to learn a new topic. But tell me, whatever I had taught in the last class, did you all understand?

प्रिया : सर दूसरा प्रश्न समझ नहीं आ रहा था। मैने दोबारा पढ़ा और फिर अपने बड़े भैया से पूछा, तब जाकर कहीं समझ आ पाया।

Priya : Sir, I had not understood the second question. I revised and asked my brother, and then finally I could understand.

सोहन : सर, मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ। मुश्किल तो लगा पर फिर भी मैंने कर लिया। अच्छा सर, एक बात पूछनी थी, वो जो चौथा प्रश्न था, उसमें A की वैल्यू 10 रखनी थी न ? मैंने 10 रखकर किया तो हो गया।

Sohan : Sir, the same thing happened with me. Even, I found difficulty but then finally solved it. Sir, I had to ask you one thing; in the 4th question, A's value was 10, wasn't it? because I put 10 and it was solved.

टीचर : रखनी तो 10 ही थी पर क्यों ? कौन बता सकता है आप में से ?

Teacher : Yes, You had to put 10 but why? Who among you can answer?

रोहन : सर A की वैल्यू 10 इसलिए रखनी थी क्योंकि A, B और C के योग के बराबर है। B है 3 और C है 7 तो हो गया 10.

Rohan : Sir, it's because A equals to B+C. B is 3 and C is 7 so it makes 10.

टीचर : बिल्कुल सही। चलो ठीक है, अब ऐसा करते हैं नया चैप्टर पढ़ने के बजाय कल वाले को ही दोहराते हैं। ज़्यादा बेहतर समझ आ जाएगा।

Teacher : Absolutely correct. All right, now what we do is, rather than going for the new chapter, let's revise the yesterday's one. It will develop better understanding.

बच्चे : ठीक है सर।

Children : Ok sir.

Conversation – 8 (वार्तालाप – 8)

रोहन : हैलो सोहन कैसे हो ?

Rohan : Hello Sohan, how are you?

सोहन : ठीक हूँ और आप बताओ ? कल जिम आये थे क्या ?

Sohan : I am good. What about you? Had you come to gym yesterday?

रोहन : नहीं, मुझे कहीं किसी काम से बाहर जाना पड़ा।

Rohan : No in fact, I had to go somewhere for some work.

सोहन : ठीक है, फिर चलो साथ में मिलकर जिम करते है। अकेले में जिम ठीक तरह से नहीं हो पाता।

Sohan : All right then, let's exercise together. It is not effective alone.

रोहन : ठीक है। वैसे तुम्हारी बॉडी में फर्क तो दिख रहा है। और क्या खा रहे हो आजकल ?

Rohan : Not bad. By the way, I can see the improvement in your body. What are you having/eating these days?

सोहन : 4 केले लेता हूँ सुबह दूध के साथ। अण्डे भी चल रहे हैं। खाने का ध्यान रखता हूँ।
Sohan : 4 bananas with milk in the morning. Eggs too. I am concerned about diet.
रोहन : चलो अब दूसरा सेट मारते हैं।
Rohan : Let's take another set now.
सोहन : कम सपोर्ट देना ।
Sohan : Support less.
रोहन : आज के लिए इतना बहुत है। कल मिलते हैं।
Rohan : It's good enough for today. See you tomorrow.
सोहन : ठीक है कल समय पर आ जाना।
Sohan : Ok then, come in time tomorrow.

Conversation – 9 (वार्तालाप – 9)

सलीम : क्या कर रहा है?
Saleem : What's up mate?
सलमान : कुछ खास नहीं । खाना बना रहा हूँ।
Salman : Nothing special. Preparing food.
सलीम : एक बात बता। जब भी कॉल करो तू या तो खाना बना रहा होता है या फिर बर्तन या कपड़े धो रहा होता है। बात क्या है ?
Saleem : Tell me one thing. Whenever I call, you are either preparing food, washing utensils or washing clothes. What's the matter mate?
सलमान : अकेले आदमी के साथ ये परेशानी तो होती ही है।
Salman : A man alone obviously has such a problem.
सलीम : हाँ। ये बात तो सही है। जब मैं घर से अलग रहता था। तो मैं भी समय नहीं निकाल पाता था। पूरा दिन घर के कामों में निकल जाता था।
Saleem : You are right. When I lived separate, even I wasn't able to have a spare time. The whole day was busy into household work.
सलमान : कोई बात नहीं। समय–समय की बात है। और वैसे भी कुछ दिनों की बात है। उसके बाद तो मैं घर ही जा रहा हूँ, फिर मजे करूँगा।
Salman : Not to worry. It's just a matter time. And anyways, it is a matter of only a few days. Then I am going my hometown, I would enjoy.
सलीम : मेरे बिना मज़े, पॉसिबल ही नहीं है। वहाँ पर कोई खास दोस्त है मेरी तरह जो तुझे हँसाये।
Saleem : Enjoy without me is impossible. Is there any such friend as I am, who makes you enjoy?
सलमान : है तो नहीं। पर घरवालों के साथ टाइम पास हो जाता है। बहन का छोटा बच्चा भी तो है। उसके साथ खेलता हूँ तो समय का पता ही नहीं चलता।
Salman : Not really but time is killed with family members. My sister's little baby is there too. I play with her/him, time just flies.
सलीम : तू घर चला जायेगा तो मैं अकेला हो जाऊँगा। तेरी याद बहुत आयेगी दोस्त। तुझसे मिलने आया करूँगा कभी–कभी, जब भी टाइम मिलेगा।
Saleem : You'll go home, I'll be alone. I will miss you a lot friend. I'll come to see you sometimes, whenever I'll get time.
सलमान : मैं भी कभी–कभी आ जाऊँगा।
Salman : Even, I'll visit sometimes.
सलीम : चल ठीक है। खाना बन गया?
Saleem : Leave it. Is the food prepared now?
सलमान : बन ही गया बस।
Salman : Almost done.
सलीम : खाने के बाद फोन करना। ठीक है। बाय।
Saleem : Call me after having food, ok? all right then. Bye.

Conversation – 10 (वार्तालाप – 10)

राजू : नमस्ते साहब जी।
Raju : Namaste, Sahab ji.
मि0 गोयल : नमस्ते राजू। कार साफ कर ली ?
Mr. Goyal : Namaste, Raju. Have you cleaned the car?
राजू : साहब जी। कार तो साफ कर दी। पर एक बात है जो मुझे परेशान कर रही है। मेरी मम्मी की तबीयत बहुत खराब है। उन्हें पेट में रोज़ दर्द हो जाता है। तीन डॉक्टरों को दिखा चुके है। सबने दवाइयाँ भी दी पर कोई फायदा नहीं हुआ। मैं उन्हें हॉस्पिटल ले के गया था। वो कहते हैं कि ऑपरेशन होगा। ऑपरेशन का खर्चा करीब 50000 है। साहब जी, मेरी समझ में नहीं आ रहा है कि मैं क्या करुँ । मेरे पास मुश्किल से 30000 ही हो पाये हैं। मेरे पापा भी ज़िन्दा नहीं हैं। वरना वो कुछ मदद कर देते।
Raju : Sahab ji. I have cleaned the car. But there is something that is bothering me. Actually, my mom is too ill. She gets stomachache every day. I have consulted three doctors. All recommended medicines but of no avail/use. I had taken her to hospital. They say, it needs to be operated. It would cost around Rs. 50000. Sahab ji, I can't understand what to do. I could only manage 30000. My father is no more either otherwise he would have helped a bit.
मि0 गोयल : राजू, तुम चिन्ता मत करो। ऐसा करो, 20000 मैं दे देता हूँ। चलो 25000 ले लो। पहले मम्मी का इलाज़ कराओ। जब कभी तुम देने की हालत में होगे तो दे देना। कोई जल्दी नहीं। अगर और ज़रूरत पड़े तो बेझिझक मॉग लेना। तुम मेरे बेटे की उम्र के हो। सब ठीक हो जाएगा।
Mr. Goyal : Raju, you don't worry. Do one thing, I give you 20000. Rather take 25000. First, get your mom cured. Whenever you will be in a position to return, it's fine, not to hurry. If you need more, don't hesitation. You are my son's age. Everything is going to be alright.
राजू : मै आपका अहसान कभी नही भूलूँगा।
Raju : I'll remain indebted to you. / I'll never forget your help.
मि0 गोयल : कहने की जरूरत नहीं। चलो छोड़ो, चलो मेरे साथ। ए टी एम से अभी निकाल लेता हूँ।
Mr. Goyal : Mention not. Anyways, come with me. I withdraw from ATM right away.

Conversation – 11 (वार्तालाप – 11)

रोहन : पापा, मम्मी कहाँ है ?
Rohan : Dad, where is mom?
पापा : बेटे, मम्मी शायद किचन में है।
Dad : I think she is in kitchen.
रोहन : पर, मम्मी वहाँ नहीं दिख रही हैं। मैंने हर जगह देखा, मम्मी कहीं नहीं हैं।
Rohan : But I can't see mom there. I have seen everywhere, she is nowhere.
पापा : अरे मुझे ध्यान आ गया, मम्मी ने कहा था कि वो शायद मार्केट जायेगी। शायद वो चली गई होगी। वैसे फोन करके देखो, रोहन।
Dad : Oh, I remember, she had told me that she would go to market. She might have left. Call her up.
रोहन : पापा आपका मोबाईल कहाँ है। मिल नहीं रहा।
Rohan : Dad, where is your mobile. I can't find it.
पापा : सीमा, आप मोबाइल पर गेम खेल रहे थे न ? कहाँ है ?
Dad : Seema, you were playing game on mobile, weren't you? Where is it?
सीमा : मैंने यहीं पर तो रखा था।
Seema : I had kept it here only.
रोहन : पर यहाँ तो है नहीं।
Rohan : But it's not here.
सीमा : शायद मैंने किचन में रखा था। देखने दो।
Seema : Probably I had put it there in the kitchen. Let me check.

रोहन : हाँ यहीं है।
Rohan : yeah, it's here.
पापा : चलो फोन कर लो।
Dad : Now you call.
रोहन : हैलो मम्मी, मम्मी आप मार्केट के लिए निकल गये?
Rohan : Hello mommy/mom/mummy, have you left for market?
मम्मी : नहीं बेटा, मैं तो पड़ोस में बैठी हूँ। आंटी अपने बेटे के जन्मदिन की तैयारी कर रही हैं। जन्मदिन आज शाम को मनाया जायेगा। थोड़ा मदद कर रही हूँ। कोई खास बात?
Mummy : No honey, I am at the neighbor's home. Aunty is preparing for her son's birthday. It is to be celebrated in the evening today. I am helping her. Any problem?
रोहन : हाँ वो मुझे घड़ी नहीं मिल रही थी।
Rohan : Actually, I could not find the watch.
मम्मी : तकिये के नीचे है। याद नहीं कल सीमा जब छेड़ रही थी तो मैंने छिपा दी थी।
Mummy : Underneath the pillow. Don't you remember, yesterday when Seema was playing with it, I had hidden.
रोहन : हाँ याद आ गया। अच्छा मम्मी, रख रहा हूँ।
Rohan : Oh yes. I remember now. Ok mom, I hang up.
मम्मी : रोहन बेटा, पापा को कहो, पाँच मिनट में आ रही हूँ। फिर ब्रेकफास्ट करते हैं।
Mummy : Rohan, tell the Dad, I am coming in 5 minutes. We'll have b'fast then.
रोहन : ठीक है मम्मी। बाय। पापा मम्मी 5 मिनट में आ रही है। बगल में आंटी के साथ है।
Rohan : Ok mom. Bye. Dad, Mom is coming in 5 minutes. She is with neighbor aunty.
पापा : ठीक है। बहुत बढ़िया।
Dad : Ok. That's fine.

Conversation – 12 (वार्तालाप – 12)

बहन : भैया मेरे, राखी के बंधन को निभाना। (गाते हुए)
Sister : Bhaiya mere, Rakhi ke bandhan ko nibhana. (sings)
भैया : मज़ाक मत कर। फटाफट राखी बाँध दे।
Brother : Don't make fun. Hurry up and tie the Rakhi.
बहन : भैया, मेरे लिए आपके पास कभी समय रहता है ? हमेशा जल्दी में रहते हो।
Sister : Bhaiya, do you ever have time for me. You are always in a hurry.
भैया : बच्चे, आज में यहीं घर पर हूँ। तू राखी तो बाँध, फिर देख मेरा सरप्राइज़।
Brother : Sweetheart, I am very much here at home today. You tie and see the surprise.
बहन : लगता है आज कुछ ज़्यादा पैसे मिलने वाले हैं।
Sister : Looks as I am going to get good amount of money today.
भैया : वक्त का इन्तज़ार तो कर।
Brother : Well, just wait for the right time honey.
बहन : ये लीजिए मेरे प्यारे भैया। बाँध दी राखी। और अब आप खाइए ये मिठाई जो मैंने प्यार से आपके लिए बनाई है।
Sister : Here it is, my dear brother. It's done. Now you eat the sweets that I've prepared for you with love.
भैया : ये तूने खुद बनाई है। विश्वास नहीं हो रहा।
Brother : You made it yourself, hard to believe.
बहन : मतलब, आपको मेरी काबिलियत पे शक है।
Sister : That means you doubt on my abilities.
भैया : मज़े ले रहा हूँ।
Brother : I am just kidding honey.
बहन : आप हमेशा मेरा दिल तोड़ देते हो।
Sister : You always hurt me bro.

भैया : अच्छा मेरी बहन, ये ले तेरा सरप्राइज़ गिफ्ट।

Brother : I am sorry sweet heart, here is your surprise gift.

बहन : ये क्या है ?

Sister : What's this?

भैया : खोल के तो देख।

Brother : Open and see.

बहन : भैया, ये तो ऐपल का मोबाइल है। कितने का है भैया ? ये तो बहुत मंहगा होगा।

Sister : Bhaiya, this is Apple's mobile. How much for? It must be expensive.

भैया : मेरी बहन के सामने मेरे लिए कोई चीज़ मंहगी नहीं। ये मंहगी है पर तू अनमोल है।

Brother : Nothing is expensive for me than you are. It's costly but you are precious.

बहन : थैंक्यू भैया। आप दुनिया के सबसे अच्छे भाई हो। वैसे भैया, बताओ न कितने का है ?

Sister : Thank you so much bhaiya. You are the greatest brother in the world. By the way, how much did it cost you?

भैया : ये 48000 रू0 का है।

Brother : It's for Rs. 48000. / It cost me 48k.

बहन : भैया, इतना मंहगा। पर भैया, इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता।

Sister : My god, so costly! But Bhaiya, it's amazing.

भैया : मेरे लिए तुझसे बेहतर कुछ नहीं।

Brother : For me, nothing matters more than you.

बहन : भैया, मैं आपसे बहुत प्यार करती हूँ।

Sister : Bhaiya, I love you so much.

भैया : मैं भी। एक बात और, आज डिनर के लिए बाहर जायेंगे। तू अपना मनपसन्द खाना खाने वाली है। मम्मी हम सब करीब 8 बजे निकलेंगे। पापा को भी मना लेना जल्दी आने के लिए।

Brother : I love you too honey. One more thing, tonight we'll have dinner outside. You are going to have your favourite food today. Mom, we all will leave at about 8. Convince dad as well to come early.

मम्मी : ये मुझ पर छोड़ दो। पापा वही करेंगे जो आपकी मम्मी चाहेंगी।

Mummy : Leave it on me. Dad is going to follow what your mom says.

Conversation – 13 (वार्तालाप – 13)

शान्ति : मम्मी ने उस दिन तुम्हें कुछ दिया था है न ?

Shanti : Mom had given you something that day, hadn't she?

रूचि : नहीं, उन्होंने दिया नहीं था बल्कि देने वाली थी। वो तो मैंने ही मना कर दिया था।

Ruchi : Not really, she was giving me in fact but I had refused to take.

शान्ति : क्या दे रही थीं वह ?

Shanti : What was that?

रूचि : हुआ ये कि उन्होंने मेरे भैया से कुछ किताबें मँगवायी थीं। भैया ने उन्हें उन किताबों की कीमत बताई थी। वो उसी के पैसे दे रही थी। मैंने मना इसलिए किया क्योंकि भैया को अचानक बैंगलोर जाना पड़ा। उनके एक दोस्त की तबियत बहुत खराब है। जिसकी वजह से वो किताबें नहीं ला पाये। और ये जानते हुए कि वो तब तक किताबें नहीं ला सकते, जब तक वापस न आ जायें और ये भी पता नहीं कि वो कब तक आयेंगे, मैंने पैसे लेने से मना कर दिया।

Ruchi : In fact, she had asked my brother to bring a few books. Bhaiya had told her about the total cost. She was giving me money for it but I denied because Bhaiya had to suddenly leave for Banglore. One of his friends is pretty ill due to which he couldn't bring the books. And knowing that he can't buy the books unless he returns, moreover it is not confirmed when he would return, I just didn't take the money.

शान्ति : तुम्हारे भैया जॉब नहीं करते क्या ?

Shanti : Doesn't your brother work?

रूचि : अरे, उनका अपना गारमेन्ट्स का बिज़नेस है। उनके नीचे करीब 20 लोग काम करते हैं। एक मैनेजर भी है जो उनके न होने पर सारा काम देखता है। इसलिए कोई खास फर्क नहीं पड़ता। जब उनकी शादी हुई थी तो वो करीब एक महीने हमारे देहरादून वाले फार्म हाऊस में रहकर आये थे।

Ruchi : Well, he has his own business of Garments. There are about 20 people working under him. There is a manager too who supervises everything in his absence. So, it doesn't matter much. When he had got married, He had gone to our Dehradun's farm house and stayed there for about a month.

शान्ति : उनका सही है। मजे है। काश कि मेरा भी ऐसा ही कुछ काम होता, तो जॉब करने की ज़रूरत ही न होती।

Shanti : His is good. He must be enjoying himself. I wish if I had this sort of business too, there wouldn't have been a need of job.

रूचि : पर बिजनेस में भी कई परेशानियाँ होती है।

Ruchi : But there is tension in business too.

शान्ति : हाँ पता है। चलो छोड़ो ऑफिस जाना है। मैं निकलती हूँ। बाय।

Shanti : I know. Anyways, I have to go to office. I leave now. Bye.

Conversation – 14 (वार्तालाप – 14)

प्रोफेसर : राहुल, मुझे तुमसे कुछ ज़रुरी बात करनी है। यूनिवर्सिटी की इस साल की प्लेस्मेन्ट के बारे में हम सोच रहे थे। मुझे दुख है कि तुम्हारी तरफ से अभी तक कुछ भी पॉजिटिव रिजर्ट नहीं मिल पाया है। मुद्दा ये है कि तुम्हारी प्लेस्मेन्ट कहाँ की जाए ?

Professor : Rahul, I have to talk something important with you. We were thinking about the university's this year's placement. I am sorry that there are no as such positive results coming from your end. The concern is your placement?

राहुल : सर मेरी पहली पसन्द है ऐपल इनकॉरपोरेशन। इसके अलावा मैं किसी कम्पनी के बारे में नहीं सोच रहा।

Rahul : Sir, my first choice is Apple Inc. I am not even thinking about any other.

प्रोफेसर : पर राहुल, प्लेस्मेन्ट के लिए कम्पनियाँ अगले महीने ही आ रही हैं। आपकी रिसर्च अभी तक कोई निष्कर्ष नहीं निकाल पायी है।

Professor : But Rahul, companies are coming next month and your research has not concluded anything as yet.

राहुल : सर मैं पूरी मेहनत कर रहा हूँ। मुझे उम्मीद है कि मेरा रिसर्च जल्द ही मुझे कुछ न कुछ रिजर्ट देगा।

Rahul : Sir, I am trying the best. I am optimistic about having something soon.

प्रोफेसर : पर राहुल, ये काफी नहीं है।

Professor : But Rahul, it's not good enough.

राहुल : हर बड़ी उपलब्धि वक्त लेती है।

Rahul : An achievement needs time.

प्रोफेसर : मुझे लगता है कि तुम्हें दोबारा सोचना होगा। हो सकता है, तुम्हारी उम्मीद इस रिसर्च से व्यवहारिक न हो।

Professor : I guess you'll have to re-think. Maybe, your optimism is not practical.

राहुल : सर, जब एडिसन ने बल्ब के बारे में सोचा होगा तो क्या उसके समय के लोगो ने उसकी काबिलियत पर शक नहीं किया होगा। सफलता का मतलब ये तो नहीं कि कभी असफलता न मिले।

Rahul : Sir, when Adison thought about the bulb, wouldn't his contemporaries have doubted his abilities. Success doesn't mean the absence of failure.

प्रोफेसर : राहुल, मुझे तुम पर विश्वास है पर.....

Professor : Rahul, I believe in your abilities but.....

राहुल : सर, आप चिन्ता न करें। मैं कोई कसर नहीं छोड़ूँगा।

Rahul : Sir, don't worry. I'll leave no stone unturned.

Conversation – 15 (वार्तालाप – 15)

मुसाफिर 1 : ये सीट खाली है क्या ?

Passenger 1 : Is this seat vacant?

मुसाफिर 2 : हाँ जी, खाली है।

Passenger 2 : Yes, it is.

मुसाफिर 1 : खड़े–2 थक गया था। चलो, सीट मिल गयी।
Passenger 1 : I was tired of standing. Finally, got the seat.
मुसाफिर 2 : सीट मिलना इस रुट की बस में थोड़ा मुश्किल होता है। लम्बा रुट है और दूसरी बात, इस बस की सेवायें भी कम हैं।
Passenger 2 : Getting a seat is a bit difficult in this route. The route is long and another thing is that bus service in this route is not frequent.
मुसाफिर 1 : सही में। मैं पिछले 3 महीने से इस बस में जा रहा हूँ और जहाँ तक मुझे याद है शायद 10–12 बार ही मुझे सीट मिली होगी। मैं इसकी अगली बस में इसलिए नहीं जा सकता क्योंकि वो एक घंटे बाद निकलती है। मैं ऑफिस के लिए लेट हो जाऊँगा।
Passenger 1 : True. I've been travelling by this bus for last 3 months and as far as I remember, I think only 10-12 times I would have got the seat. I can't go by next bus because that departs after an hour. I'll get late for office.
मुसाफिर 2 : यही मेरे साथ भी है। मैं तो ये सोच रहा हूँ कि ऑफिस के आस पास ही कहीं घर ले लूँ। समय की बचत भी होगी और रोज़–2 की इस परेशानी से छुटकारा भी मिल जाएगा।
Passenger 2 : Same with me. I am rather thinking to purchase a house somewhere near my office. It would not only save time but also get me rid of this troublesome of commutation.
मुसाफिर 1 : यही बात मेरी बीवी भी कह रही थी पर मेरे साथ दिक्कत ये है कि ऑफिस के आसपास घर लेना कोई आसान नहीं है। पैसे की थोड़ा दिक्कत है। खैर, 2 साल के अन्दर ले ही लूँगा।
Passenger 1 : The same thing even my wife was telling me but it is not that easy. There is a bit trouble of money. I must purchase in 2 years.
मुसाफिर 2 : उम्मीद पे दुनिया कायम है। मेरा स्टैन्ड तो आ गया। फिर मिलेंगे।
Passenger 2 : Hope for the best. Here comes my stand. See you again.
मुसाफिर 1 : अच्छा जी।
Passenger 1 : Alright then.

Conversation – 16 (वार्तालाप – 16)

फोन बजता है। राहुल फोन उठाता है। (Phone rings. Rahul picks up the phone.)

राहुल : हैलो।
Rahul : Hello?
राकेश : क्या मैं राहुल से बात कर सकता हूँ ?
Rakesh : Could I speak with Rahul?
राहुल : बोल रहा हूँ। कौन बोल रहा है ?
Rahul : speaking. Who is this? / Who is calling?
राकेश : अन्दाज़ा लगा। आवाज़ पहचान ?
Rakesh : Guess. Recognize the voice.
राहुल : भाई, बताओ कौन है ? मै कुछ काम कर रहा हूँ। थोड़ा व्यस्त हूँ।
Rahul : Bro, Tell me who this is? I am working and a bit busy.
राकेश : हद हो गई। पहचान भी नहीं पा रहा।
Rakesh : Not fair. Can't you recognize?
श्राहुल : कौन, विकास ?
Rahul : Is it Vikas?
राकेश : विकास नहीं। याद है गले मिलना और रोना।
Rakesh : Not Vikas. You remember, hug and cry.
राहुल : अबे राकेश।
Rahul : Oh my god, Rakesh?
राकेश : हाँ जी सरकार।
Rakesh : Yes sir.
राहुल : कहाँ है तू ? ये तेरा नम्बर है ?
Rahul : Where are you mate? Is it your number?

राकेश : हाँ मेरा ही है।

Rakesh : Yep, it's mine.

राहुल : तू कहाँ चला गया था ? मैंने तुझे हर जगह ढूँढा, तेरा फोन भी बन्द था। मैंने मैसेज भी किये पर तूने एक भी रिप्लाय नहीं किया।

Rahul : Where were you gone? I searched you everywhere, even your phone was switched off. I even messaged but you didn't even bother to reply once.

राकेश : बात ही कुछ परेशानी की हो गयी थी।

Rakesh : I was in trouble.

राहुल : एक बात बता। तेरी हर परेशानी को मैंने अपना समझा। तू मुझे कहता। अगर मैं कुछ न भी कर पाता तो भी कम से कम तेरा साथ तो देता।

Rahul : Tell me one thing. I always stood by you in difficult times. You must have told me. I could've atleast helped you.

राकेश : जानता हूँ दोस्त, तू बहुत नाराज है। पर मैं अपनी परेशानी में तुझे भी घसीटना नहीं चाहता था।

Rakesh : I know mate, you are not happy with it. But I didn't want to drag you in it.

Conversation – 17 (वार्तालाप – 17)

Customer : Good morning.

ग्राहक : नमस्ते।

Banker : Very good morning sir. How can I help you?

बैंक कर्मी : नमस्ते सर। मैं आपकी क्या मदद कर सकता हूँ?

Customer : Sir, I have to deposit some money into my loan account but first of all, I want to know the outstanding balance in my account.

ग्राहक : सर, मुझे अपने लोन खाते में कुछ पैसे डालने हैं लेकिन पहले अपने खाते की बकाया राशि के बारे में जानना चाहता हूँ।

Banker : It's only Rs. 82563/-

बैंक कर्मी : केवल 82563/- रु।

Customer : How come? Sir I had deposited 500/- last month.

ग्राहक : कैसे! सर मैंने पिछले महीने इसमें 500 रु जमा किये थे।

Banker : Sir, let me check your account? May I have your account number please?

बैंक कर्मी : सर, मुझे आपका खाता चैक कर लेने दीजिए? कृपया अपना खाता संख्या बताइए?

Customer : Sure, it's 50124562136.

ग्राहक : बिल्कुल, 50124562136.

Banker : Thank you. Let me check.

बैंक कर्मी : धन्यवाद। देख रहा हूँ।

Customer : Sir, can you provide me account statement too?

ग्राहक : सर, क्या आप मुझे खाते का स्टेटमेंट दे सकते हैं?

Banker : Sure. Well I can see that you deposited Rs. 500/- last month, then your outstanding remained 81961/- but on 31st of last month, interest of Rs. 602/- debited from your account, hence your present outstanding is Rs. 82563/-.

बैंक कर्मी : क्यों नहीं। सर मैं देख रहा हूँ कि आपने पिछले महीने इसमें 500 रु जमा किये थे, उसके बाद आपका बकाया 81961 रु हो गया था लेकिन पिछले महीने की 31 तारीख को 602 रु ब्याज लगा इसीलिए आपका बकाया इस वक्त 82563 रु है।

Customer : Oh yes, I didn't think about the interest.

ग्राहक : अरे हाँ। मैंने ब्याज के बारे में नहीं सोचा।

Banker : It's ok sir. We are sitting here to clarify your doubts.

बैंक कर्मी : कोई नहीं सर। हम यहाँ आपके डाउट्स को दूर करने के लिए ही बैठे हैं।

Customer : Thanks a lot. Kindly provide me the statement too.

ग्राहक : बहुत–2 धन्यवाद। कृपया मुझे स्टेटमेंट भी दे दीजिए।

Banker : Here it is.

बैंक कर्मी : ये लीजिए सर।

Customer : Thank you.
ग्राहक : धन्यवाद।
Banker : By the way, sir I saw you in Haldwani on Sunday.
बैंक कर्मी : वैसे सर मैंने आपको संडे के दिन हल्द्वानी में देखा था।
Customer : I went there for some work. Where did you see?
ग्राहक : मैं कुछ काम से वहाँ गया था। आपने कहाँ देखा ?
Banker : Near JK showroom.
बैंक कर्मी : जे के शोरुम के पास।
Customer : Yeah, I was there.
ग्राहक : हाँ, मैं वहाँ था।
Banker : Anything else can I help you with?
बैंक कर्मी : कुछ और हैल्प की ज़रुरत हो तो बताइए सर?
Customer : That's all. Thank you.
ग्राहक : नहीं बस। थैंक्यू।
Banker : Thank you sir.
बैंक कर्मी : थैंक्यू सर।

Conversation – 18 (वार्तालाप – 18)

बस कन्डक्टर : दिल्ली जाने वाले यात्री कृपया यहाँ आईए।(चिल्लाते हुए)
Bus Conductor : Passengers going to Delhi come here. (Shouting)
अमन : भाई साहब ये बस दिल्ली जा रही है क्या ?
Aman : Bhai sahib, is this bus going to Delhi?
बस कन्डक्टर : हाँ ये बस दिल्ली जा रही है।
Bus Conductor : Yes it is.
अमन : यहाँ से कितने बजे चलेगी?
Aman : When will it depart?
बस कन्डक्टर : बस थोड़ी ही देर में चलने वाली है।
Bus Conductor : it's leaving in a moment.
अमन : अच्छा। मुझे गाज़ियाबाद जाना है।
Aman : I see. I've to go Ghaziabad.
बस कन्डक्ट : हाँ ये बस गाज़ियाबाद होते हुए दिल्ली जाएगी।
Bus Conductor : It'll go to Delhi via Ghaziabad.
अमन : कितना किराया है ?
Aman : How much is the fare?
बस कन्डक्टर : एक आदमी का 250 किराया है, आप कितने लोग हो ?
Bus Conductor : Rs. 250 per head, how many are you?
अमन : मैं अकेला ही हूँ।
Aman : I am only one.
बस कन्डक्टर : अच्छा ठीक है। आप टिकट ले लीजिए।
Bus Conductor : Ok. Buy the ticket.
अमन : भाई साहब यहाँ से दिल्ली तक का 250 किराया है और मुझे गाज़ियाबाद ही जाना है।
Aman : Bhai sahab, fare to Delhi is Rs. 250 but I've to only go up to Ghaziabad.
बस कन्डक्टर : दिल्ली जाओ या गाज़ियाबाद जाओ, किराया इतना ही लगेगा।
Bus Conductor : Whether you go Delhi or Ghaziabad, fare is the same.
अमन : कुछ समझ नहीं आई बात!
Aman : I didn't understand the logic!
बस कन्डक्टर : बहस मत करिए।
Bus Conductor : Don't argue.
अमन : ठीक है फिर ये लो पैसे, टिकट दे दो।
Aman : Fine, Here is the money, give me a ticket.

बस कन्डक्टर : ये लीजिए।
Bus Conductor : Here it is.
अमन : भाई साहब सीट तो है न ?
Aman : Seat is available?
बस कन्डक्टर : हाँ सीट खाली है। आप 34 न0 सीट पर बैठ जाइए।
Bus Conductor : Yes it is. Go to seat no. 34.
अमन : ठीक है।
Aman : Alright.

Conversation – 19 (वार्तालाप – 19)

Manager is talking to Pooja, his employee. (मैनेजर अपनी कर्मचारी पूजा से बात कर रहें हैं।)

Manager : Pooja, I have been noticing for last few days, you are not taking job seriously.
मैनेजर : पूजा, पिछले कुछ दिनों से देख रहा हूँ कि तुम अपनी जॉब को गंभीरता से नहीं ले रही हो।
Pooja : No sir, it's nothing like that. In fact sir, I am pretty disturbed these days. I've certain family issues.
पूजा : नहीं सर, ऐसा नहीं है। वास्तव में, इन दिनों मैं काफी परेशान हूँ। कुछ पारिवारिक समस्याएं हैं।
Manager : Pooja, you have always been a star performer. I want you to perform your best irrespective of the personal issues.
मैनेजर : पूजा, तुम हमेशा से एक स्टार परफार्मर रही हो। भले ही निजी समस्याएं हों पर मैं चाहता हूँ कि तुम अपनी बेहतरीन परफार्मेंस दो।
Pooja : Sir, I promise to continue my good work. But sir, I have a request...
पूजा : सर, मैं अच्छा काम करते रहने का वादा करती हूँ पर आपसे एक गुज़ारिश है....
Manager : Tell me.
मैनेजर : बताओ।
Pooja : sir, I was thinking if I could get few days leave.
